सुविचार
'जिंदगी एक ही बार मिलती है। अगर आप इसे सही तरीके से जिएं, तो एक बार ही काफी है।'

कुल पेज 16, मूल्य ₹ 6.00
वर्ष 19, अंक 318

# दैनिक भास्कर

देश का नंबर 1 अखबार

सच्ची बात, बेधड़क

| | | | |
|---|---|---|---|
| सेंसेक्स | 74,649.84 | | +382.50 |
| डॉलर | 95.36 | | +0.17 |

| तापमान (डिग्री सेल्सियस) | अधिकतम | न्यूनतम | आज का अनुमान (अधिकतम) |
|---|---|---|---|
| दिल्ली | 37.7 | 26.8 | 38.0 |
| मुंबई | 36.4 | 28.6 | 35.0 |

देश में सबसे गर्मः खम्मम (तेलंगाना) 43°

नई दिल्ली, बुधवार, 3 जून, 2026 | द्वितीया ज्येष्ठ (अधिक), कृष्ण पक्ष-तृतीया, 2083 | 12 राज्य 61 संस्करण

**पॉजिटिव न्यूज़**

## अफसर ने लौटाई 60 सूखे गांवों की हरियाली



**पुणे**| महाराष्ट्र के सूखा प्रभावित मान-खटाव क्षेत्र में जल संरक्षण की पहल ने हजारों लोगों के जीवन में नई उम्मीद जगा दी है। कभी पानी की कमी, पलायन और फसल बर्बादी के लिए पहचाने जाने वाले इस इलाके में अब खेत लहलहा रहे हैं। भूजल स्तर भी सुधरा है। आयकर आयुक्त डॉ. नितिन वाघमोड़े ने वर्ष 2014 में जल संरक्षण अभियान शुरू किया। कंटूर ट्रेंच, खेत तालाब, नालों का पुनर्जीवन, जलाशयों की गाद निकासी, छोटे बांध और पौधरोपण जैसे काम किए। ग्रामीणों को सक्रिय भागीदार बनाया। धीरे-धीरे असर दिखने लगा। करीब 60 गांवों और 80 हजार लोगों को लाभ मिला। सूखे पड़े कुएं फिर से भरने लगे, भूजल स्तर बढ़ा और किसान दो से तीन फसलें लेने लगे। डॉ. वाघमोड़े को वर्ष 2019 में जल शक्ति मंत्रालय ने 'वाटर वॉरियर्स' के रूप में सम्मानित किया।

**अमेरिका Vs ईरान**

### ईरान की चेतावनी के बाद नेतन्याहू पर भड़के ट्रम्प...

पढ़ें | देश-विदेश

**20 दिन बाद केंद्र का बड़ा एक्शन** • ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम की जांच के लिए कमेटी गठित

# CBSE; 17 साल के सार्थक ने 7 पेज का प्रजेंटेशन दिया, चेयरमैन-सचिव हटाए गए

**भास्कर लगातार**


सीबीएसई 12वीं; साइंस के छात्रों को नुकसान, IIT-NIT के सपने बिखरे — 15 मई
पहली बार... 3 घंटे में 7% छात्र री-इवैल्युएशन को आए, फिर आंकड़े देना बंद... वैसे कुल 3% आते थे — 23 मई
CBSE; री-इवैल्युएशन कैसे कराएं? 5 दिन से साइट डाउन — 24 मई
CBSE; हर चौथे छात्र ने स्कैन कॉपी मांगी, किसी भी बोर्ड में ऐसा पहली बार — 27 मई
आरोपः OSM का काम ब्लैकलिस्टेड कंपनी को; CBSE ने कहा-ये झूठ — 28 मई



संसदीय समिति के सामने प्रजेंटेशन देने के लिए पहुंचे 12वीं के छात्र सार्थक (बाएं)।

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

सीबीएसई 12वीं की परीक्षा प्रक्रिया में बड़ी लापरवाही सामने आने के बाद केंद्र सरकार ने सीबीएसई चेयरमैन राहुल सिंह और सचिव हिमांशु गुप्ता को पद से हटा दिया है। आईएएस लोखंडे प्रशांत सीताराम को नया सीबीएसई चेयरमैन और वरुण भारद्वाज को सचिव नियुक्त किया गया है। संसदीय समिति के सामने 12वीं के छात्र 17 वर्षीय सार्थक सिद्धांत के प्रजेंटेशन के ठीक बाद यह एक्शन लिया गया। उस बैठक में चेयरमैन राहुल और सचिव हिमांशु भी मौजूद थे। सार्थक ने अपने निष्कर्षों की सात पन्नों की प्रति प्रस्तुत की। इसमें ऑन स्क्रीन मार्किंग के लिए वेंडर्स (कंपनियों) का चयन करने की टेंडर प्रक्रिया में विसंगतियों को रेखांकित किया और बोर्ड के सामने कई सवाल भी खड़े किए।

वहीं, ओएसएम पर चल रहे विवाद को देखते हुए केंद्र ने पूरे मामले की जांच के लिए एक सदस्यीय समिति का गठन किया है। इसकी अध्यक्षता क्षमता निर्माण आयोग की चेयरपर्सन एस. राधा चौहान करेंगी। यह कमेटी एक महीने में अपनी रिपोर्ट सौंपेगी।

**भास्कर एक्सप्लेनर**

## री-इवैल्युएशन पोर्टल चालू; 2 मिनट में ही 15 लाख हिट्स भेजकर साइट ठप करने की कोशिश, 1 लाख+ अनधिकृत एक्सेस के प्रयास

**अनिरुद्ध शर्मा . नई दिल्ली**| तकनीकी दिक्कतों और साइबर हमलों के बीच आखिरकार सीबीएसई ने 12वीं के छात्रों के लिए री-इवैल्युएशन और आंसरशीट में खामियों के सत्यापन का पोर्टल शुरू कर दिया। मंगलवार को पोर्टल लाइव होने के पहले ही दिन शाम 4 बजे तक करीब 16 हजार छात्रों ने सफलतापूर्वक आवेदन जमा कर दिए। अब पोर्टल पर एक समय में 8 हजार+ छात्र बिना बाधा काम कर पा रहे हैं...

**1. री-इवैल्युएशन पोर्टल कब चला?** यह पोर्टल पहले 1 जून को शुरू होना था, लेकिन तकनीकी कारणों से समय पर चालू नहीं हो सका। इसके बाद यह मंगलवार तड़के (2 जून) को शुरू हो पाया।

**2. साइबर हमले की क्या घटना हुई?** पोर्टल शुरू होते ही कुछ शरारती तत्वों ने इसे ठप करने की कोशिश की। उन्होंने 'डिनायल ऑफ सर्विस' हमला किया। इससे महज दो मिनट के भीतर वेबसाइट पर 15 लाख हिट्स आ गईं। इसके अलावा एक लाख से अधिक बार बिना अनुमति फाइल खोलने की कोशिश भी की गई।

**3. साइबर हमले से वेबसाइट बंद हुई?** नहीं। आईआईटी-मद्रास और आईआईटी-कानपुर के साइबर एक्सपर्ट्स तथा बोर्ड की सुरक्षा टीम ने इन हमलों को समय रहते ब्लॉक कर दिया। इससे छात्रों का डेटा सुरक्षित रहा। सेवाएं सामान्य चलती रहीं।

**4. छात्रों को क्या परेशानियां आई थीं?** छात्रों ने शिकायत की थी कि विवरण भरने के बाद जानकारी अपलोड नहीं हो रही थी। सिस्टम बार-बार होम पेज पर भेज रहा था। कई छात्रों को अपनी सभी आंसरशीट की एक्सेस मिलने में भी दिक्कत आ रही थी।

**5. इस पर बोर्ड ने क्या कदम उठाए?** बोर्ड ने वेबसाइट में जरूरी सुधार किए हैं। अब प्रक्रिया को आसान बनाने के लिए सेशन टाइम लिमिट (समय सीमा) बढ़ा दी गई है, ताकि लॉग-इन बार-बार बंद न हो।

**6. री-इवैल्युएशन के लिए आवेदन की आखिरी तारीख और तरीका क्या है?** ऑनलाइन आवेदन की आखिरी तारीख 6 जून (शनिवार) की आधी रात तक है। इसके बाद कोई भी फॉर्म स्वीकार नहीं होगा। आवेदन ऑनलाइन ही किया जा सकता है।

**7. इस पर कौन आवेदन कर सकते हैं?** यह सुविधा केवल उन्हीं छात्रों के लिए है जिन्होंने पहले चरण में अपनी जांची हुई आंसरशीट की स्कैन कॉपी मंगा ली थी। जिन्होंने नहीं मंगवाई, वे नहीं कर सकेंगे।

**8. किन गड़बड़ियों की शिकायत होगी?** छात्र कॉपियों में कई तरह की कमियों के लिए शिकायत कर सकते हैं। जैसे- कॉपी के पन्ने गायब होना, सप्लीमेंट्री शीट न मिलना, मैप या ग्राफ न होना, पेज धुंधले दिखना, किसी और छात्र की कॉपी के पन्ने जुड़ जाना या गलत प्रश्नपत्र सेट से मूल्यांकन होना।



### राहुल गांधी ने कहा- यह जवाबदेही नहीं, लीपापोती है... शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करें

विपक्ष के नेता राहुल गांधी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर लिखा- 'सीबीएसई चेयरमैन- ट्रांसफर। सीबीएसई सचिव- ट्रांसफर। एक सदस्यीय 'जांच' समिति - गठित। और असली गुनहगार, धर्मेंद्र प्रधान - सुरक्षित। यह जवाबदेही नहीं है, लीपापोती है। हमारी मांग आज भी वही हैः शिक्षा मंत्री को बर्खास्त करें और एक स्वतंत्र न्यायिक जांच कराएं। अगर पीएम को सीबीएसई के करीब 1.85 करोड़ छात्रों की परवाह होती तो धर्मेंद्र प्रधान को बहुत पहले हटा दिया गया होता।'

**दिल्ली** • मुकुंदपुर में हादसा, 2 गिरफ्तार

# सिलेंडर फटा, मकान ढहा, मलबे में दबे 10 को बचाया




भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

दिल्ली के मुकुंदपुर इलाके के ईशु विहार में मंगलवार सुबह एक मकान में गैस सिलेंडर फटने से जोरदार धमाका हुआ। धमाके के कारण मकान भरभराकर ढह गया। हादसे के वक्त इमारत के अंदर काम कर रहे 10 लोग मलबे में दब गए। स्थानीय निवासियों की मदद से रेस्क्यू ऑपरेशन शुरू किया गया और मलबे में दबे सभी 10 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाल लिया गया। सभी घायलों को तुरंत नजदीकी अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां उनका इलाज जारी है।

पुलिस के मुताबिक, जिस इमारत में धमाका हुआ वह सिर्फ भूतल पर ही बनी थी। इस मकान में बर्तनों पर पॉलिश, गैस रिफिलिंग और चार्जर बनाने का काम होता था। आशंका जताई जा रही है कि यह हादसा गैस रिफिलिंग के दौरान हुआ। धमाका इतना भीषण था कि आसपास के इलाके में अफरा-तफरी मच गई। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस, दिल्ली दमकल विभाग की 5 गाड़ियां, एनडीआरएफ और डीडीएमए की टीमें तुरंत मौके पर पहुंचीं। मलबे की जांच के दौरान सुरक्षा टीमों को अंदर से करीब एक दर्जन एलपीजी सिलेंडर बरामद हुए हैं। पुलिस ने फैक्ट्री मालिक हर्केश उर्फ बबलू और मकान मालिक सुधीर राय को गिरफ्तार कर लिया है। पुलिस ने हर्केश उर्फ बबलू के घर से 46 खाली गैस सिलेंडर (25 एलपीजी, 21 कमर्शियल) भी बरामद किए हैं। पुलिस मामला दर्ज कर हादसे के मुख्य कारणों की बारीकी से जांच कर रही है।

### शिकायत के बाद भी बंद नहीं की गई गैस रिफिलिंग

स्थानीय निवासी अनमोल ने बताया कि इमारत में कुछ माह पहले 5-6 किराएदार रहते थे। वे खाली करके चले गए थे। इमारत में बर्तन पॉलिश करने, चार्जर बनाने और अवैध रूप से गैस रिफिलिंग का काम होता था। गैस रिफिलिंग की कई बार शिकायत भी की गई थी, लेकिन लोग इन लोगों गैस रिफिलिंग का काम बंद नहीं किया।



**ट्विशा शर्मा मौत की मिस्ट्री**

## पूर्व जज और उनका बेटा समर्थ 14 दिन की न्यायिक हिरासत में

**भोपाल** | ट्विशा शर्मा की मौत के मामले में मंगलवार को रिमांड पूरी होने के बाद सीबीआई ने पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह और समर्थ सिंह को कोर्ट में पेश किया। न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी शोभना भलावे ने दोनों आरोपियों को 14 दिन की न्यायिक हिरासत पर 16 जून 2026 तक जेल भेज दिया। गिरिबाला और उनका बेटा समर्थ आम कैदियों के बीच नहीं रहेंगे। उन्हें अलग सेल में रखा जाएगा। इससे पहले सीबीआई ने दोनों आरोपियों की रिमांड नहीं मांगी। कोर्ट में कहा कि जरूरत पड़ने पर दोनों आरोपियों को रिमांड पर लिया जा सकता है।

**कोर्टरूम लाइव** • चोट, सुरक्षा और जबलपुर विवाद पर तीखी बहस

# मैंने जज रहते कई सजा सुनाई... जेल में खतरा है, अलग सेल दें : गिरिबाला

- **समर्थ के वकील (एनॉश जॉर्ज कार्लो)**: मंगलवार सुबह मेडिकल के दौरान जब हम समर्थ से मिले तो पता चला कि उसके पैर में चोट है। सीबीआई उसे रिलीफ स्प्रे तक नहीं दे रही थी। मेडिकल में भी चोट को गंभीरता से नहीं लिया जा रहा था। समर्थ ने बताया कि पिछली पेशी में एक मीडियाकर्मी का पैर उसके पैर पर पड़ गया था, जिससे चोट लगी।
- **गिरिबालाः** मैं बुजुर्ग हूं। सीन रीक्रिएशन के दौरान सीबीआई मुझे छत पर ले जाकर बार-बार सवाल पूछ रही थी। एजेंसी ने गाड़ी घर से तीन मकान दूर खड़ी की, जिससे परेशानी हुई। मेरे साथ ऐसा व्यवहार क्यों हो रहा है?
- **समर्थ सिंहः** जबलपुर में एडवोकेट अनुराग श्रीवास्तव ने मेरे साथ मारपीट की और गालियां दीं। शेष पेज 10 पर

### गिरिबाला 4 साल भोपाल में जज रहीं, 39 को सुनाई सजा

**भोपाल**| पूर्व जिला जज गिरिबाला सिंह का भोपाल जिला अदालत में कार्यकाल बेहद प्रभावी रहा। वे फरवरी 2023 में भोपाल की प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश पद से सेवानिवृत्त हुईं। इस 19 महीने के कार्यकाल में उनके समक्ष आए 1129 मामलों में से 56 सेशन ट्रायल्स में निर्णय सुनाए गए, जिसमें 27 आरोपियों को दोषी ठहराया गया (12 को उम्रकैद) और 29 को बरी किया गया। इससे पहले, 2015 से 2017 तक अपर सत्र न्यायाधीश के रूप में उन्होंने 190 मामलों में से 31 आपराधिक मुकदमों का निपटारा किया। इनमें पॉक्सो एक्ट के 22 मामलों में 10 को सजा मिली, जबकि दुष्कर्म के सभी 4 मामलों में आरोपी बरी हुए।

**असर** • अमेरिकी विदेश मंत्री रुबियो ने कहा, यह छूट अस्थायी थी

# रूस-तेल डील पर अमेरिका सख्तः प्रतिबंधों से छूट जल्द खत्म, भारत पर बढ़ेगा दबाव

भास्कर न्यूज़ | वॉशिंगटन

रूस से तेल खरीदने वाले देशों को दी गई प्रतिबंधों से छूट को अमेरिका जल्द खत्म कर सकता है। अमेरिकी विदेश मंत्री मार्को रुबियो ने मंगलवार को कहा कि उनकी सरकार जल्द यह छूट खत्म करना चाहती है, क्योंकि अमेरिका की मूल नीति रूसी तेल पर प्रतिबंध लगाने की रही है। सीनेट की विदेश नीति समिति के सामने गवाही देते हुए रुबियो ने कहा कि यह छूट अस्थायी थी। इसका उद्देश्य वैश्विक बाजार में तेल आपूर्ति को बनाए रखना था। इसे जारी रखने या समाप्त करने का अंतिम निर्णय अमेरिकी वित्त विभाग करेगा।

मालूम हो, अमेरिका ने मार्च में रूसी तेल खरीद पर लगे प्रतिबंधों से कुछ देशों को छूट दी थी और बाद में इसे दो बार बढ़ाया गया। अंतिम विस्तार 17 मई को एक महीने के लिए किया गया था, जिसकी अवधि 17 जून को समाप्त हो रही है। भारत उन देशों में शामिल है जिन्हें रूसी तेल खरीद पर अमेरिकी प्रतिबंधों से मिली इस छूट का लाभ मिला है। अमेरिका के इस रुख को रूस पर आर्थिक दबाव बढ़ाने की रणनीति के रूप में देखा जा रहा है। यदि 17 जून के बाद छूट समाप्त होती है तो रूसी तेल खरीदने वाले देशों पर इसका असर पड़ सकता है।

**कर्नाटक** • दुष्कर्म के आरोपी इंजीनियरिंग छात्र की याचिका पर सुनवाई

# क्या हाथ-पैर काट दें, तभी कानून मानेंगे; सख्ती न होने से कानून बेअसरः हाई कोर्ट

भास्कर न्यूज़ | बेंगलुरू

कर्नाटक हाई कोर्ट ने दुष्कर्म के एक मामले में आरोपी छात्र की जमानत अर्जी पर सुनवाई के दौरान तीखी मौखिक टिप्पणी की। जस्टिस आर. नटराज ने कहा, 'अपराधियों पर पर्याप्त सख्ती न होने से कानून बेअसर होता जा रहा है। पश्चिम एशिया के कुछ देशों की तरह किसी का हाथ या पैर काट दिया जाए, तभी शायद लोग कानून का पालन करेंगे। चूंकि हमारे यहां लोकतंत्र है, इसलिए लोग इसे हल्के में लेते हैं।'

कोर्ट इंजीनियरिंग छात्र जीआरके रेड्डी (23) की जमानत अर्जी पर सुनवाई कर रहा था। वह 5 अप्रैल से हिरासत में है। बचाव पक्ष ने कोई अपराध न करने की दलील दी। इस पर जस्टिस नटराज ने कहा, 'अगर नमक खाया है तो पानी पीना होगा। कुछ दिन और जेल में रहने दीजिए। कौन जानता है, सजा होने पर फिर जेल जाना पड़े।' कोर्ट ने जमानत से इनकार करते हुए राज्य सरकार को नोटिस दिया और अगली सुनवाई 8 जून को तय की।


- **सहपाठी थे दोनोंः** अभियोजन के अनुसार, आरोपी और शिकायतकर्ता सहपाठी थे। महिला का आरोप है कि 12 सितंबर 2023 को आरोपी उसे रिश्ते पर चर्चा के बहाने अपने अपार्टमेंट ले गया, जहां उससे दुष्कर्म किया।

दुष्कर्म पीड़िता की पहचान उजागर करने का मामला

# आप नेता सौरभ भारद्वाज पर एफआईआर दर्ज

भास्कर न्यूज़ | नईदिल्ली

दिल्ली के पूर्व मंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के नेता सौरभ भारद्वाज के खिलाफ दिल्ली पुलिस ने एक एफआईआर दर्ज की है। यह मामला एक कानूनी कार्यवाही के दौरान गोपनीयता के नियमों के उल्लंघन से संबंधित है। पिछले दिनों जनकपुरी में एक बच्ची के साथ दुष्कर्म के केस को उठाने के मामले में अधिवक्ता प्रवीण नारायण की शिकायत पर प्रारंभिक जांच के बाद जनकपुरी थाने में यह कार्रवाई की गई है। अधिवक्ता नारायण ने शिकायत में आरोप लगाया कि भारद्वाज ने 11 मई को अपने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर कुछ ऐसे स्क्रीनशॉट साझा किए थे, जिनसे एक संवेदनशील मामले की नाबालिग पीड़िता की पहचान उजागर होने का खतरा उत्पन्न हुआ।





**भास्कर खास** कतर की ओर से खेलेंगे मलयाली तहसीन मोहम्मद; फीफा के इतिहास में दूसरे भारतीय प्लेयर

# फीफा में दम दिखाएंगे भारतवंशी तहसीन... जब बाकी बच्चे आराम करते थे, तब दिनभर प्रैक्टिस करते थे, साथियों का मनोबल टूटा... पर वे डटे रहे

के. राजेंद्रन | तिरुवनंतपुरम

इस फीफा विश्व कप में भारत के लिए गर्व का क्षण आने वाला है। इतिहास में दूसरी बार ऐसा होने जा रहा है, जब भारतीय मूल का कोई खिलाड़ी विश्व कप के मैदान पर फुटबॉल खेलता नजर आएगा। यह इतिहास दोहराने जा रहे हैं 19 वर्षीय भारतवंशी तहसीन मोहम्मद जमशेद, जो कतर की ओर से मैदान पर उतरेंगे। इससे पहले 2006 के वर्ल्ड कप में आंध्र प्रदेश मूल के विकास धोरासू ने फ्रांस की टीम से खेलकर यह उपलब्धि हासिल की थी। तहसीन को फुटबॉल से लगाव कैसे हुआ और वे संघर्ष करते हुए शीर्ष तक कैसे पहुंचे, पढ़िए...



तहसीन मोहम्मद

तहसीन की फुटबॉल के प्रति दीवानगी कोई इत्तेफाक नहीं थी, बल्कि यह उन्हें विरासत में मिली थी। उनके पिता जमशेद केरल की कालीकट यूनिवर्सिटी के बेहतरीन फुटबॉलर थे, वे बड़े स्तर पर देश के लिए खेलना चाहते थे। लेकिन आर्थिक परिस्थितियों और भविष्य की चिंताओं के कारण उन्हें कतर में साधारण अकाउंटेंट की नौकरी करनी पड़ी। 2006 में कतर में तहसीन का जन्म हुआ तो पिता ने अपने अधूरे सपने को बेटे की आंखों में देखा। पढ़ाई के सख्त माहौल के बीच खेल के लिए समय निकालना बेहद मुश्किल था। पर, तहसीन ने ठान लिया था।

जब बाकी बच्चे स्कूल की छुट्टियों में आराम करते थे, तब तहसीन अल सुबह ही ग्राउंड पर पहुंच जाते थे। वे चिलचिलाती धूप में भी दिनभर प्रैक्टिस करते थे। रात को पढ़ने बैठते थे। पिता द्वारा सिखाई गई फुटबॉल की बारीकियां और कड़े अनुशासन की बदौलत वे सबसे अलग बन पाए।

दुनिया की सबसे आधुनिक व कठिन अकादमियों में शामिल कतर की एस्पायर फुटबॉल अकादमी में चुनिंदा खिलाड़ियों को ही एंट्री मिलती है। भारतीय मूल के लड़के के लिए स्थानीयव अंतरराष्ट्रीय स्तर के खिलाड़ियों के बीच जगह बनाना संघर्ष था। शुरुआती दिनों में भाषा, संस्कृति और कठोर फिजिकल टेस्ट तहसीन के लिए चुनौती बने। कई साथी खिलाड़ियों का मनोबल टूट गया, पर तहसीन ने अपनी रफ्तार व ड्रिबलिंग को इतना निखारा कि स्पेनिश कोच जुलेन लोपेटेगुई भी प्रतिभा के कायल हो गए। उन्होंने कतर के दिग्गज खिलाड़ी सेबेस्टियन सोरिया को ड्रॉप कर तहसीन पर भरोसा जताया। यही तहसीन के संघर्ष की सबसे बड़ी जीत थी। तहसीन ने सीनियर कॅरियर की शुरुआत कतर स्टार्स लीग में अल दुहैल क्लब से की। वे कतर की अंडर-16 व अंडर-17 टीमों का हिस्सा भी रहे। अल दुहैल के लिए उनके प्रदर्शन ने कॅरियर को ऊंचाई दी और 19 साल में वे अंतरराष्ट्रीय स्तर के पेशेवर खिलाड़ी बन गए। स्पेनिश फुटबॉल विश्लेषक और पूर्व प्लेयर अल्फोंसो पेरेज कहते हैं, तहसीन को मैदान पर देखना विजुअल ट्रीट है। लेफ्ट-विंगर के तौर पर उनके पास जो 'रॉ-पेस' (अंधाधुंध रफ्तार) है, वह उन्हें खतरनाक बनाती है। वे इसी तरह सीखते रहे, तो जल्द हम उन्हें बड़े यूरोपीय क्लब की जर्सी में देखेंगे।'

**इन तीन फुटबॉलर्स का भी इंडिया कनेक्शनः** सरप्रीत सिंह (न्यूजीलैंड), निशान वेलुपिल्ले (ऑस्ट्रेलिया) और सैमुअल मुतुसामी (डीआर कांगो) भी वर्ल्ड कप में खेल सकते हैं। सरप्रीत पंजाब मूल के और बाकी दोनों का जुड़ाव तमिलनाडु से है।

**जल संकट** • पानी को साफ कर दैनिक उपयोग में लाने की तैयारी

## रिसाइकिल होगा सीवर का पानी, घरों में लगेगी डबल पाइपलाइन

**वर्तमान में जनसंख्या के आधार पर पानी की कुल मांग 1250 एमजीडी की है**

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

भीषण गर्मी के बीच राष्ट्रीय राजधानी में गहराते जल संकट को दूर करने के लिए दिल्ली सरकार एक ऐतिहासिक कदम उठाने जा रही है। जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने मंगलवार को घोषणा की कि दिल्ली सरकार अब सीवर के पानी को रीसाइकिल (साफ) करके दैनिक उपयोग में लाने की तैयारी कर रही है। उन्होंने राजधानी में पानी की वर्तमान किल्लत को स्वीकार करते हुए इसके लिए पिछली सरकारों को कसूरवार ठहराया।

जल मंत्री प्रवेश वर्मा ने बताया कि दिल्ली में रोजाना लगभग 1000 एमजीडी (मिलियन गैलन प्रतिदिन) पानी की आपूर्ति की जा रही है। इसमें से केवल 200 एमजीडी पानी का उपयोग ही नागरिक पीने के लिए कर पाते हैं, जबकि करीब 800 एमजीडी पानी हर दिन बेकार होकर वापस सीवर में चला जाता है। वर्तमान में जनसंख्या के आधार पर दिल्ली में पानी की कुल मांग 1250 एमजीडी की है। उन्होंने कहा कि पानी की इस कमी को पूरा करने के लिए दिल्ली सरकार सीवेज ट्रीटमेंट प्लांट (एसटीपी) तकनीक का सहारा लेगी। शुरुआती चरण में इस साफ किए गए पानी को टॉयलेट फ्लशिंग, बागवानी, गाड़ियों की धुलाई और सफाई जैसे गैर-पेय कार्यों के लिए इस्तेमाल करने पर पूरा जोर दिया जाएगा।

जल मंत्री वर्मा ने बताया कि इस योजना के तहत रीसाइकिल पानी को सबसे पहले सरकारी इमारतों में सप्लाई किया जाएगा। इसके बाद रिहायशी कॉलोनियों में दोहरी (डबल) पाइपलाइन बिछाई जाएगी। इनमें एक पाइपलाइनं पीने के पानी के लिए और दूसरी एसटीपी से शोधित पानी के लिए होगी। नागरिकों को प्रोत्साहित करने के लिए जल मंत्री वर्मा ने ऐलान किया कि जो लोग अपने घरों में डबल पाइपलाइन लगवाएंगे, उन्हें पानी के बिल में विशेष छूट दी जाएगी। दिल्ली सरकार का दावा है कि इससे राजधानी में रोजाना करोड़ों लीटर पेयजल की बचत होगी।

### हरियाणा से मिल रहा 1000 क्यूसेक पानी



जल मंत्री वर्मा ने बताया कि हरियाणा सरकार से दिल्ली को वर्तमान में लगभग 1000 क्यूसेक पानी मिल रहा है। वजीराबाद में पानी सूखने से प्लांट में आपूर्ति प्रभावित हुई है, जिससे पानी का खिंचाव 200 क्यूसेक से घटकर केवल 75 क्यूसेक रह गया है। जिन इलाकों में पहले पाइपलाइन नहीं डाली गई थी, वहां इस बार पिछले साल से दोगुने टैंकरों द्वारा जलापूर्ति की जा रही है। साथ ही, जल संकट को दूर करने के लिए मौजूदा सरकार ने 560 नए बोरवेल लगाए हैं, जबकि पिछली सरकारें सिर्फ 200 बोरवेल लगाती थीं।

### चंद्रावल जोन का टेंडर पूरा, वजीराबाद का नवंबर तक

जल मंत्री वर्मा ने कहा, दिल्ली का जल संकट पुराना है, जो पिछली सरकार के खराब बंदोबस्त और दशकों पुरानी पाइपलाइनों से होने वाले लीकेज का नतीजा है। इस बुनियादी ढांचे को सुधारने के लिए वर्तमान सरकार ने खर्च 1200 करोड़ से बढ़ाकर इस वर्ष 2900 करोड़ रुपए कर दिया है। पूरी दिल्ली को 8 जोन में बांटकर पुरानी पाइपलाइनें बदलने की योजना तैयार है। इस दिशा में चंद्रावल जोन का टेंडर पूरा हो चुका है, जबकि वजीराबाद जोन का टेंडर नवंबर तक पूरा कर कंपनी को काम सौंप दिया जाएगा।

### रिसाव रोकने के लिए 52% पुरानी पाइपलाइनें बदलेंगी

जल मंत्री वर्मा ने बताया, दिल्ली सरकार पानी का रिसाव रोकने के लिए 52% पुरानी पाइपलाइनें बदलेगी। हरियाणा से आने वाले कैनाल के पानी को अब सुरक्षित पाइपलाइन से लाया जाएगा, जिससे पानी माफियाओं द्वारा रास्ते में होने वाली चोरी रुकेगी। दीर्घकालिक आपूर्ति के लिए सरकार ने हिमाचल प्रदेश को बांध निर्माण के लिए फंड दिया है, जिससे 2032 से दिल्ली को अतिरिक्त पानी मिलेगा। इसके अलावा, पिछले सवा साल में इंफ्रास्ट्रक्चर शुल्क को कम करना सरकार की 5 बड़ी उपलब्धियों में से एक है।

### दिल्ली रिज मैनेजमेंट बोर्ड के पुनर्गठन को मंजूरी

**नई दिल्ली** | राजधानी के 'ग्रीन लंग्स' कहे जाने वाले दिल्ली रिज की सुरक्षा के लिए एलजी टीएस संधू ने 'दिल्ली रिज मैनेजमेंट बोर्ड' (डीआरएमबी) के पुनर्गठन और अधिसूचना को मंजूरी दे दी है। सुप्रीम कोर्ट के निर्देशों और पर्यावरण (संरक्षण) अधिनियम, 1986 की धारा 3 के तहत उठाया गया यह कदम रिज गवर्नेंस को मजबूत करेगा। अब कार्यकारी आदेशों के बजाय इस बोर्ड के पास मजबूत वैधानिक शक्तियां होंगी, जिससे अतिक्रमण के खिलाफ सीधे कानूनी कार्रवाई की जा सकेगी।

### मानसून से पहले एमसीडी आयुक्त ने परखी तैयारियां

**नई दिल्ली** | मानसून से पहले जलभराव की समस्या से निपटने के लिए एमसीडी आयुक्त संजीव खिरवार ने जमीनी हकीकत जानने सिटी एसपी जोन का दौरा किया। उन्होंने किशनगंज रेलवे अंडर ब्रिज, पदम नगर व शास्त्री नगर का निरीक्षण कर तैयारियों का जायजा लिया। हर साल बारिश में डूबने वाले किशनगंज अंडरब्रिज पर उन्होंने ड्रेनेज सिस्टम दुरुस्त करने और अतिरिक्त पंप लगाने के निर्देश दिए। इसके बाद पदम नगर की सड़क संख्या-10 के बड़े नाले से गाद (सिल्ट) हटाने के काम में तेजी लाने को कहा।

सीपीए में लोकल परचेज के नाम पर एक और घोटाला

## नियमों को ताक पर रख एक ही दिन में 30 करोड़ रुपए का टेंडर व पेमेंट

शेखर घोष | नई दिल्ली

दिल्ली सरकार की सेंट्रल प्रिक्योरमेंट एजेंसी (सीपीए) में वित्तीय भ्रष्टाचार के मामले सामने आने का सिलसिला जारी है। सूत्रों के मुताबिक, इसी वर्ष मार्च में नियमों को ताक पर रखकर सुबह 30 करोड़ रुपए का एक टेंडर जारी किया गया और उसी दिन शाम को वेंडर को पूरी राशि का भुगतान भी कर दिया गया। यह पूरी प्रक्रिया लोकल परचेज (स्थानीय खरीद) के तहत की गई थी। इस कथित घोटाले की गंभीरता का अंदाजा इसी बात से लगाया जा सकता है कि इस टेंडर की मुख्य फाइल सरकारी कार्यालय के बजाय सीधे वेंडर के पास मौजूद है। इस लापरवाही के कारण विभाग को यह तक जानकारी नहीं है कि 30 करोड़ रुपए से वास्तव में क्या खरीदारी की गई। सीपीए के पास इस बात का भी कोई रिकॉर्ड नहीं है कि खरीदा गया सामान अस्पताल के स्टोर तक पहुंचा है या अभी भी वेंडर के पास ही पड़ा है।

अधिकारियों के अनुसार, इस पूरे खेल के पीछे 'रंगीला ब्रदर्स' का हाथ है। वे ऐसे कॉन्ट्रैक्टर्स को तलाशते हैं जिनके पास वैध लाइसेंस हो। इसके बाद, वे कुछ पैसे देकर उनकी कंपनी का इस्तेमाल करते हैं और अपने रसूख के बल पर टेंडर हथिया लेते हैं। जहां आम वेंडरों को सीपीए से भुगतान के लिए महीनों चक्कर काटने पड़ते हैं, वहीं रंगीला ब्रदर्स को लिनन सप्लाई का माल स्टोर पहुंचते ही तुरंत पेमेंट कर दिया गया। इस मामले में जब सीपीए के पूर्व हेड ऑफ ऑफिस (एचओओ) डॉ. विनोद कुमार रंगा से सवाल पूछे गए, तो उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया।

### वरिष्ठ अधिकारियों पर गिर सकती है गाज

सीपीए में विजिलेंस के छापे के बाद से हड़कंप मचा है, क्योंकि वहां से सैकड़ों महत्वपूर्ण फाइलें गायब हैं। स्वास्थ्य सेवा महानिदेशालय (डीएचएस) और सीपीए के बीच जारी इस विवाद में डॉ. वत्सला अग्रवाल ने कैट का रुख करते हुए गायब फाइलों के लिए डॉ. विनोद कुमार रंगा को जिम्मेदार ठहराया है। सूत्रों का दावा है कि 'रंगीला बंधू' टेंडर फाइलें विभाग में जमा न कर अपने पास रखते थे, जिससे बड़े भ्रष्टाचार की ओर इशारा मिल रहा है। इस मामले में गहन जांच की जा रही है। हालांकि आशंका जताई जा रही है कि वरिष्ठ अधिकारियों पर गाज गिर सकती है, लेकिन रंगा बंधु बच सकते हैं।

### कर्मचारियों ने प्रशासनिक कार्रवाई की सराहना की

मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता के निर्देश पर सीपीए में पारदर्शिता लाने के लिए 40 से अधिक डॉक्टरों और स्टाफ का तबादला किया गया है। विभाग ने सीपीए प्रमुख सहित 10 डॉक्टरों और 19 पैरामेडिकल कर्मियों को हटाकर अन्य अस्पतालों से 12 चिकित्सा अधिकारियों की नियुक्ति की है। दवाओं और उपकरणों की खरीद में भ्रष्टाचार व लापरवाही रोकने के लिए मुख्यमंत्री और उपराज्यपाल तरनजीत सिंह संधू द्वारा की गई इस बड़ी प्रशासनिक कार्रवाई की अस्पतालों और डिस्पेंसरियों के कर्मचारियों ने सराहना की है।

### एलजी ने डीजेबी में नई नियुक्तियों को दी मंजूरी

**नई दिल्ली** | एलजी टीएस संधू ने मंगलवार को दिल्ली जल बोर्ड (डीजेबी) में महत्वपूर्ण नियुक्तियों को मंजूरी दे दी। उन्होंने भाजपा विधायक सतीश उपाध्याय को डीजेबी का नया उपाध्यक्ष मनोनीत किया। साथ ही विधायक मनोज कुमार शौकीन, विधायक अजय कुमार महावर और दिल्ली छावनी बोर्ड (डीसीबी) के प्रतिनिधि राजेश कुमार गोयल को सदस्य नामित किया। ये सभी नामांकन दो वर्ष के लिए प्रभावी होंगे। इनका कार्यकाल उस तिथि से शुरू होगा, जब ये अपना कार्यभार संभालेंगे। फरवरी 2025 में दिल्ली विधानसभा के गठन के बाद से ही ये पद रिक्त चल रहे थे।

### आरएचटीसी अस्पताल में आउटसोर्सिंग भर्ती पर विवाद

**नई दिल्ली** | नजफगढ़ में नवनिर्मित आरएचटीसी अस्पताल में आउटसोर्सिंग से नर्सिंग अधिकारियों की भर्ती के प्रस्ताव पर विवाद खड़ा हो गया है। ऑल इंडिया गवर्नमेंट नर्सेज फेडरेशन (एआईजीएनएफ) ने प्रस्ताव वापस लेने के लिए अस्पताल निदेशक को पत्र लिखा है। महासचिव अनीता पंवार के मुताबिक, यह कदम स्वास्थ्य मंत्रालय के 30 मई के उस आदेश का उल्लंघन है, जिसमें सभी केंद्रीय अस्पतालों में केवल एनओ-आरसीईटी परीक्षा के जरिए नियमित भर्ती करने की बात कही गई है।

**साकेत इमारत हादसा** • एमसीडी की आधिकारिक रिपोर्ट आने पर हुआ खुलासा

## अवैध मंजिलों के बोझ को संभाल नहीं सकी थी नींव

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

साकेत के सैदउलअजैब में बहुमंजिला इमारत ढहने के मामले में दिल्ली नगर निगम (एमसीडी) की आधिकारिक रिपोर्ट आ गई है। इस रिपोर्ट में साफ किया गया है कि इस इमारत पर ऊपर की मंजिलें अवैध रूप से बनाई गई थीं, जो हादसे का मुख्य कारण था। इस हादसे में 6 लोगों की मौत हो गई थी और 13 अन्य गंभीर रूप से घायल हुए थे।

एमसीडी रिपोर्ट के मुताबिक, लगभग 300 वर्गमीटर में बनी इस इमारत में बेसमेंट समेत 3 फ्लोर करीब 12-13 साल पुराने बने थे। हाल ही में इसके ऊपर अवैध रूप से तीसरी और चौथी मंजिल तान दी गई थी, जिसका भारी वजन इमारत की नींव संभाल नहीं सकी और शनिवार को भरभराकर ढह गई। इतना ही नहीं, एमसीडी ने सुरक्षा के लिहाज से आसपास की अन्य अवैध इमारतों की पहचान कर उन्हें निगम अधिनियम के तहत नोटिस जारी कर दिए हैं, जिन पर जल्द ही ध्वस्तीकरण की सख्त कानूनी कार्रवाई की जाएगी। निगम जांच दल की रिपोर्ट के मुताबिक, समीपवर्ती भवनों की सुरक्षा के लिए जैक और गर्डर लगाए गए हैं।

### भाजपा के संरक्षण में चल रहा अवैध निर्माणः आप

साकेत इमारत हादसे में आम आदमी पार्टी (आप) ने मंगलवार को सिविक सेंटर में भाजपा शासित एमसीडी के खिलाफ मोर्चा खोल दिया। आप के सह-प्रभारी प्रवीण कुमार के नेतृत्व में कार्यकर्ताओं ने कमिश्नर और मेयर कार्यालय पर जोरदार प्रदर्शन किया। गुस्साए पार्षदों ने मेयर प्रवेश वाही के दफ्तर पर ताला जड़कर उसे 500 रुपए के नोट से सील कर दिया। नेता प्रतिपक्ष अंकुश नारंग ने आरोप लगाया कि अवैध निर्माण का नेटवर्क भाजपा के संरक्षण में चल रहा है। आप नेताओं ने आरोप लगाया कि आंकड़े छिपाने के लिए रेस्क्यू ऑपरेशन धीमा किया गया है। उन्होंने जूनियर इंजीनियरों को मोहरा बनाकर बड़ी मछलियों को बचाने का आरोप लगाते हुए साउथ जोन के डिप्टी कमिश्नर को तुरंत सस्पेंड करने और मुख्यमंत्री रेखा गुप्ता से एसआईटी जांच कराने की मांग की।

### मानसून से पहले दिल्ली में बढ़े डेंगू-मलेरिया के मामले

**नईदिल्ली** | दिल्ली में मानसून से पहले मच्छर जनित बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। 30 मई तक राजधानी में डेंगू के 191, मलेरिया के 61 और चिकनगुनिया के 7 मामले दर्ज हुए, जो पिछले साल से अधिक हैं। नजफगढ़ में डेंगू के सर्वाधिक 30 मरीज मिले हैं, हालांकि किसी की मौत नहीं हुई। ब्रीडिंग रोकने के लिए एमसीडी ने 1.54 करोड़ घरों का सर्वे कर 29,073 जगह लार्वा पकड़ा। लापरवाही मिलने पर 27,934 मकान मालिकों को लीगल नोटिस दिए गए। स्थिति संभालने के लिए जून से सभी 12 जोनों में फॉगिंग और एंटी-लार्वा दवाओं के छिड़काव शुरू होगा।







**पढ़ना जरूरी है**
'अगर मुझे सरकार और अखबारों में से एक चुनना हो, तो मैं अखबारों को चुनूंगा।' -थॉमस जेफरसन

देश का नंबर 1 अखबार

# दैनिक भास्कर

सच्ची बात, बेधड़क

नई दिल्ली, बुधवार, 3 जून, 2026
द्वितीया ज्येष्ठ (अधिक), कृष्ण पक्ष-तृतीया, 2083

12 राज्य 61 संस्करण

## न्यूज़ ब्रीफ

### ट्रेंड कुत्तों और एआई से कैंसर का पता लगा रहा स्टार्टअप

बेंगलुरु | कर्नाटक के बेंगलुरु के एक स्टार्टअप को इंसानी सांस के सैंपल के जरिए कैंसर का शुरुआती स्टेज में पता लगाने में सफलता मिली है। अनोखी बात यह है कि वह यह काम ट्रेंड कुत्तों और एआई तकनीक की मदद से कर रहा है। ऑन्कोलॉजिस्ट के मुताबिक, किसी को कैंसर है तो कुत्ते 90% मामलों में उसका पता लगाने में सक्षम होता है।

### जर्मन एयरपोर्ट पर भारतीयों के लिए ट्रांजिट वीसा में छूट

बर्लिन | जर्मनी के एयरपोर्ट्स पर अब भारतीय नागरिकों को ट्रांजिट वीसा दिखाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। यह सुविधा 3 जून से लागू होगी। अब तक नियम था कि भले ही आप जर्मनी के एयरपोर्ट से बाहर न निकलें, सिर्फ कनेक्टिंग फ्लाइट पकड़ने के लिए भी आपको टाइप ए का ट्रांजिट वीसा दिखाना होता था। नए नियम से 90 यूरो (10 हजार रु.) वीसा फीस और समय बचेगा।

### शौर्य चक्र विजेता मार्कोस कमांडो की दुर्घटना में मौत

शिमला | शौर्य चक्र से सम्मानित भारतीय नौसेना के मार्कोस कमांडो



अमित राणा की सड़क दुर्घटना में मौत हो गई। वे हिमाचल प्रदेश के कांगड़ा जिले के रहने वाले थे। कश्मीर में चलाए गए ऑपरेशन दन्ना और ऑपरेशन शोक बाबा के दौरान उन्होंने अदम्य साहस से आतंकियों का मुकाबला किया था। जम्मू-कश्मीर में एंटी टेरर ऑपरेशन्स के दौरान असाधारण वीरता पर उन्हें शौर्य चक्र से सम्मानित किया गया था।

### गुरदासपुरः निजी अस्पताल में ब्लास्ट, दावा-रंगदारी मांगी

कलनौर | मुलतानी अस्पताल में मंगलवार दोपहर 2:32 बजे जोरदार धमाका हुआ। अस्पताल का दावा है कि इमरजेंसी वार्ड के बाहर गैंगस्टरों ने ग्रेनेड फेंका है। धमाके से अस्पताल के शीशे टूट गए और कुछ सामान को भी नुकसान पहुंचा है। गनीमत रही कि जानी नुकसान नहीं हुआ। धमाके के बाद अफरा-तफरी का माहौल बन गया। ब्लास्ट की सूचना के बाद एसएसपी गुरदासपुर अदित्य, एसपी डीके चौधरी मौके पर पहुंचे। अस्पताल के मालिक एसपी सिंह मुल्तानी ने दावा किया कि अस्पताल पर गैंगस्टरों ने हैंड ग्रेनेड से हमला किया है। पिछले साल उन्हें कई बार गैंगस्टरों ने रंगदारी के लिए कॉल्स किए थे, लेकिन गैंगस्टरों को कोई पैसा नहीं दिया।

### राजस्थानः तूफान से 700 सोलर पैनल उखड़े, 800 पोल गिरे

जोधपुर | फलोदी स्थित देश के प्रमुख सौर ऊर्जा केंद्रों में शामिल भड़ला सोलर पार्क में शनिवार को आए चक्रवाती तूफान से एक सौर ऊर्जा संयंत्र को नुकसान पहुंचा है। करीब 56 वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैले इस पार्क में निजी और सार्वजनिक क्षेत्र की विभिन्न कंपनियों के एक करोड़ से अधिक सोलर पैनल स्थापित हैं। यहां कुल 2.25 गीगावाट सौर ऊर्जा उत्पादन क्षमता है। हालांकि फलोदी कलेक्टर अंकित कुमार सिंह ने बताया कि बड़े पैमाने पर नुकसान की सूचना नहीं है। सूत्रों के अनुसार तूफान में करीब 700 सोलर पैनल उखड़ गए हैं। लगभग 800 बिजली पोल भी गिरने की सूचना है।

**बंगाल में बगावत** • दीदी से नाराजगी, धरने में भी 80 में से 5 विधायक ही पहुंचे

# ममता के 50 विधायकों की सीक्रेट मीटिंग से तृणमूल में टूट की आहट

### बागी विधायक बोले- टीएमसी अब ममता बनर्जी वाली पार्टी नहीं रही

भास्कर न्यूज़ | कोलकाता

विधानसभा चुनावों में हार के बाद ममता बनर्जी की पार्टी तृणमूल कांग्रेस में बड़ी बगावत की आहट सुनाई देने लगी है। पार्टी में दो खेमे बनते दिख रहे हैं। पहला खेमा तृणमूल से निष्कासित विधायक ऋतब्रत बनर्जी के नेतृत्व वाला है तो दूसरा खेमा ममता के साथ है। पार्टी से निलंबित राष्ट्रीय प्रवक्ता ऋजु दत्ता ने दावा किया है कि 50 नवनिर्वाचित विधायक ममता के नेतृत्व से अलग होकर 'असली तृणमूल कांग्रेस' और उसके प्रतिष्ठित चुनाव चिह्न 'जोड़ा-फूल' पर दावा ठोकने की तैयारी में हैं। इन विधायकों ने सोमवार रात ऋतब्रत और संदीपान साहा के साथ कोलकाता के विधायक छात्रावास में सीक्रेट मीटिंग की थी। सूत्रों की मानें तो जल्द ही ये विधायक स्पीकर से मिलकर दावा ठोक सकते हैं। हालांकि ऋतब्रत ने सिर्फ इतना कहा है कि टीएमसी अब ममता वाली पार्टी नहीं रही। वहीं, तृणमूल नेता शोभनदेब चट्टोपाध्याय ने कहा कि कुछ लोग दबाव में आ सकते हैं, लेकिन बड़ी बगावत नहीं होगी। ज्यादातर विधायक ममता के साथ रहेंगे।

ममता ने 1998 में कांग्रेस से अलग होकर टीएमसी बनाई थी। मंगलवार को जब वह मध्य कोलकाता में भाजपा सरकार के खिलाफ धरने पर बैठीं तो 80 में से सिर्फ 5 विधायक और 3 सांसद ही साथ नजर आए। बंगाल सरकार के मंत्री तपस रॉय ने मंगलवार को दावा किया कि टीएमसी महाराष्ट्र की तरह टूट की ओर बढ़ रही है। दरअसल, तृणमूल में अंतर्कलह तब शुरू हुई, जब 20 मई को ममता और अभिषेक बनर्जी ने विधानसभा में नेपा विपक्ष के लिए शोभनदेब के नाम का प्रस्ताव स्पीकर को दिया। शेष पेज 10 पर

### भास्कर एक्सप्लेनर कम से कम 52 विधायक चाहिए, तभी दल-बदल कानून से बच सकेंगे बागी...

- **क्या दल-बदल कानून लागू हो सकता है?**
294 सदस्यीय विधानसभा में 80 टीएमसी विधायक हैं। इनमें से दो निष्कासित हैं। दल-बदल कानून के तहत अयोग्यता से बचने के लिए बागी गुट को 52 विधायक चाहिए। ऐसा हुआ तो ममता समर्थक विधायक घटकर 29 से नीचे चले जाएंगे।
- **दल-बदल का महाराष्ट्र मॉडल क्या है?**
**20 जून 2022 को** महाराष्ट्र में शिवसेना के 55 में से 40 विधायक एकनाथ शिंदे के साथ गए। तब उद्धव सीएम थे। राज्यपाल ने उन्हें फ्लोर टेस्ट को कहा। उद्धव सुप्रीम कोर्ट गए, लेकिन कोर्ट ने फ्लोर टेस्ट नहीं रोका तो उद्धव ने इस्तीफा दे दिया। **30 जून को** शिंदे भाजपा के समर्थन से सीएम बन गए। फिर दोनों गुट एक-दूसरे के विधायकों को अयोग्य ठहराने सुप्रीम कोर्ट गए। कोर्ट ने फैसला स्पीकर राहुल नार्वेकर पर छोड़ दिया। **10 जनवरी 2023** को स्पीकर ने कहा कि जब बगावत हुई, तब शिंदे गुट में 37 विधायक थे। इसलिए यही असली शिवसेना है। **स्पीकर ने** विधायकों को अयोग्य ठहराने की याचिकाएं खारिज कर दीं। इनकी सदस्यता भी रद्द नहीं की। इसी बीच, चुनाव आयोग ने शिवसेना का चुनाव चिह्न धनुष-बाण शिंदे गुट को दे दिया। उद्धव की याचिका पर ये दोनों केस सुप्रीम कोर्ट में हैं।
- **तेलंगानाः** 2023 में बीआरएस टिकट पर जीते 10 विधायक 2024 में कांग्रेस में गए। इनके खिलाफ दलबदल याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट पहुंचीं। कोर्ट के निर्देश पर स्पीकर ने याचिकाएं खारिज कर दीं। अब मामला तेलंगाना हाई कोर्ट में है।



**अब लड़ेंगे या मरेंगेः ममता**

कोलकाता के धरने में ममता ने कहा कि भाजपा के अत्याचारों के खिलाफ अब हम लड़ेंगे या मरेंगे। जब तक मैं भाजपा को सत्ता से बेदखल नहीं कर देती, तब तक नहीं मरूंगी। उन्होंने बताया कि बहुत जल्द सभी भाजपा विरोधी पार्टियां दिल्ली में मिलेंगी।

### भाजपा बोली- तृणमूल के दागी नेताओं को नहीं लेंगे

**उधर, तृणमूल** में टूट की आशंकाओं के बीच बंगाल भाजपा अध्यक्ष समिक भट्टाचार्य ने दो टूक कहा है कि भाजपा का तृणमूलीकरण नहीं होगा। टीएमसी के लिए हमारे दरवाजे बंद हैं। हम बिना किसी को इम्पोर्ट किए 207 तक पहुंचे। लोगों ने तृणमूल के खिलाफ वोट दिया। इस बार हमारी राजनीतिक रणनीति नीचे से शुरू हुई। जो दागी हैं, उन्हें पार्टी में कैसे लें?

**कौन हैं ऋतब्रत बनर्जीः** वामपंथी छात्र संगठन



एसएफआई से सियासी शुरुआत। 34 की उम्र में राज्यसभा सांसद बने। फिर माकपा ने विलासितापूर्ण जीवन शैली के चलते उन्हें निकाल दिया। इसके बाद ऋतब्रत टीएमसी से जुड़े। टीएमसी ने उन्हें 2024 में राज्यसभा भेजा। अभी उलुबेरिया पूर्व सीट से विधायक हैं।

### नया पूर्वानुमान... कल केरल आ सकता है मानसून



उत्तर-दक्षिण में छाए बादल

नई दिल्ली | मानसून का इंतजार खत्म होने जा रहा है। भारतीय मौसम विभाग ने अपने ताजा पूर्वानुमान में बताया है कि मानसून 4 जून को केरल के तटों पर दस्तक दे सकता है। इसके बाद अगले एक हफ्ते में यह तमिलनाडु, कर्नाटक व दक्षिण भारत के अन्य हिस्सों में आगे बढ़ सकता है। वैसे केरल में मानसून के आने की सामान्य तारीख एक जून है। इससे पहले के पूर्वानुमान में विभाग ने मानसून के 26 मई को केरल पहुंचने की संभावना जताई थी। लेकिन, अनुकूल परिस्थितियां न होने के चलते मानसून 11 दिन से अटका हुआ था।

**दुनिया पर असर** • अब विश्व मौसम विज्ञान संगठन ने जारी की चेतावनी

# गॉडजिला अल नीनोः 3 माह सूखे जैसे हालात और बाढ़ झेलेगा भारत

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली/जिनेवा

भारतीय मौसम विभाग (आईएमडी) के बाद अब विश्व मौसम विज्ञान संगठन (डब्ल्यूएमओ) ने भी वैश्विक जलवायु को लेकर एक बेहद डराने वाली चेतावनी जारी कर दी है।

संयुक्त राष्ट्र की इस मौसम एजेंसी के ताजा अपडेट के अनुसार, जून से अगस्त के दौरान प्रशांत महासागर में अल नीनो बनने की आशंका 80% है, जबकि नवंबर 2026 तक इसके बने रहने की आशंका 90% या उससे अधिक है। अल नीनो कम से कम मध्यम तीव्रता का होगा, जिसके आगे चलकर और मजबूत होकर गॉडजिला अल नीनो बनने की पूरी आशंका है। 'गॉडजिला अल नीनो' मौसम का वह सबसे खूंखार रूप है, जो जलवायु परिवर्तन के साथ मिलकर दुनिया भर में मौसम की चरम सीमा को जन्म देता है। इसके प्रभाव से ऑस्ट्रेलिया से लेकर भारत समेत लगभग दुनिया भर में सूखा, विनाशकारी बाढ़, समुद्री व स्थलीय हीटवेव देखने को मिल सकते हैं। गौरतलब है कि इससे पहले वर्ष 2023-24 का अल नीनो इतिहास के पांच सबसे शक्तिशाली दौर में शामिल था, जिसने 2024 में वैश्विक तापमान के सारे रिकॉर्ड तोड़ दिए थे।

### भारत के 'दो रक्षक', जो अल नीनो को हरा सकते हैं

डब्ल्यूएमओ के अनुसार, अल नीनो के बावजूद भारत में मानसून बच सकता है, यदि ये दो प्रणालियां सक्रिय रहें। पहली- इंडियन ओशन डायपोल (आईओडी)। इसे 'हिंद महासागर का अल नीनो' भी कहते हैं। यदि इसका फेज 'पॉजिटिव' हो, तो यह अल नीनो के सूखे के प्रभाव को पूरी तरह खत्म कर भारत में अच्छी बारिश करा सकता है। दूसरा- मैडेन-जूलियन ऑस्सिलेशन (एमजेओ)। यह बादलों और हवाओं का एक वैश्विक चक्र है जो भूमध्य रेखा पर घूमता रहता है। जब यह भारत के ऊपर से गुजरता है, तो कमजोर मानसून में भी भारी बारिश के स्पेल (दौर) लेकर आता है।




- **तैयारी रखें, ताकि जानें बच सकेंः** संगठन ने गंभीर सूखे की आशंका जताई है। उसने भारत समेत सभी प्रभावित देशों की सरकारों, कृषि, स्वास्थ्य, ऊर्जा विभागों को युद्ध स्तर पर तैयार रहने को कहा है। समय पर मिली सटीक चेतावनी और पूर्व-तैयारी से ही लाखों जानें बच सकती हैं।
- **समुद्र में छिपा है 'तापमान का बम'**: डब्ल्यूएमओ के वैज्ञानिकों के अनुसार, समुद्र की सतह के नीचे का पानी सामान्य से 6 डिग्री सेल्सियस तक अधिक गर्म मिला है। यह चिंताजनक है। समुद्र में जमा यही अतिरिक्त ऊष्मा सतह को गर्म कर रही है, जिससे अलनीनो को रफ्तार मिल रही है।

### प्री-मानसूनः 17 राज्यों में बारिश हुई, 3 जगह बादल फटे

**नई दिल्ली**। देश के 70% हिस्से में मंगलवार को प्री-मानसून गतिविधियां सक्रिय रहीं। 17 राज्यों में बारिश हुई। मौसम विभाग के मुताबिक जम्मू-कश्मीर के डोडा, किश्तवाड़ जिलों में 3 जगह बादल फटे। इससे फ्लैश फ्लड आ गए। सड़कों पर मलबा जमा हो गया। किसी जनहानि की सूचना नहीं है।




# दो बसों में भिड़ंत के बाद आग, 7 की मौत

भास्कर न्यूज़ | सूरत

गुजरात के सूरत जिले में मंगलवार को महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम (एमएसआरटीसी) की दो बसों के बीच हुई भीषण टक्कर में सात लोगों की मौत हो गई, जबकि करीब 40 यात्री घायल हो गए। हादसे के बाद एक बस में आग लग गई, जिससे उसमें सवार सभी मृतकों की जान चली गई। दोनों बसों में करीब 40 लोग सवार थे।

दुर्घटना सूरत जिले के बारडोली कस्बे के निकट उवा गांव के पास राष्ट्रीय राजमार्ग-53 पर हुई। यह मार्ग महाराष्ट्र और गुजरात को जोड़ता है। एक बस सूरत से महाराष्ट्र के धुले जा रही थी, जबकि दूसरी बस महाराष्ट्र के चालीसगांव से सूरत आ रही थी। प्राथमिक जांच में सामने आया है कि महाराष्ट्र की ओर जा रही बस ने पहले एक ट्रैक्टर को टक्कर मार दी। इसके बाद चालक नियंत्रण खो बैठा और बस डिवाइडर पार कर दूसरी दिशा से आ रही बस से जा भिड़ी। टक्कर इतनी भीषण थी कि दूसरी बस सड़क किनारे गड्ढे में पलट गई और उसमें आग लग गई।

**फेमा** • 2023 में ब्रांड फीस रिफंड जांच के दायरे में

# वेदांता समूह के दिल्ली-मुंबई समेत 4 परिसरों में ईडी का सर्वे

एजेंसी | नई दिल्ली

ईडी ने उद्योगपति अनिल अग्रवाल के वेदांता समूह के खिलाफ विदेशी मुद्रा प्रबंधन अधिनियम (फेमा) के कथित उल्लंघन की जांच शुरू की है। सोमवार को वेदांता के दिल्ली, मुंबई और राजस्थान के उदयपुर समेत चार परिसरों में सर्वे कार्रवाई की गई। अधिकारियों ने बताया, जांच फेमा के सिविल प्रावधानों के तहत है।

जांच के दायरे में एक मामला यह भी है, जिसमें लंदन स्थित मूल कंपनी वेदांता रिसोर्सेज ने 2023 में भारतीय इकाई वेदांता लिमिटेड को ब्रांड फीस का एक हिस्सा वापस किया था। एजेंसी समूह की कुछ अन्य संरचनाओं की भी जांच कर रही है। वेदांता के प्रवक्ता ने कहा, हम पूरा सहयोग कर रहे हैं। मांगी गई सभी जानकारियां दी जा रही हैं। कंपनी सभी कानूनों और नियमों के अनुपालन के लिए प्रतिबद्ध है। मामला फिलहाल नियामकीय प्रक्रिया में है, इसलिए अधिक टिप्पणी नहीं की जा सकती।

वेदांता लिमिटेड धातु, महत्वपूर्ण खनिज और प्रौद्योगिकी क्षेत्र की प्रमुख वैश्विक कंपनी है। हाल ही में कंपनी के बोर्ड ने डीमर्जर योजना को मंजूरी दी है। इसके तहत वेदांता एल्युमिनियम मेटल लिमिटेड, तलवंडी साबो पावर लिमिटेड, माल्को एनर्जी लिमिटेड और वेदांता आयरन एंड स्टील लिमिटेड को अलग सूचीबद्ध कंपनियों के रूप में स्थापित करने की योजना है।

**फडणवीस सरकार** • 56 लाख किसानों को फायदा

# महाराष्ट्र में किसानों का दो लाख रुपए तक का कर्ज माफ

भास्कर न्यूज़ | मुंबई

महाराष्ट्र सरकार ने विधानसभा चुनाव से पहले किए प्रमुख वादों में से एक को पूरा करते हुए किसानों के लिए 2 लाख रुपए तक की कृषि ऋण माफी योजना को मंजूरी दे दी है। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इसे मंजूरी दी गई। योजना का नाम पुण्यश्लोक अहिल्यादेवी होलकर शेतकरी कर्जमुक्ति योजना रखा है। इससे राज्य के लगभग 56 लाख किसानों को लाभ मिलने की उम्मीद है।

योजना में तीन प्रमुख घटक शामिल होंगे - ऋण माफी, वन टाइम सेटलमेंट (ओटीएस) और समय पर ऋण चुकाने वाले किसानों के लिए प्रोत्साहन राशि। पात्रता के लिए भूमि स्वामित्व की कोई सीमा निर्धारित नहीं है। जिन किसानों का मूलधन और ब्याज सहित कुल बकाया अल्पकालिक फसल ऋण 2 लाख रुपए तक है, उन्हें पूरी तरह कर्जमुक्त किया जाएगा। इसके लिए कर्ज 1 अप्रैल 2019 से 31 मार्च 2025 के बीच लिया गया होना चाहिए, 30 सितंबर 2025 तक बकाया होना चाहिए तथा 31 मार्च 2026 तक उसका भुगतान नहीं किया गया हो।

जिन किसानों का बकाया 2 लाख रुपए से अधिक है, उन्हें ओटीएस योजना में शामिल किया जाएगा। ऐसे किसानों को 2 लाख रुपए से अधिक वाली राशि खुद जमा करनी होगी। इसके बाद 2 लाख रुपए तक की ऋण माफी का लाभ मिलेगा।

दैनिक भास्कर
देश का #1 और विश्व का तीसरा सबसे बड़ा अखबार

| | Name of The Newspaper | Country |
|---|---|---|
| 1 | The Yomiuri Shimbun | Japan |
| 2 | The Asahi Shimbun | Japan |
| 3 | Dainik Bhaskar | India |

भारत में पत्रकारिता की अग्रणी पहचान - दैनिक भास्कर समूह

3-YEAR CAGR (FY22-FY25)
Advertising Revenue 13%
PAT 38%

COMPARATIVE OF Q4 FY'26, YoY
Advertising grew by 5.9% ₹407 crore vs. ₹384 crore
EBIDTA grew by 15.6% ₹118 crore vs. ₹102 crore
PAT grew by 18.8% ₹62 crore vs. ₹52 crore

दैनिक भास्कर सच्ची बात, बेधड़क | દિવ્ય ભાસ્કર સાચી વાત, બેધડક | दिव्य मराठी सत्य सांगू, बिनधास्त | MY FM | DB Corp Ltd

#3-WAN IFRA- World Association of News Publishers Report, 2019

#1 Source: ABC July-Dec 2025: Dainik Bhaskar (Main): Bhopal-108095, Hoshangabad-48732, Sagar-57619, Indore-114102, Khandwa-54612, Ujjain-53071, Ratlam-42605, Gwalior-65085, Jabalpur-169642, Chhindwara-29530, Satna-46285, Raipur-169586, Bilaspur-60997, Raigarh-10502, Jaipur-379580, Alwar-62072, Bharatpur-39603, Sikar-55931, Jhunjhunu-52732, Ajmer-63405, Jodhpur-84777, Nagaur-22717, Bhilwara-49548, Barmer-26253, Pali-55685, Bikaner-39160, Sriganganagar-52876, Udaipur-68025, Banswara-31951, Kota-89396, Chandigarh-66573, Shimla-3417, Panipat-78660, Rohtak-50417, Hisar-49030, Rewari-43065, Jalandhar-63061, Ludhiana-33107, Dhanbad-22461, Nagpur-73894.
Dainik Bhaskar (Variant): Bhopal-84638, Indore-84157, Gwalior-49990, Raipur-23376, Jaipur-84349, Chandigarh-18254, Nagpur-17441

**कार्रवाई** • नगर निगम ने लोगों के घरों पर चस्पा किए नोटिस

# नेहरू कॉलोनी को साफ करने की तैयारी, जल्द हो सकती है तोड़फोड़

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

नगर निगम नेहरू कॉलोनी में बड़ी तोड़फोड़ कर सकता है। सूत्रों की मानें तो इसकी योजना बनाई जा रही है और तैयारियां लगभग पूरी कर ली गई हैं। लोगों को घर खाली करने के लिए घरों पर नोटिस चस्पा कर दिए गए हैं। बिजली-पानी कनेक्शन काट दिए गए हैं। ऐसे में पेयजल समस्या से जूझ रहे लोगों ने मंगलवार को डीसी आयुष सिन्हा से मुलाकात कर अपनी समस्याओं को उनके समक्ष रखा। डीसी के आदेश पर निगम की ओर से सरकारी पानी के टैंकरों की सप्लाई शुरू हो गई है। लोगों में घर टूटने का डर बना हुआ है। निगम की ओर से रविवार देर रात नेहरू कॉलोनी में तोड़फोड़ की गई थी। इस दौरान करीब 700 गज मे बने मस्जिद और मंदिर सहित 20 मकानों को जेसीबी से ढहा दिया गया था। इसके बाद से अन्य मकानों के भी तोड़े जाने की चर्चा है।

**निगम के संयुक्त आयुक्त ने लिया जायजा:** जानकारी के अनुसार मंगलवार को नगर निगम के संयुक्त आयुक्त ने नेहरू कॉलोनी का दौरा कर स्थिति का जायजा लिया। अधिकारियों ने क्षेत्र में मौजूद निर्माणों और कब्जों का निरीक्षण किया। स्थानीय लोगों का कहना है कि कुछ दिनों से निगम की गतिविधियां तेज हो गई हैं, जिससे कभी भी बड़े स्तर पर तोड़फोड़ अभियान शुरू होने की आशंका बनी हुई है।

## लोगों का इलाके से पलायन शुरू, बढ़ गया किराया

निगम की संभावित कार्रवाई को देखते हुए कई परिवार पहले ही दूसरे इलाकों में रहने की व्यवस्था तलाशने लगे हैं। स्थानीय निवासियों के अनुसार पिछले कुछ दिनों में अनेक परिवार अपना सामान लेकर अन्य क्षेत्रों की ओर चले गए हैं। इसके चलते आसपास की कॉलोनियों में किराए के मकानों की मांग अचानक बढ़ गई है। संपत्ति कारोबार से जुड़े लोगों का कहना है कि मांग बढ़ने के कारण कई इलाकों में किराया लगभग दोगुना तक हो गया है। पहले जो कमरा या छोटा मकान पांच से छह हजार रुपए मासिक किराए पर उपलब्ध था, उसका किराया अब आठ से दस हजार रुपये तक पहुंच रहा है। इससे निम्न आय वर्ग के परिवारों की परेशानी और बढ़ गई है।



फरीदाबाद. नेहरू कॉलोनी से सामान ले जाते स्थानीय लोग।

**चरणबद्ध तरीके से चल रही है कार्रवाई...** सूत्रों के अनुसार नगर निगम इस बार एकमुश्त कार्रवाई के बजाय चरणबद्ध रणनीति पर काम कर रहा है। पहले अवैध निर्माणों को नोटिस दिए जा रहे हैं। बिजली व पानी जैसी सुविधाओं पर कार्रवाई की जा रही है। निगम की ओर से कई स्थानों पर बिजली-पानी के कनेक्शन काटने की प्रक्रिया भी शुरू कर दी गई है। माना जा रहा है इसका उद्देश्य लोगों को स्वयं स्थान खाली करने के लिए प्रेरित करना है।

**लोगों में असमंजस की स्थिति बनी हुई है...** क्षेत्र के निवासियों का कहना है कि उन्हें भविष्य को लेकर स्पष्ट जानकारी नहीं मिल रही है। नोटिस मिलने और अधिकारियों के लगातार निरीक्षण के कारण लोग असमंजस की स्थिति में हैं। कई परिवार अपने बच्चों की पढ़ाई, रोजगार और रहने की व्यवस्था को लेकर चिंतित नजर आ रहे हैं।

**निगमायुक्त ने न फोन उठाया न मैसेज का जवाब दिया...** इस बारे में नगर निगम के आयुक्त धीरेन्द्र खड़गटा से मोबाइल फोन पर बात करने की कोशिश की गई तो उन्होंने फोन नहीं उठाया। उनके व्हाट्सएप पर भेजे गए मैसेज का भी उन्होंने जवाब नहीं दिया।

## डीटीपी ने बैंक्वेट हॉल पर चलाया बुलडोजर, तीन घंटे चली कार्रवाई




**फरीदाबाद** | जिला नगर योजनाकार (डीटीपी) इंफोर्समेंट की ओर से मंगलवार को कैली गांव के पास अवैध रूप से बने गार्डन और बैंक्वेट हॉल को बुलडोजर से ढहा दिया गया। इस दौरान मौके पर भारी पुलिस बल तैनात था। तीन घंटे चली कार्रवाई के दौरान पूरे ढांचे को ध्वस्त कर दिया गया। डीपीटी इंफोर्समेंट को कैल गांव में अवैध रूप से मैरिज गार्डन संचालित होने की सूचना मिली थी। इसके आधार पर विभाग की ओर से जांच कराकर नोटिस जारी किया गया। संचालक को 15 दिन में अवैध निर्माण हटाने और नोटिस का जवाब देने के आदेश दिए गए। लेकिन उसने नोटिस को अनदेखा कर दिया।

विभागीय अधिकारियों ने बताया कि यहां पहले भी दो से तीन बार तोड़फोड़ की कार्रवाई हो चुकी है, लेकिन हर बार संचालक द्वारा दोबारा निर्माण कर व्यावसायिक गतिविधियां शुरू कर दी जाती थीं। मंगलवार सुबह डीटीपी विभाग की टीम जेसीबी मशीनों लेकर मौके पर पहुंची। टीम को देखते ही संचालकों में हड़कंप मच गया। अधिकारियों की निगरानी में कार्रवाई शुरू की गई।

कामगारों के लिए ईएसआईसी ने शुरू किया ऑनलाइन शिकायत सिस्टम

# आपका इलाज अच्छा नहीं हुआ तो पांच मिनट में बताइए, तुरंत होगा सुधार

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

विभिन्न संस्थानों में काम करने वाले कामगारों के लिए अच्छी खबर है। अब ईएसआईसी के अस्पताल या दवाखाने में इलाज कराने के बाद आप बता सकते हैं कि डॉक्टर ने कैसे देखा, सफाई कैसी थी और दवा मिली या नहीं। इसके लिए सरकार ने एक नया मोबाइल सिस्टम शुरू किया है। यह जानकारी ईएसआईसी के रीजनल डायरेक्टर हरिओम प्रकाश ने दी। उन्होंने यह भी बताया कि शिकायत कैसे कर सकते हैं।

**कैसे कर सकते हैं शिकायत:** इलाज से संबंधित अनुभव आप एसएमएस से दे सकते हैं। इलाज कराते ही आपके मोबाइल पर एक लिंक आएगा। उस पर क्लिक करके रेटिंग दे सकते हैं। इसके अलावा अस्पताल में दीवार पर लगे पोस्टर पर क्यूआर कोड स्कैन करें। अपना आईपी नंबर डालें और बताएं कि इलाज कैसा लगा। इसके अलावा ईएसआईसी की वेबसाइट पर जाकर भी शिकायत कर सकते हैं।

### 3 से कम नंबर मिले तो एक्शन



ईएसआईसी के रीजनल डायरेक्टर हरिओम प्रकाश

रीजनल डायरेक्टर हरिओम प्रकाश ने कहा अगर कामगार अस्पताल को 5 में से 3 से कम नंबर देता है तो कंप्यूटर तुरंत बड़े अफसरों को बता देगा। फिर उस अस्पताल पर तुरंत कार्रवाई होगी। दिल्ली से लेकर आपके शहर के ईएसआईसी अस्पताल तक सभी अफसर इसे अपने मोबाइल पर देख सकेंगे। कौन सा अस्पताल अच्छा है और कौन खराब, इसकी लिस्ट भी बनेगी। रीजनल डायरेक्टर के अनुसार यह सिस्टम इसलिए लाया गया है ताकि कामगारों को बेहतर इलाज मिले।

फीडबैक देने से पहले आपके मोबाइल पर ओटीपी आएगा। उससे पता चल जाएगा कि शिकायत सही आदमी ही कर रहा है। एक ही शिकायत दो बार नहीं भेज सकते। अपनी भाषा में भी शिकायत कर सकते हैं।

# ठेकेदार हत्याकांड में गोली मारने वाला मुख्य शूटर समेत 3 और पकड़े गए

पहले साथ काम करता था आरोपी, ठेकेदारी के विवाद में रची हत्या की साजिश; अभी तक 7 आरोपियों गिरफ्तार चुके

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

डबुआ में 22 मई को लेबर ठेकेदार योगेश कुमार की हत्या के मामले में क्राइम ब्रांच डीएलएफ ने बड़ी कार्रवाई की है। पुलिस ने 1 जून को गोली मारने वाले मुख्य शूटर मौसम समेत 3 आरोपियों को पकड़ लिया। बाकी दो आरोपी विकास कुमार और नीरज कुमार हैं। तीनों बिहार के रहने वाले हैं। पुलिस जांच में पता चला कि मौसम पहले योगेश कुमार के पास मजदूरी करता था। अब वह खुद ठेकेदारी करना चाहता था। इसी बात पर दोनों में झगड़ा हुआ था। ठेकेदार को रास्ते से हटाने के लिए मौसम ने अपने साथियों के साथ मिलकर हत्या की साजिश रची।

**बिहार से पीछा करते आए फरीदाबाद:** 22 मई की सुबह मौसम अपने साथियों के साथ बिहार के पूर्णिया से योगेश का पीछा करते हुए फरीदाबाद पहुंचा। यहां गाजीपुर की वर्कशॉप में सोते समय मौसम ने योगेश पर गोली चला दी। उस समय विकास और नीरज बाहर रैकी कर रहे थे। पुलिस प्रवक्ता ने बताया कि वारदात की साजिश में शामिल 2 आरोपी पहले ही पकड़े जा चुके हैं। हथियार देने वाले 2 आरोपियों को भी बिहार से गिरफ्तार कर लिया गया। अब मुख्य शूटर समेत 3 और पकड़े गए हैं। इस केस में कुल 7 आरोपियों को पुलिस पकड़ चुकी है।

## सरकारी जमीन बेचकर 7 लोगों ने ठगे 37 लाख, केस

**फरीदाबाद** | शहर में भू-माफिया का बड़ा खेल सामने आया है। आरोपियों ने एचएसवीपी की सरकारी जमीन को अपना बताकर एक आदमी को बेच दिया और 37 लाख 50 हजार रुपए ठग लिए। सूरजकुंड थाना पुलिस ने 7 लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश कर रही है। शिवदुर्गा विहार निवासी सलीम कुरैशी ने पुलिस को बताया कि ओम प्रकाश और इस्लाम नाम के दो लोगों ने उन्हें बड़खल में सस्ते दाम पर प्लॉट दिलाने का भरोसा दिया। अप्रैल 2024 में 100 गज के प्लॉट का सौदा 37 लाख 50 हजार रुपए में तय हुआ। सलीम ने सारे पैसे दे दिए।

## एचआईवी मरीजों की पेंशन 18 माह से बंद, 723 लोग परेशान

भास्कर न्यूज | पलवल

जिले में एचआईवी से पीड़ित 723 मरीजों को 18 महीने से सरकारी पेंशन नहीं मिली है। सरकार हर महीने इन्हें 2250 रुपए पेंशन देती है, जिससे मरीज दवा और अच्छा खाना ले सकें। लेकिन बजट न आने से डेढ़ साल से एक भी रुपया नहीं मिला। इससे मरीजों को रोज की जरूरतें पूरी करने में बहुत दिक्कत हो रही है। एक मरीज ने बताया कि वह, उनकी पत्नी और बच्चा तीनों एचआईवी से पीड़ित हैं। पहले 10 महीने की पेंशन एक साथ मिली थी, लेकिन अब 18 महीने से कुछ नहीं मिला। जिला अस्पताल के आंकड़े बताते हैं कि जिले में एचआईवी के मरीज तेजी से बढ़ रहे हैं। 2020 में 53 मरीज थे, जो 2024 में बढ़कर 160 हो गए। 2025 में अब तक 122 और पिछले 6 महीने में 77 नए मरीज मिले हैं। इनमें 40 गर्भवती महिलाएं भी हैं, जिससे बच्चों में बीमारी का खतरा बढ़ गया है। अब हर दिन 25 से 30 लोग जांच कराने अस्पताल पहुंच रहे हैं। अधिकारियों का कहना है कि पेंशन का बजट जारी नहीं हुआ है, इसलिए पैसा रुका है। मरीज सरकार से जल्द पेंशन देने की मांग कर रहे हैं।

## सेक्टर-12 में बनेगा आधुनिक सामुदायिक भवन व बैंक्वेट हॉल

**फरीदाबाद** | सेक्टर 12 में हरियाणा शहरी विकास प्राधिकरण (एचएसवीपी) की ओर से अत्याधुनिक सामुदायिक भवन व बैंक्वेट हॉल बनाने की योजना तैयार की गई है। इसके तहत भवन में सीसीटीवी कैमरे के साथ कई प्रकार की सुविधाएं उपलब्ध कराई जाएंगी। जिससे लोगों को विवाह समारोह, पारिवारिक कार्यक्रम आदि के लिए बेहतर स्थान मिल सकेगा।

सेक्टर-12 शहर का प्रमुख प्रशासनिक और सार्वजनिक गतिविधियों का केंद्र है। यहां जिला प्रशासन, विभिन्न सरकारी कार्यालय और कई महत्वपूर्ण संस्थान स्थित हैं। यहां अभी एक बड़ा कन्वेंशन सेंटर हैं। यहां आये दिन सामाजिक आयोजनों, सांस्कृतिक गतिविधियों, सरकारी सम्मेलन और अन्य सार्वजनिक कार्यक्रम होते हैं। लेकिन सामुदायिक भवन की कोई सुविधा नहीं है। डीपीआर तैयार होने के बाद निर्माण कार्य को गति दी जाएगी।

## सीही गांव में सीवर ओवरफ्लो होने से सड़क बनी तालाब, घुटनों तक पानी

कई माह से सीवर-नाले जाम, लोगों ने पानी में खड़े होकर किया प्रदर्शन

**फरीदाबाद** | सीही गांव में सीवर ओवरफ्लो की समस्या से लोगों की परेशानी बढ़ गई है। सीवर ओवरफ्लो होने से पानी गली में बह रहा है। इससे मुख्य सड़क तालाब बन गई है। इसे लेकर मंगलवार को लोगों ने पानी में खड़े होकर नगर निगम अधिकारियों के खिलाफ प्रदर्शन किया। लोगों का आरोप है कि जब नेहरू कॉलोनी में एक रात में स्लिप रोड बन सकती है तो यहां एक दिन में पानी नहीं निकाला जा सकता क्या।

स्थानीय लोगों ने बताया कि मोरा चौक गांव का प्रमुख रोड है, जहां से रोज बड़ी संख्या में लोग गुजरते हैं। सीवर और नाले जाम होने के कारण गंदा पानी लगातार सड़क पर जमा रहता है। बरसात होने पर स्थिति और भी खराब हो जाती है। जलभराव के चलते दोपहिया वाहन चालकों को फिसलने का खतरा बना रहता है, जबकि पैदल चलने वाले लोगों को पानी के बीच से होकर गुजरना पड़ता है। प्रदर्शन कर रहे लोगों ने बताया कि समस्या की शिकायत कई बार नगर निगम अधिकारियों से की, लेकिन अब तक कोई स्थायी समाधान नहीं हुआ। उनका आरोप है कि अधिकारी केवल आश्वासन देकर मामले को टाल देते हैं, जबकि क्षेत्र के लोगों को रोजाना परेशानी झेलनी पड़ रही है।

## कंपनी का कर्मी ही निकला चोर, 3.5 लाख लेकर फरार

**फरीदाबाद** | चावला कॉलोनी की एक फाइनेंस कंपनी में चोरी करने वाला कोई और नहीं, कंपनी का अपना कर्मचारी ही निकला। अपराध शाखा ऊंचा गांव की टीम ने 1 जून को आरोपी मोनूराज उर्फ करण को मेरठ के किशनपुर से गिरफ्तार कर लिया। उसका कोर्ट से दो दिन का रिमांड मिला है। भारत फाइनेंशियल इंक्लूजन लिमिटेड के मैनेजर ब्रजेश कुमार ने पुलिस को बताया कि उनकी कंपनी महिलाओं को लोन देती है। पुलिस जांच में पता चला कि मोनूराज कंपनी में काम करता था। लॉकर खोलकर 3,54,811 रुपए चुरा लिए।



**समीक्षा** • केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत ने बड़ी विकास परियोजनाओं को लेकर चर्चा की

# मिलेनियम सिटी सेंटर से सेक्टर-9 तक का कॉरिडोर अगस्त 2028 तक पूरा करें: मंत्री

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

गुरुग्राम को विश्वस्तरीय आधारभूत सुविधाओं से सुसज्जित करने की दिशा में चल रही प्रमुख विकास परियोजनाओं की प्रगति की समीक्षा करते हुए केंद्रीय राज्य मंत्री एवं गुरुग्राम के सांसद राव इंद्रजीत सिंह ने मंगलवार को स्थानीय लघु सचिवालय में जीएमडीए, नगर निगम तथा अन्य संबंधित विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ बैठक की। जलापूर्ति से जुड़े विषयों की समीक्षा करते हुए केंद्रीय मंत्री ने एनसीआर वाटर चैनल तथा गुरुग्राम वाटर सप्लाई सिस्टम की प्रगति की जानकारी ली। अधिकारियों को निर्देश दिए कि वर्ष 2051 तक की संभावित जनसंख्या वृद्धि को ध्यान में रखते हुए दीर्घकालिक जल प्रबंधन योजना तैयार की जाए। अधिकारियों ने बताया कि इस संबंध में आईआईटी रुड़की द्वारा सर्वेक्षण कराया गया है, जिसके आधार पर वर्तमान की लगभग 40 लाख की अनुमानित आबादी तथा भविष्य की जरूरतों को ध्यान में रखकर संसाधनों की योजना बनाई जा रही है। अधिकारियों ने यह भी बताया कि गुरुग्राम वाटर सप्लाई सिस्टम (जीडब्ल्यूएस) को पाइपलाइन आधारित व्यवस्था में परिवर्तित करने का कार्य टेंडर आवंटन के बाद 30 माह के भीतर पूरा कर लिया जाएगा। बैठक में गुरुग्राम के विधायक मुकेश शर्मा, प्रधान सलाहकार (शहरी विकास) डीएस ढेसी, जीएमडीए के सीईओ पीसी मीणा, निगम आयुक्त प्रदीप दहिया, एचएसवीपी प्रशासक वैशाली सिंह, एडीसी सोनू भट्ट सहित अन्य विभागीय अधिकारी मौजूद रहे।

## वर्ष 2051 की जरूरतों को ध्यान में रखकर जल प्रबंधन पर जोर




अधिकारियों के साथ बड़ी विकास परियोजनाओं की समीक्षा करते केंद्रीय मंत्री राव इंद्रजीत सिंह।

**गुरुग्राम मेट्रो का 8 प्रतिशत कार्य पूरा:** बैठक में अधिकारियों ने बताया कि गुरुग्राम मेट्रो परियोजना का लगभग 8 प्रतिशत कार्य पूरा हो चुका है तथा मिलेनियम सिटी सेंटर से सेक्टर-9 तक का कॉरिडोर अगस्त 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है।अधिकारियों ने यह भी बताया कि कुछ स्थानों पर निजी भूमि अधिग्रहण की प्रक्रिया अभी जारी है। इस पर केंद्रीय मंत्री ने निर्देश दिए कि भूमि अधिग्रहण से जुड़े सभी मामलों का शीघ्र निस्तारण कर परियोजना के कार्यों में तेजी लाई जाए।

**एसपीआर 30 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य:** सदर्न पेरिफेरल्स रोड (एसपीआर) परियोजना की समीक्षा के दौरान अधिकारियों ने बताया कि एनएच-48 से वाटिका चौक तक का निर्माण कार्य अक्टूबर में शुरू होने की संभावना है, जबकि वाटिका चौक का डिजाइन अंतिम चरण में है। उन्होंने बताया कि निर्माण कार्य शुरू होने के बाद इसे 30 माह के भीतर पूरा करने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। केंद्रीय मंत्री ने अधिकारियों को परियोजना को प्राथमिकता के आधार पर आगे बढ़ाने और सभी प्रक्रियाओं को समयबद्ध ढंग से पूरा करने के निर्देश दिए।

**निर्माण कार्यों की गुणवत्ता और लंबित परियोजनाओं पर जताई नाराजगी**
बैठक के दौरान केंद्रीय मंत्री ने गुरुग्राम-पटौदी-रेवाड़ी राष्ट्रीय राजमार्ग के निर्माण कार्यों की धीमी प्रगति पर नाराजगी जताई। उन्होंने राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के अधिकारियों को निर्माण कार्यों की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के निर्देश देते हुए कहा कि जहां-जहां फ्लाईओवर अथवा अन्य निर्माण कार्य लंबित हैं, वहां उन्हें प्राथमिकता के आधार पर पूरा किया जाए। साथ ही सर्विस रोड की स्थिति में सुधार कर यातायात को सुगम बनाया जाए।

## मानेसर की मेयर व सफाई एजेंसी के बीच विवाद: विजिलेंस जांच की सिफारिश

केंद्रीय मंत्री बोले- बिना सबूत आरोपों को सही मान लेना अनुचित

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम में सफाई एजेंसी पूजा कंसलटेशन की कार्यप्रणाली और कथित भ्रष्टाचार के गंभीर आरोपों को लेकर चल रहा राजनीतिक गतिरोध अब और बढ़ गया है। इस पूरे विवाद में केंद्रीय राज्यमंत्री राव इंद्रजीत सिंह की एंट्री हो गई है। मंगलवार को गुरुग्राम महानगर विकास प्राधिकरण की एक महत्वपूर्ण बैठक में पहुंचे केंद्रीय मंत्री ने इस पूरे मामले पर अपनी कड़ी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने बताया कि वे हरियाणा सरकार से सफाई एजेंसी व उसके कार्य की विजिलेंस से जांच करवाने की मांग कर चुके हैं। उन्होंने मेयर पति पर सफाई एजेंसी द्वारा कथित रूप से किए जा रहे भ्रष्टाचार में हिस्सा मांगने के आरोपों को लेकर भी कहा कि बिना पुष्टि के इस तरह के आरोप लगाना ठीक नहीं है। केंद्रीय मंत्री ने पत्रकारों से बातचीत में कहा कि बिना किसी ठोस जांच और पुख्ता सबूतों के किसी भी आरोप को सही मान लेना पूरी तरह से अनुचित है। राजनीतिक या प्रशासनिक पदों पर बैठे व्यक्तियों पर लगने वाले आरोपों की सच्चाई सामने आना बेहद जरूरी है। पूरे मामले में पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए उन्होंने हरियाणा सरकार से इस पूरे प्रकरण की विजिलेंस जांच कराने की सिफारिश भेजी है। उनका मानना है कि विजिलेंस जांच से दूध का दूध और पानी का पानी हो जाएगा।

## चंडीगढ़ की तर्ज पर विकसित होंगे मानेसर निगम क्षेत्र के गोल चक्कर, बनाई योजना

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम

मानेसर नगर निगम क्षेत्र में एचएसवीपी की सड़कों पर स्थित बड़े गोल चक्करों को चंडीगढ़ की तर्ज पर डिजाइन करेगा। इन सड़कों पर करीब 35 किलोमीटर लंबी ग्रीन बेल्ट, सेंट्रल वर्ज को भी एनजीओ, कंपनियों, सोसाइटियों आदि से सीएसआर के तहत विकसित करवाया जाएगा। इन सड़कों को डस्ट फ्री बनाने के लिए एंटी स्मोक टावर लगाए जाएंगें। एंटी स्मोक गन से इन सड़कों पर नियमित पानी का छिड़काव करने की योजना बनाई गई है।

नगर निगम आयुक्त प्रदीप सिंह ने मंगलवार को निगम क्षेत्र की विभिन्न सड़कों का दौरा किया। इस दौरान उन्होंने निगम अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि नगर निगम जरूरत के अनुसार एंटी स्मोक गन खरीदेगा। इनसे सड़कों पर नियमित रूप से पानी का छिड़काव किया जाएगा। ग्रीन बेल्ट, सेंटर वर्ज को हरा-भरा और धूल मुक्त बनाने के लिए एसटीपी का संशोधित पानी का इस्तेमाल किया जाएगा। ज्यादा धूल वाले इलाकों में एंटी स्मोक टावर भी लगाने के आदेश आयुक्त ने दिए। उन्होंने कहा कि वायु गुणवत्ता प्रबंधन आयोग के नियमानुसार सड़कों को विकसित किया जाना चाहिए।

## पैर फिसलने से ट्रेन व प्लेटफार्म के बीच फंसे व्यक्ति की मौत, जांच जारी

भास्कर न्यूज | गुरुग्राम गुरुग्राम में दिल्ली-रेवाड़ी रेलवे लाइन पर सोमवार शाम एक मजदूर की पैसेंजर ट्रेन से पैर फिसलने से मौत हो गई। मृतक की पहचान 46 वर्षीय जगपाल निवासी अमरोहा उत्तर प्रदेश के रूप में हुई है। वह फर्रुखनगर के फाजिलपुर गांव में किराए पर रहकर दिहाड़ी मजदूरी करता था। यह हादसा सोमवार शाम करीब 6:42 बजे ताजनगर रेलवे स्टेशन पर उस समय हुआ जब जगपाल अपनी बेटी के साथ अमरोहा उत्तर प्रदेश के लिए जा रहा था। पिता-पुत्री दोनों ट्रेन में चढ़ गए थे, लेकिन गलत ट्रेन का पता चलने पर जगपाल उतरने लगा तो ट्रेन चलने लगी। तभी जगपाल दिल्ली की ओर जा रहा था।

## नव नियुक्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी का किया गया स्वागत



**गुरुग्राम** | हरियाणा प्राइमरी टीचर एसोसिएशन, गुरुग्राम के प्रतिनिधिमंडल ने जिला प्रधान अमित भारद्वाज के नेतृत्व में नव नियुक्त जिला मौलिक शिक्षा अधिकारी (डीईईओ) का स्वागत एवं अभिनंदन किया। इस अवसर पर प्रतिनिधिमंडल ने पुष्पगुच्छ भेंट कर उन्हें शुभकामनाएं दीं। बैठक के दौरान शिक्षा व्यवस्था, शिक्षक हितों एवं विद्यालयों से संबंधित विभिन्न विषयों पर सकारात्मक एवं सौहार्दपूर्ण चर्चा हुई।

## फर्रुखनगर-झज्जर बाईपास पर मिली नवजात बच्ची, अस्पताल में एडमिट

**गुरुग्राम** | फर्रुखनगर-झज्जर बाईपास रोड पर एक नवजात बच्ची मिली। सूचना मिलने पर पुलिस ने बच्ची को सुरक्षित अस्पताल में भर्ती कराया और अज्ञात माता-पिता के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। फर्रुखनगर थाना प्रभारी ने बताया कि बच्ची जहां मिली, वहां आसपास खेत हैं। लोगों से पूछताछ की जा रही है। फिलहाल बच्ची को नागरिक अस्पताल गुरुग्राम में एडमिट कराया गया है, जहां उसकी हालत सामान्य बताई गई है। सुल्तानपुर निवासी सोमबीर सिंह ने पुलिस को बताया कि वह फर्रुखनगर-झज्जर बाईपास स्थित अपने सागर होटल से रिश्तेदार के ट्रांसपोर्ट कार्यालय जा रहे थे।

## ट्रक की टक्कर से ट्रांसफार्मर क्षतिग्रस्त, साढ़े चार लाख का नुकसान, केस दर्ज

**गुरुग्राम** | दक्षिण हरियाणा बिजली वितरण निगम के असिस्टेंट एग्जीक्यूटिव इंजीनियर ने सदर थाना में शिकायत दर्ज कराई कि निगम के 200 केवी के ट्रांसफार्मर को राजस्थान नंबर के एक आयशर ट्रक ने गत 18 मई को टक्कर मार दी थी। इस संबंध में पुलिस ने केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी। इस हादसे से ट्रांसफार्मर पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया और निगम को करीब साढ़े चार लाख रुपए का आर्थिक नुकसान हुआ। पुलिस को दी शिकायत में एईई ने बताया कि गत 18 मई की दोपहर को एक सफेद ट्रक आईसर ने इसलामपुर नजदीक सुभाष चौक गुरुग्राम सेक्टर-49 के पास बिजली के ट्रांसफार्मर में टक्कर मार दी थी।

## पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागते गोतस्कर के दोनों पैरों में लगी गोली

भास्कर न्यूज | नूंह



आरोपी जमशेद।

पुलिस टीम पर फायरिंग कर भागते गोतस्करों में से एक के दोनों पैरों में पुलिस ने गोली मार उसे काबू कर लिया। तस्करों की पिकअप में तथा इसे एस्कार्ट कर रही कार में सवार कुल तीन आरोपी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गए। फरार आरोपियों को काबू करने के लिए पुलिस ने कार्रवाई शुरू कर दी।

मंगलवार की सुबह करीब सवा चार बजे दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर बसईमेव गांव की ओर जाने वाले रास्ते पर पुलिस की बैरिकेडिंग तोड़ भागे गो तस्करों का नूंह व तावडू सीआईए की संयुक्त टीम ने पीछा करना शुरू किया तो आरोपियों ने पुलिस टीम पर फायरिंग शुरू कर दी। गांव बसईमेव में आर्य समाज मंदिर के पास तस्करों की पिकअप एक ट्रक से टकराकर क्षतिग्रस्त हो गई। उतरकर भागते तस्करों ने फिर पुलिस पर फायरिंग की तो पुलिस कर्मियों ने जवाब में गोली चलाई। पुलिस की गोली भागते हुए एक गोतस्कर के दोनों पैरों में लगी। उसे इलाज के लिए तत्काल नलहड़ मेडिकल कॉलेज पहुंचाया। जहां डॉक्टर्स की निगरानी में उसका इलाज जारी है। आरोपी की पहचान राजस्थान के अलवर जिले के भूतकावास गांव निवासी जमशेद के रूप में हुई है।

## थार से स्टंटबाजी कर की जिगजैग ड्राइविंग, केस दर्ज

**गुरुग्राम** | गुरुग्राम में एक युवक ने चलती ब्लैक थार से स्टंटबाजी की। रोड के बीच में थार दौड़ा कर अपनी एक वीडियो भी बनवाई। युवक पहले हाईस्पीड में थार लेन क्रॉस करता रहा। इसके बाद ड्राइवर साइड की खिड़की खोलकर ड्राइविंग करता दिखाई दिया। इस घटना से जुड़ी एक वीडियो भी सोशल मीडिया पर वायरल हो रही है, जिसमें थार को बैक और फ्रंट साइड से कैप्चर किया गया है। वीडियो के बैकग्राउंड में देसी राखै छोरा हथियार सॉन्ग भी बज रहा है। गुरुग्राम ट्रैफिक पुलिस ने वीडियो सामने आते ही थार गाड़ी का 26500 रुपए का चालान भी कर दिया। गुरुग्राम सेक्टर-60 स्थित लैमन ट्री होटल के सामने युवक ने जमकर स्टंटबाजी की। खुद ही इस स्टंटबाजी का करीब 15 सेकेंड का एक वीडियो बनाए।

## सोहना नागरिक अस्पताल के 19 कर्मियों के मोबाइल हैक

भास्कर न्यूज | सोहना


सोहना के नागरिक अस्पताल में कथित साइबर हमले की घटना सामने आने के बाद अस्पताल प्रशासन और कर्मचारियों में भारी चिंता का माहौल है। जानकारी के अनुसार अस्पताल के करीब 19 स्टाफ कर्मचारियों के मोबाइल फोन हैक होने का मामला सामने आया है। कुछ कर्मचारियों के फोन पूरी तरह लॉक हो गए हैं, जबकि कई मोबाइल फोन का महत्वपूर्ण डाटा भी रहस्यमय तरीके से गायब होने की शिकायत है।

बताया जा रहा है कि हैकर हैक किए गए मोबाइल फोन का दुरुपयोग करते हुए महिला कर्मचारियों तथा वरिष्ठ अधिकारियों को अश्लील और आपत्तिजनक संदेश भेज रहा है। इस घटना के बाद अस्पताल परिसर में हड़कंप मच गया और कर्मचारियों में भय का वातावरण बन गया है। अस्पताल प्रशासन ने मामले को गंभीरता से लेते हुए सोहना सिटी थाना पुलिस को लिखित शिकायत दी है। शिकायत के आधार पर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है और साइबर विशेषज्ञों की मदद से पूरे मामले की पड़ताल की जा रही है। अस्पताल के कुछ कर्मचारियों का आरोप है कि अस्पताल में कार्यरत एक चिकित्सक द्वारा कर्मचारियों से मोबाइल फोन मांगने के बाद कई फोन हैक व लॉक होने की घटनाएं सामने आई हैं। कर्मचारियों का कहना है कि संबंधित व्यक्ति के संपर्क में आने के बाद कई मोबाइल फोन अचानक बंद हो गए, लॉक हो गए।

## बच्चे की हत्या करने के मामले में 17 महीने बाद आरोपी गिरफ्तार

**गुरुग्राम** | गत वर्ष 5 जनवरी 2025 को जमालपुर चौकी पुलिस को सूचना मिली कि एक बच्चे को जहरीला पदार्थ खिलाने से अस्पताल में लाया गया है। बाद में जांच की तो डॉक्टरों ने बच्चे को मृत घोषित कर दिया था। पुलिस टीम अस्पताल पहुंची और मृतक बच्चे के शव का पोस्टमार्टम कराने के बाद शव परिजनों को सौंप दिया था। वहीं पुलिस प्रवक्ता संदीप कुमार ने बताया कि बच्चे की विसरा रिपोर्ट जांच के लिए भेजी गई थी, जिसकी जांच रिपोर्ट आने के बाद आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है।

वहीं मृतक बच्चे की मां द्वारा दी गई शिकायत में बताया कि वह वर्ष 2023 से विक्रमजीत के साथ लिव-इन रिलेशनशिप में रह रही थी और दोनों की सहमति से एक बेटे का जन्म हुआ था, जिसकी उम्र करीब पांच महीने थी। बच्चे के जन्म के बाद इसके और पार्टनर विक्रमजीत के बीच अक्सर विवाद रहता था। 4 जनवरी 2025 को विक्रमजीत ने बच्चे को अपने साथ घुमाने के लिए ले गया और कुछ समय बाद बच्चे को वापस लाकर उसकी तबीयत खराब होने की बात कही। इसके बाद बच्चे को उपचार के लिए अस्पताल ले जाया गया था।




10 YEAR WARRANTY | BAJAJ SECURE • AMC • ROAD SIDE ASSISTANCE | 72198 21111 | Flipkart | amazon.in

*नियम और शर्तें लागू. ऑफ़र 30 जून 2026 तक मान्य है. पल्सर N160 USD सिंगल सीट वैरिएंट पर दिए गए ई–कॉम ऑफ़र्स, संबंधित ई–कॉम पार्टनर की शर्तों के अधीन हैं. ई–कॉम ऑफ़र्स हर पार्टनर के अनुसार परिवर्तित हो सकते हैं. स्टंट्स, एक्सपर्ट्स द्वारा प्रोफ़ेशनल सुपरविज़न के तहत, आम जनता या आम रास्तों से हट कर नियंत्रित और बंद सीमित वातावरण में किए गए हैं. कृपया इन स्टंट्स की नक़ल करने का प्रयास न करें और हर समय ट्रैफ़िक तथा सुरक्षा नियमों का पालन करें.

**Authorised Dealers for Bajaj Auto Ltd.: DELHI: CENTRAL DELHI: Karol Bagh** BAGGALINK BAJAJ 011-23550011/9910399106 • **NORTH DELHI: Pitampura** BAGGALINK BAJAJ 9910399107 • **Budh Vihar, Rohini** BAGGALINK BAJAJ 9910399108 • **Rithala** BAGGALINK BAJAJ 9910399115 • **Mahipalpur** BAGGALINK BAJAJ 9910399119/239 • **Najafgarh** BAGGALINK BAJAJ 9910399235 • **Kirari** BAGGALINK BAJAJ 9355326868 • **Raja Garden** SWADESHI BAJAJ 9210600907 • **G.T. Karnal Road** SWADESHI BAJAJ 9212110787 • **Wazirpur** SWADESHI BAJAJ 9250211944 • **Zakhira/ShashtriNagar SWADESHI BAJAJ** 9250211933 • **Jahangirpuri SWADESHI BAJAJ** 9711248285 • **Narela GLOBAL BAJAJ** 9311300688 • **Peeragarhi GLOBAL BAJAJ 9311300695** • **Bawana GLOBAL BAJAJ 9311300699** • **Burari GLOBAL BAJAJ** 9711998154 • **EAST DELHI • South Ganesh Nagar** GLOBAL BAJAJ 9319420888/9319431888. •**Jagatpuri, Krishna Nagar Metro Station** GLOBAL BAJAJ–9319421555 •**KONDLI, Main Market-Global Bajaj** -9319423555 • **Shahdara-Durgapuri Chowk** RRAG BAJAJ -7678440243 • **Bhajan Pura RRAG BAJAJ 7678440309** • **Jhilmil RRAG BAJAJ 9289303905** • **WEST DELHI: Dwarka JSB BAJAJ 8882210730** • **Uttam Nagar, Metro Pillar No. 753 JSB BAJAJ 8882212366** • **Tilak Nagar, Metro Pillar No. 533 JSB BAJAJ 7827786351; RAJAPURI - 8882212339;** • **Raja Garden** SWADESHI BAJAJ 40044444 /9210600907 • **SOUTH DELHI: Khanpur** GURU NANAK BAJAJ 9899140708, 9654561373 • **Pul Prahladpur** GURU NANAK BAJAJ 8851652946 • **Okhla -Phase-II MADHUR BAJAJ** 9289906219/8447431069 • **Adchini-Aurbindo Marg MADHUR BAJAJ** 9560208232 • **Lajpat Nagar , Near Jal vihar Circle -MADHUR BAJAJ 9319198612** • Ayanagar -MADHUR BAJAJ 9319198611 * **HARYANA: Gurgaon: JSB Bajaj :New Rly. Road: 7827786356; Sector 14 : 8882212365; Chakarpur: 8860099986; Manesar 7827786362: Pataudi 7827786354; ; Khandsa Road: 9355979205, Islampur : 9355979216; Sohna Road: 9355908502, 7838774480; Basai: 9218039153; Badshahpur: 9218039152; Wazirabad: 9355908530; Sec 18: 8860099943; Rewari: JSB Bajaj: Rewari - Delhi Rd 8295823621/9024761376 Faridabad:** NIT,Railway Road :- GREEN BAJAJ 0129 -4036666, 9891020209 **Old Faridabad Chowk 80764 05186; Bata Chowk 9873660066 ,Neharpar/ Kheri 9958273030, Pyali Chowk/Dabua - 99582 82112** • **Ballabgarh:** ARORA BAJAJ BALLABGARH: 7503000974/75 GAUNCHHI: 9069111729 VILL. TIGAON: 9873000517; SIKRI: 8178008100. • **Palwal:** VIDYA BAJAJ 9416636037, 01275-259233 • **UTTAR PRADESH UTTAR PRADESH** • **Ghaziabad:** SHIVA BAJAJ 8595167770 • **Hapur:** SHIVA BAJAJ 9760020028 • **NOIDA SEC 6: SKYLINE BAJAJ 7065000365** • **Noida SEC 63** KAY DEE BAJAJ 8750044099 • **Greater Noida SKYLINE BAJAJ** 7065000365 • **Sahibabad:** SHIVA BAJAJ 9311590335 • **Meerut:** • **Pallavpuram** BIKE ZONE BAJAJ 8527586748 **Delhi Road: VIJETA BAJAJ** 7302255106.


Loot Blink
SABSE BADI DEALS, SABSE BADA FAAYDA!
JOIN INDIA'S MOST TRUSTED
DEALS CHANNEL
SAVE MORE SPEND LESS!
100% REAL DEALS | LIMITED TIME OFFERS | BEST PRICES GUARANTEED
SAB PE BADI BACHAT!
UP TO 90% DISCOUNT DEALS
BIGGEST DISCOUNTS • BEST BRANDS • LIMITED STOCK
LIMITED STOCK
JOIN KARO AUR PAO SABSE BADI LOOT DEALS!
boat Airdopes 141 TWS Earbuds ₹2,990 ₹249 92% OFF YOU SAVE ₹2,741
Noise Pulse 2 Smart Watch ₹4,999 ₹349 93% OFF YOU SAVE ₹4,650
iPhone 13 128GB ₹59,900 ₹5,399 91% OFF YOU SAVE ₹54,501
SAMSUNG 32" HD Smart TV 89% OFF YOU SAVE ₹25,800
realme Narzo N55 (6GB+128GB) ₹13,999 ₹799 94% OFF YOU SAVE ₹13,200
ASUS Vivobook 15 (i3 12th Gen, 8GB/512GB SSD) 90% OFF YOU SAVE ₹40,491
GREEN SOUL Office Chair Ergonomic ₹14,999 ₹1,499 92% OFF YOU SAVE ₹17,500
SAMSUNG 980 500GB NVMe SSD ₹6,999 91% OFF YOU SAVE ₹6,400
WILDCRAFT Backpack ₹1,999 ₹149 93% OFF YOU SAVE ₹1,850
PHILIPS Trimmer Series 3000 ₹1,995 ₹199 90% OFF YOU SAVE ₹1,796
AGARO Air Fryer 4.5L ₹6,999 ₹699 90% OFF YOU SAVE ₹6,300
PUMA Men's Running Shoes ₹3,999 91% OFF YOU SAVE ₹3,650
ZEBRONICS Study Headphones with Mic ₹1,499 ₹169 89% OFF YOU SAVE ₹1,330
PORTABLE Laptop Table Foldable ₹1,299 ₹129 90% OFF YOU SAVE ₹1,170
boAt Stone 650 Bluetooth Speaker ₹3,999 ₹199 95% OFF YOU SAVE ₹3,800
UPTO 90% OFF ON TOP BRANDS
PRICE DROP ALERTS BE THE FIRST TO KNOW
100% GENUINE PRODUCTS
FAST DELIVERY ACROSS INDIA
DEALS ITNI BADI, KI CHOOK GAYE TO PACHTAOGE!
ABHI JOIN KARO AUR LOOTNA SHURU KARO!
JOIN OUR WHATSAPP CHANNEL
Instant Deal Alerts
Exclusive Offers
Limited Stock Updates
CLICK HERE
JOIN OUR TELEGRAM CHANNEL
Latest Deals & Offers
Price Drops Alerts
Limited Time Offers
CLICK HERE
SAVE TIME SHOP SMART
SAVE MONEY LIVE BETTER
SMART CHOICES. BRIGHTER FUTURE!
SHOP SMART. SAVE BIG. SHINE BRIGHT.
JOIN 1 LAKH+ SMART SHOPPERS & SAVE THOUSANDS EVERY MONTH!



# चंबल की लहरों पर नन्हे घड़ियालों की मस्ती...

**मुरैना** | राष्ट्रीय चंबल अभयारण्य में धीरे-धीरे अंडों से नन्हें घड़ियाल जन्म ले रहे हैं। । चंबल नदी के साफ पानी में नदी गांव घाट पर घड़ियाल के नन्हे बच्चों का एक बड़ा झुंड एक साथ जलक्रीड़ा करता और सतह पर तैरता हुआ दिखाई दिया। विशेषज्ञों के अनुसार, चंबल नदी का रेतीला किनारा और प्रदूषण मुक्त पानी घडियालों के प्रजनन के लिए दुनिया में सबसे अनुकूल माना जाता है। मार्च और अप्रैल के महीने में मादा घड़ियाल नदी के किनारों पर गहरे घोंसले खोदकर अंडे देती हैं। इसके बाद मई के आखिरी सप्ताह से लेकर जून के शुरुआती दिनों में इन अंडों से नन्हे बच्चे बाहर निकल आते हैं। हाल ही में क्षेत्र में हुई बारिश और बदले मौसम के कारण पानी का तापमान सामान्य हुआ है, जिससे ये नन्हे जीव पानी की सतह पर सामूहिक रूप से तैरते हुए आसानी से देखे जा रहे हैं।

**एक्सपर्ट व्यू** — ज्योति डंडौतिया, जलीय जीव विशेषज्ञ नेशनल चंबल सेंचुरी

### नेचर में कम बचते हैं बच्चे

चंबल नदी के किनारे अनुमान है कि 30 हजार से ज्यादा नन्हे घड़ियाल जन्म लेते हैं। मई जून में यह बच्चे जन्म लेते हैं और जुलाई में नदी में बाढ़ आने लगती है। ऐसे में छोटे घड़ियाल बह जाते हैं और सर्वाइव नहीं कर पाते। इनमें से 3 फीसदी ही सुरक्षित बच पाते हैं। यह नेचर पर डिपेंड है कि कितने बच्चे सर्वाइव कर पाएंगे।

सूरजपुर में स्क्रैप मोबाइल बैटरी बनी बम

# कबाड़ बैटरी आग में फेंकी, धमाके से मासूम की मौत

भास्कर न्यूज़ | अंबिकापुर

सूरजपुर जिले के ब्रह्मपुर गांव में बच्चों ने खेलते समय पुरानी मोबाइल बैटरी को कूड़े की आग में डाल दिया। बैटरी धमाके के साथ फट गई। घटना में एक साल के बच्चे की मौत हो गई।

ब्रह्मपुर निवासी महेंद्र सिंह नेताम का एक वर्षीय बेटा आदित्य 31 मई की शाम घर के बाहर बड़े भाई-बहनों और दूसरे बच्चों के साथ खेल रहा था। तभी एक बच्चा पास के कचरे से तीन साल पुरानी मोबाइल की खराब बैटरी उठा लाया। उन्होंने पास में जल रहे कचरे में डाल दिया। इससे जोरदार विस्फोट हुआ। धमाके की चपेट में आदित्य का चेहरा, सीना, पेट, हाथ बुरी तरह झुलस गए। आवाज सुनकर परिजन मौके पर पहुंचे। बच्चे को तुरंत प्रेमनगर अस्पताल ले गए। प्राथमिक इलाज के बाद उसे सूरजपुर जिला अस्पताल भेजा गया। वहां से मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर रेफर किया गया। मासूम को 1 जून को भर्ती किया गया था। मंगलवार सुबह इलाज के दौरान उसकी मौत हो गई। विशेषज्ञों का कहना है कि शायद आग में टर्मिनल शॉर्ट-सर्किट होने से धमाका हुआ।

**एक्सपर्ट व्यू** — ग्लेडिस एस मैथ्यू, इलेक्ट्रिकल विभाग, इंजीनियरिंग कॉलेज सरगुजा

### लीथियम-आयन बैटरी को आग में डालना खतरनाक

खराब या अनुपयोगी लिथियम-आयन बैटरियों को खुले में, कूड़े के ढेर में या आग में नहीं फेंकना चाहिए। ऐसी बैटरियों के टर्मिनलों को टेप से ढंककर अधिकृत ई-वेस्ट केंद्र में जमा करें। लीथियम-आयन बैटरी को आग में डालना छोटे बम को आग में डालने जैसा हो सकता है, क्योंकि अत्यधिक गर्मी से उसमें दबाव बढ़कर विस्फोट की स्थिति बन जाती है। सूरजपुर की घटना में भी ऐसा ही हुआ होगा।

रायपुर में साइबर ठगों ने 225 से ज्यादा लोगों को एक दिन में मोबाइल पर भेजा एपीके फाइल मैसेज, दो से ठगी

# खतरा... निमंत्रण, ई-चालान और योजनाओं के नाम पर भेजी जा रही 'APK' फाइल, डाउनलोड करते ही खाते से पैसा पार

भास्कर न्यूज़ | रायपुर

वॉट्सएप, टेलीग्राम या एसएमएस से अगर कोई निमंत्रण, ई-चालान, सरकारी आदेश या योजना से जुड़े लिंक या फाइल आए तो खोलने से पहले सावधान रहें। इसे खोलते ही मिनटों में आपका बैंक खाता खाली हो सकता है। साइबर ठग इसी एपीके फाइल के जरिए लोगों के खातों में सेंध लगा रहे हैं। ये अपराधी गूगल प्ले स्टोर को बायपास कर सीधे मोबाइल में फाइल भेज रहे हैं। जैसे ही यूजर इसे डाउनलोड या ओपन करता है, फोन में मैलवेयर इंस्टॉल हो जाता है। इसके बाद मोबाइल का पूरा एक्सेस ठग के पास चला जाता है।

ठग फोन को लाइव मॉनिटर करता है। मैसेज, चैट, ओटीपी समेत पूरा डेटा उसके पास पहुंचता है। इसके जरिए वह बैंक खाते को ऑपरेट कर पैसे निकाल लेता है। रायपुर में इस तरह की ठगी के पांच मामले सामने आए हैं। पीड़ितों के नंबर से करीब 225 से ज्यादा लोगों को मैसेज भेजा गया। जिन लोगों ने एपीके फाइल खोल ली, वे सभी साइबर सेल और साइबर थाने पहुंचे। वहां उनके खाते ब्लॉक कराए गए और संदिग्ध एप्लीकेशन अनइंस्टॉल कराए गए। कैसे पहचानें APK फाइल एपीके (एंड्रॉयड पैकेज किट) एक तरह की फाइल होती है, जिसका उपयोग ऐप इंस्टॉल करने के लिए होता है, लेकिन ठग इसका इस्तेमाल फोन का एक्सेस लेने के लिए कर रहे हैं। यह एक तरह का रिमोट कंट्रोल एप्लीकेशन बन जाता है। बिजली बिल हाफ योजना, कनेक्शन कटना, पेंडिंग कूरियर, पार्सल ट्रैकिंग, महतारी वंदन योजना, फ्री रिचार्ज या लॉटरी, स्पीड पोस्ट, कोर्ट-पुलिस वारंट, शादी या बर्थ-डे निमंत्रण, पीएम आवास योजना जैसे नामों से मैसेज भेजे जाते हैं।



इस तरह मैसेज में आ रहा एपीके फाइल।

**पीड़ित की जुबानी.... खाता कैसे खाली हुआ, समझ ही नहीं आया**

**शिवानंद** नगर के शिव तिवारी (बदला हुआ नाम) ने बताया कि उनके पास पीडब्ल्यूडी के रिटायर अधिकारी के नंबर से निमंत्रण आया था। उन्होंने उसे खोल लिया। उसमें कुछ भी स्पष्ट नहीं था। दो दिन बाद, 28 मई को खाते से पैसे निकलने का मैसेज आया। घबराकर वे तुरंत पुलिस के पास पहुंचे और 1930 पर कॉल कर खाता ब्लॉक कराया। तब तक ठग 76 हजार रुपए निकाल चुका था। उन्होंने बताया कि पुलिस को भी शुरुआत में समझ नहीं आया कि पैसे कैसे निकले। शिव निश्चिंत हो चुके थे, लेकिन 1 जून की रात 10 बजे उनके पास कई लोगों का फोन आने लगा कि उनके नंबर से एपीके फाइल वाला मैसेज जा रहा है। शिव कुछ कर पाते, इससे पहले ही फोन कंट्रोल से बाहर हो गया। वे तुरंत साइबर सेल पहुंचे। साइबर सेल में मोबाइल की जांच की गई तो पता चला कि फोन में एपीके फाइल इंस्टॉल हो चुका है। साइबर सेल की टीम ने तत्काल एप सेटिंग में जाकर फाइल को हटाया गया। रातभर 30 से ज्यादा लोगों के फोन आए, जिससे वे काफी घबरा गए थे।

**फोन हैक हो गया, लेकिन ठगी से बचा**

रिटायर अधिकारी एसके जैन ने बताया कि 20 मई दोपहर एक परिचित के नंबर से निमंत्रण का मैसेज आया। उसे खोलते ही मोबाइल हैक हो गया। वे तुरंत साइबर सेल पहुंचे, जहां जांच में एपीके फाइल की पुष्टि हुई और तुरंत उसे डिलीट कर दिया गया।

**ई-चालान का फाइल खोला 3.67 लाख पार..** मुकुट नगर निवासी सीमा मांझी (56) अपने परिवार के साथ रहती हैं। उनके मोबाइल पर ई-चालान का मैसेज आया, जिसमें APK फाइल थी। फाइल खोलते ही उनके दो बैंक खातों से अलग-अलग किश्तों में रकम निकाल ली गई। घटना का पता चलते ही उन्होंने दोनों खातों को ब्लॉक करा दिया।

**बचाव का तरीका** -मुकेश चौधरी, एक्सपर्ट साइबर क्राइम

- गूगल प्ले स्टोर और एप्पल ऐप स्टोर से ही ऐप डाउनलोड करें।
- वॉट्सएप, टेलीग्राम, एसएमएस या लिंक से आई फाइल न खोलें।
- फाइल या लिंक खोलते समय देखें, उसमें APK लिखा हो तो न खोलें।
- फोन में Unknown Sources या Install Unknown Apps हमेशा बंद रखें।
- ऐप इंस्टॉल करते समय उसकी परमिशन (SMS, कॉन्टैक्ट, एक्सेसिबिलिटी) ध्यान से देखें।
- गूगल प्ले प्रोटेक्ट ऑन रखें और समय-समय पर फोन स्कैन करें।

**श्रम विभाग का फैसला** • इंदौर-भोपाल के 1.10 लाख नए कार्ड की जांच

# संबल 2.0 में गलत क्लेम पर FIR के साथ वसूली के लिए संपत्ति होगी कुर्क

**आशीष चौहान .इंदौर** | मप्र में असंगठित श्रमिकों के लिए संचालित संबल 2.0 योजना में फर्जी पंजीयन और गलत जानकारी से लाभ लेने वालों के खिलाफ श्रम विभाग ने सख्त कार्रवाई का फैसला लिया है। अब अपात्र होकर योजना में शामिल होने, फर्जी दस्तावेज देकर सहायता राशि लेने वालों पर एफआईआर दर्ज की जाएगी। वसूली भू-राजस्व बकाया की तरह होगी और जरूरत पड़ने पर संपत्ति भी कुर्क की जा सकेगी। इससे पहले गलत भुगतान रोकने, पंजीयन निरस्त करने जैसी प्रशासनिक कार्रवाई होती थी।

**कटनी : उम्र घटाकर सहायता लेने की कोशिश**

कटनी जिले में अप्रैल 2026 में एक श्रमिक की मृत्यु दर्ज के बाद उसकी प्रोफाइल में जन्मतिथि बदलकर उम्र कम दिखाने की कोशिश की गई, ताकि उसे योजना की पात्रता में लाकर 2 लाख की सहायता का दावा किया जा सके। विभाग ने इस हेरफेर को पकड़ लिया। इसके बाद मृत्यु दर्ज होने के बाद जन्मतिथि या उम्र में संशोधन की सुविधा बद बंद कर दी गई है।

- इंदौर-भोपाल में बने 1.10 लाख नए संबल कार्डों की जांच होगी। विभाग ने 20 हजार अन्य मामलों की जांच शुरू की है।

## छत्तीसगढ़ में बदला मौसम, प्री-मानसून गतिविधियों के बीच बारिश की संभावना

**रायपुर** | छत्तीसगढ़ में प्री-मानसून गतिविधियां लगातार मजबूत हो रही हैं। पिछले 24 घंटे के दौरान प्रदेश में एक-दो स्थानों पर हल्की से मध्यम वर्षा हुई। सुकमा में सर्वाधिक 20 मिमी वर्षा हुई, जबकि पेंड्रारोड और जगदलपुर में भी बारिश रिकॉर्ड की गई। मौसम विभाग की मानें तो वर्तमान में प्रदेश के ऊपर तीन सक्रिय सिस्टम काम कर रहे हैं। पहला चक्रवातीय परिसंचरण पूर्वी मध्य प्रदेश और उससे लगे छत्तीसगढ़ के ऊपर बना हुआ है।

# पेड़ पर गिरी गाज, बारिश से बचने नीचे खड़ी महिला की मौत, 5 झुलसीं

भास्कर न्यूज़ | मनेंद्रगढ़

जनकपुर क्षेत्र के ग्राम चरखर में मंगलवार दोपहर मनरेगा कार्य के दौरान आकाशीय बिजली गिरने से एक महिला मजदूर की मौत हो गई। हादसे में पांच अन्य महिलाएं झुलस गईं। सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जनकपुर में भर्ती कराया है। गांव में मनरेगा के तहत बोल्डर चेक डैम का निर्माण चल रहा था। मौके पर करीब 40 से 50 मजदूर काम कर रहे थे। दोपहर 3 बजे तेज आंधी-तूफान के साथ बारिश शुरू हुई। बारिश से बचने कई मजदूर पास के एक पेड़ के नीचे खड़े हो गए। इसी दौरान बिजली पेड़ के पास गिरी और वहां मौजूद मजदूर इसकी चपेट में आ गए। घटना में सुशीला की मौके पर ही मौत हो गई। लक्ष्मी, मायावती, सुभद्रा, कलावती और रामबाई गंभीर रूप से झुलस गईं। स्थानीय लोगों और अन्य मजदूरों ने घायलों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया। सभी का गहन उपचार चल रहा है।

## तमनार में दो ट्रेलर की भिड़ंत के बाद आग, जिंदा जलने से चालक की मौत



भास्कर न्यूज़ | रायगढ़

रायगढ़ जिले में मंगलवार शाम दो ट्रेलरों की जोरदार भिड़ंत के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। इस घटना में एक चालक की जिंदा जलकर मौत हो गई, जबकि दूसरे चालक ने कूदकर अपनी जान बचा ली। मामला तमनार थाना क्षेत्र का है। जानकारी के अनुसार तमनार थाना क्षेत्र के झिकाबहाल के पास मंगलवार शाम करीब पौने 8 बजे दो ट्रेलरों की टक्कर हुई। टक्कर के बाद दोनों वाहनों में आग लग गई। एक ट्रेलर में फंसे चालक की आग में जलने से मौत हो गई। दूसरे ट्रेलर का चालक समय रहते वाहन से कूद गया और जान बचा ली।

**सुशासन तिहार** • बीजापुर और दंतेवाड़ा के धुर नक्सल प्रभावित इलाकों में लगाई चौपाल

# पूर्व नक्सलियों की दुकान से सीएम ने पानी खरीदा, बोले- बदल रहा है बस्तर; चौपाल में समस्याएं सुनीं

भास्कर न्यूज़ | बीजापुर/दंतेवाड़ा

सुशासन तिहार के तहत मंगलवार को मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय का बस्तर प्रवास का दूसरा दिन रहा। इस दौरान वे बीजापुर और दंतेवाड़ा के उन इलाकों में पहुंचे, जो चंद महीनों पहले तक नक्सलियों का कोर इलाका था। इस दौरान उन्होंने जन चौपाल लगाकर आदिवासियों समेत अन्य ग्रामीणों की मांगें और समस्याएं सुनीं।

सीएम सबसे पहले बीजापुर में अबूझमाड़ क्षेत्र के कोंडापल्ली गांव पहुंचे। शिविर स्थल पहुंचने से पहले सीएम का काफिला किराने की एक छोटी सी दुकान पर रुका। सीएम गाड़ी से उतरे और सीधे दुकान में पहुंच गए। पानी की एक बोतल खरीदी। यह दुकान बंदूक का रास्ता छोड़कर मुख्यधारा में लौटे आत्मसमर्पित नक्सली दंपती मासो तामो और जयमोती की है। सक्षम योजना के तहत 1 लाख रुपए के लोन से इन्होंने दुकान खोली है।



दुकान चलाकर आत्मनिर्भर हो रहे पूर्व नक्सलियों की सीएम ने की सरहाना।

### 80 साल से अबूझमाड़ में हैं, उन सभी को पट्टा

सीएम ने अबूझमाड़ में 80 साल से रह रहे लोगों के पास जमीन का पट्टा न होने के सवाल पर कहा, सभी पात्र लोगों को पट्टा दिया जाएगा। नक्सलियों की वजह से अबूझमाड़ का विकास 50 साल से रुका था। साय सरकार अब इसे रफ्तार दे रही है। दंतेवाड़ा के चेरपाल में जनसभा को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि पहले ग्रामीणों को राशन लाने में 5 दिन लग जाते थे। चेरपाल अब सीधे जिला मुख्यालय से जुड़ गया है। साढ़े 8 किमी की पक्की सड़क और इंद्रावती नदी पर पुल बनने से राशन गांव में ही मिल रहा है।

## नई बाइक पर जा रहे पति-पत्नी को ट्रक ने पीछे से मारी टक्कर, दोनों की मौत

भास्कर न्यूज़ | बदनावर

बदनावर-उज्जैन फोरलेन पर मंगलवार दोपहर हुए सड़क हादसे में बाइक सवार दंपती की मौत हो गई। ग्राम ढोलाना के पास तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को पीछे से टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि पति की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि गंभीर रूप से घायल पत्नी ने अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

पुलिस के अनुसार मृतकों की पहचान भगवान सिंह मोगिया (35) और पत्नी अनीता बाई (32) निवासी ग्राम मयाखेड़ी के रूप में हुई है। दोनों नई बाइक से किसी काम से निकले थे। जब वे ढोलाना ब्रिज से उतरकर जाम के बगीचे के सामने पहुंचे, तभी पीछे से आ रहे एक तेज रफ्तार ट्रक ने उनकी बाइक को टक्कर मार दी। दोनों घायलों को बदनावर सिविल अस्पताल पहुंचाया गया। जहां डॉक्टरों ने भगवान सिंह को मृत घोषित कर दिया, जबकि अनीता ने उपचार के दौरान दम तोड़ दिया।

पूर्व ईएनसी की 40 साल की नौकरी-आय 4 करोड़

# छापे में फार्म हाउस सहित 67 करोड़ रुपए की संपत्ति मिली, अटैच हुई

भास्कर न्यूज़ | भोपाल



प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की भोपाल जोनल यूनिट ने पीडब्ल्यूडी के पूर्व इंजीनियर इन चीफ गोविंद प्रसाद मेहरा और उनके परिवार के सदस्यों से जुड़ी करीब 67.25 करोड़ रुपए की चल और अचल संपत्तियां अस्थायी रूप से अटैच कर दी हैं। ईडी ने यह जांच लोकायुक्त पुलिस भोपाल की ओर से दर्ज एफआईआर के आधार पर शुरू की थी।

लोकायुक्त पुलिस की तलाशी कार्रवाई में मेहरा और उनके परिवार से जुड़े परिसरों से 8.79 लाख रुपए नकद, करीब 3.51 करोड़ रुपए मूल्य के सोने के जेवर, चांदी के सामान और अन्य कीमती वस्तुएं बरामद की गई थीं। जिनकी कोई दस्तावेजी प्रमाण पूर्व ईएनसी नहीं दे सके।

**साम्राज्य... लग्जरी फार्म हाउस ऐसा कि उसमें सभी सुख-सुविधाएं**



4 मार्च 1985 से 29 फरवरी 2024 तक की सेवा अवधि के दौरान मेहरा की 4 करोड़ की वैद्य आय थी। लेकिन उनके व परिवार के पास 10 करोड़ से ज्यादा की संपत्तियां और खर्च सामने आए। वहीं 49.44 करोड़ का लग्जरी कस्तूरी फार्म हाउस भी शामिल था। करीब 70 से 72 एकड़ में फैली इस संपत्ति को लग्जरी फार्म-रिसॉर्ट के रूप में विकसित किया गया था।

**मप्र कैबिनेट में दो बड़े फैसले** • पंजीयन शुल्क के लिए वित्त विभाग देगा पैसा ▪ 5 साल बाद DBT बंद, जुलाई-अगस्त तक स्कूलों में पहुंचेंगी ड्रेस

# 48.32 लाख परिवारों को मिलेगा मालिकाना हक, रजिस्ट्री का ₹3800 करोड़ खर्च उठाएगी सरकार

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

मप्र सरकार स्वामित्व योजना के तहत ग्रामीण और कस्बाई क्षेत्रों में आबादी भूमि पर अधिकार अभिलेख प्राप्त 48.32 लाख परिवारों को उनकी संपत्तियों का कानूनी मालिक बनाएगी। सरकार इन परिवारों के मकानों-प्लॉटों की निशुल्क रजिस्ट्री कराएगी। पंजीयन शुल्क के लिए वित्त विभाग, वाणिज्य कर विभाग को 3800 करोड़ रु. देगा।

इसके साथ ही 7.5% स्टाम्प ड्यूटी और 3% पंजीयन शुल्क नहीं लगेगा। 1% पंचायत उपकर और 0.5% सेस से छूट मिलेगी। सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में कैबिनेट बैठक में इसके लिए दो अध्यादेशों को मंजूरी दी गई। इनमें मप्र पंचायत राज एवं ग्राम स्वराज अधिनियम, 1993 संशोधन अध्यादेश-2026 तथा मप्र उपकर संशोधन अध्यादेश-2026 शामिल हैं। इन्हें 6 माह में विधेयक के रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।

**संपत्ति-स्वामी का सत्यापन; मौके पर ही रजिस्ट्री की प्रक्रिया**

सरकार ने रजिस्ट्रियां एक वर्ष में पूरी करने का लक्ष्य रखा है। ई-संपदा पोर्टल के साथ नया ऑनलाइन सिस्टम और मोबाइल एप विकसित किया जाएगा। संपत्ति-स्वामी के सत्यापन के बाद पंजीयन विभाग की टीमें गांवों में शिविर लगाकर तथा मौके पर पहुंचकर रजिस्ट्री प्रक्रिया पूरी करेंगी।

- 68.11 लाख अधिकार अभिलेख वितरित किए जा चुके हैं। सरकार 48.32 लाख निजी और 19.79 लाख संपत्तियों की रजिस्ट्री भी कराएगी।

**ये होंगे फायदे...** ▪ संपत्ति का कानूनी स्वामित्व मिलेगा। ▪ बैंक में संपत्ति मॉर्टगेज रख सकेंगे। ▪ ऋण लेने में आसानी होगी। ▪ संपत्ति हस्तांतरण कर सकेंगे।

- **बड़ा दावा** : मप्र ऐसा करने वाला पहला राज्य : परिवारों की संपत्तियों की रजिस्ट्री कराकर उन्हें कानूनी मालिकाना हक देने वाला देश का पहला राज्य बनने जा रहा है।

# इस बार पहली से 8वीं तक के 92 लाख छात्रों को पैसा नहीं, सीधे 2 जोड़ी सिली हुई ड्रेस मिलेंगी

भास्कर न्यूज़ | भोपाल

मप्र सरकार ने सरकारी स्कूलों में पढ़ने वाले पहली से आठवीं कक्षा तक के विद्यार्थियों के लिए ड्रेस वितरण व्यवस्था में बड़ा बदलाव किया है। 92 लाख छात्रों को अब यूनिफॉर्म के लिए डीबीटी से सीधे खातों में राशि नहीं भेजी जाएगी। विद्यार्थियों को स्कूलों के माध्यम से दो जोड़ी सिली-सिलाई ड्रेस उपलब्ध कराई जाएगी।

मंगलवार को हुई कैबिनेट बैठक में इस प्रस्ताव को मंजूरी दी गई। नई व्यवस्था को शैक्षणिक सत्र 2026-27 में पायलट प्रोजेक्ट के रूप में लागू किया जाएगा। समीक्षा के बाद इसे स्थायी रूप से लागू करने पर निर्णय लिया जाएगा।

**इसलिए नई व्यवस्था : पैसे खाते में गए, ड्रेस नहीं सिलवाई**

मुख्यमंत्री ने कई सांदीपनी स्कूलों का निरीक्षण किया था। बड़ी संख्या में विद्यार्थी बिना ड्रेस के मिले। समीक्षा में सामने आया कि 5 वर्षों से विद्यार्थियों के खातों में राशि भेजी जा रही थी,पर 50% बच्चों ने गणवेश नहीं सिलवाई।

**2017** : सिली गणवेश वितरण शुरू।
**2018** : पालक-शिक्षकों को जिम्मेदारी।
**2020 से 2025** : प्रति छात्र ₹600 डीबीटी के माध्यम से खातों में भेजे गए।
**2026-27** : फिर से सिली-सिलाई गणवेश वितरण व्यवस्था लागू।

**सालाना खर्च 400 करोड़...** सरकार पिछले पांच वर्षों में हर साल लगभग 300 से 400 करोड़ रुपए डीबीटी के माध्यम से विद्यार्थियों के खातों में भेज रही थी।

**टेंडर प्रक्रिया** : कैबिनेट के अनुसार-गणवेश की खरीद-वितरण के लिए ओपन टेंडर प्रक्रिया होगी। टेंडर की जिम्मेदारी मप्र पाठ्यपुस्तक निगम को सौंपी जाएगी। प्रत्येक विद्यार्थी को दो जोड़ी एक समान गुणवत्ता की सिली-सिलाई गणवेश स्कूलों में उपलब्ध कराई जाएगी। सरकार का लक्ष्य जुलाई और अगस्त तक वितरण पूरा करने का है।

## नीमचः आधी रात भरभराकर गिरी छत, सो रहे मां और बेटे की मलबे में दबकर मौत

**नीमच** | तेज बारिश और आंधी के बीच सिंगोली नगर में सोमवार देर रात 3 मंजिला मकान की छत भरभराकर गिर गई। मलबे में दबने से सौसरबाई धनोतिया (62) की मौत हो गई। वहीं गंभीर रूप से घायल बेटे निलेश धनोतिया (30) ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया। निलेश मां सौसरबाई के साथ सबसे नीचे वाले कमरे में सो रहा था। रात 12 बजे तेज आवाज के साथ तीसरे मंजिल की की गर्डर-फर्शी की छत गिर गई। यह दूसरी मंजिल की छत को तोड़ते हुए नीचे आग गई। काफी मशक्कत के बाद मलबे में दबे मां और बेटे को बाहर निकालकर अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने सौसरबाई को मृत घोषित कर दिया। गंभीर रूप से घायल निलेश को प्राथमिक इलाज के बाद कोटा रेफर किया, इलाज के दौरान उसकी भी मौत हो गई।

# सूर्या चौहान हत्याकांड: यूपी के खोड़ा में 3 अवैध मदरसे सील

**गाजियाबाद।** 17 वर्षीय सूर्या चौहान की हत्या के बाद गाजियाबाद के खोड़ा क्षेत्र में मंगलवार को तनावपूर्ण शांति बनी रही। इलाके में भारी पुलिस बल तैनात है, जबकि प्रशासन ने सत्यापन अभियान तेज करते हुए तीन गैर-मान्यता प्राप्त मदरसों को सील कर दिया। जिलाधिकारी रविंद्र कुमार मंदार ने बताया कि तीन दिवसीय 'ऑपरेशन क्लीन स्वीप' के तहत किरायेदारों, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों, अवैध निर्माणों और संदिग्ध गतिविधियों की जांच की जा रही है। इसी दौरान तीन ऐसे मदरसे मिले जो मदरसा बोर्ड या अल्पसंख्यक कल्याण विभाग में पंजीकृत नहीं थे। पुलिस और अल्पसंख्यक कल्याण विभाग की संयुक्त टीम ने उन्हें सील कर दिया। प्रशासन ने कहा कि इन मदरसों में पढ़ने वाले बच्चों का विवरण जुटाकर उन्हें नजदीकी सरकारी या मान्यता प्राप्त स्कूलों में प्रवेश दिलाने की व्यवस्था की जाएगी। सूर्य चौहान पर 28 मई को चाकू से हमला किया गया था।

## ऑनलाइन सट्टेबाजी एप से ठगी में झारखंड से एक अरेस्ट

**रांची।** झारखंड पुलिस ने अवैध ऑनलाइन सट्टेबाजी एप और वेबसाइटों के जरिए लोगों से करीब तीन करोड़ रुपये की ठगी करने के आरोप में 28 वर्षीय युवक को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने मंगलवार को यह जानकारी दी। पुलिस के अनुसार, गुप्त सूचना के आधार पर हजारीबाग के कोर्रा क्षेत्र में रविवार को छापेमारी कर आरोपी राहुल कुमार को पकड़ा गया। उसके कब्जे से दो मोबाइल फोन बरामद किए गए।

## बिहार: 34 साल पुराने हत्या के प्रयास मामले में 5 दोषी

**हाजीपुर।** बिहार के वैशाली जिले की एक अदालत ने 34 वर्ष पुराने हत्या के प्रयास के मामले में एक ही परिवार के पांच लोगों को दोषी ठहराते हुए सजा सुनाई है। दोषियों में 84 वर्षीय एक बुजुर्ग भी शामिल हैं। जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश-प्रथम मनोज कुमार तिवारी ने चार दोषियों को 10-10 वर्ष के कठोर कारावास की सजा सुनाई, जबकि 84 वर्षीय दीपा राय को तीन वर्ष की जेल की सजा दी गई। हालांकि, अधिक उम्र को देखते हुए अदालत ने उन्हें अंतरिम जमानत प्रदान कर दी। अदालत ने दीपा राय, जगदीश राय, नरेश राय, नागदेव राय और नकेश्वर राय पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना भी लगाया है।


**हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड**
**HINDUSTAN COPPER LIMITED**
www.hindustancopper.com

**कार्यकारी पदों पर नियुक्ति हेतु भर्ती अधिसूचना**

हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड (एचसीएल), जो एक पूर्णतः एकीकृत बहु-इकाई अनुसूची (ए) मिनीरत्न-I सीपीएसई है, जो निम्नलिखित पद/पदों पर नियुक्ति के लिए भारतीय नागरिकों से आवेदन आमंत्रित कर रहा है।

| विषय/संवर्ग | ग्रेड एवं पदों की संख्या | | | |
|---|---|---|---|---|
| | ई2 | ई3 | ई4 | कुल |
| खनन | 7 (अजा.: 1; अपिव.: 1; ईडब्ल्यूएस: 2; सामान्य: 3) | | 5 (एसटीः 1; अपिव.: 1; ईडब्ल्यूएस: 1; सामान्य: 2) | 12 |
| भूविज्ञान | 2 (सामान्य: 2) | 3 (अपिव.: 1; सामान्य: 2) | | 5 |
| पर्यावरण प्रबंधन | 3 (अपिव.: 1; सामान्य: 2) | | | 3 |
| सुरक्षा एवं अग्निशमन सेवाएं | 4 (अजा.: 1; अपिव.: 1; ईडब्ल्यूएस: 1; सामान्य: 1) | | | 4 |
| कंसंट्रेटर | 3 (अपिव.: 1; सामान्य: 2) | | | 3 |
| विद्युत | 4 (अजा.:1; अपिव.:1; सामान्य:2) | 5 (अजा.: 1; अपिव.: 1; ईडब्ल्यूएस: 1; सामान्य: 2) | | 9 |
| इंस्ट्रूमेंटेशन | | 3 (अपिव.: 1; सामान्य: 2) | | 3 |
| मैकेनिकल | 4 (अजा.:1; अपिव.:1; सामान्य:2) | 2 (सामान्य: 2) | 2 (अपिव.: 1; सामान्य: 1) | 8 |
| सिविल | 3 (अपिव.: 1; सामान्य: 2) | | | 3 |
| सिस्टम्स | 1 (सामान्य) | | | 1 |
| चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएँ | | 2 (अजा.: 1; सामान्य: 1) | 1 (सामान्य) | 3 |
| एचआर | | | 4 (अजा.: 1; अपिव.: 1; ईडब्ल्यूएस: 1; सामान्य: 1) | 4 |
| वित्त | 4 (अपिव.:1; ईडब्ल्यूएस:1; सामान्य:2) | 1 (अपिव.) | 2 (अपिव.: 1; सामान्य: 1) | 7 |
| कॉर्पोरेट संचार | 1 (सामान्य) | | | 1 |
| सामग्री एवं संविदा (एम एंड सी) | 2 (एसटीः 1[बीएल]; सामान्य: 1) | | 2 (अपिव.: 1; सामान्य: 1) | 4 |
| कुल | 38 | 16 | 16 | 70 |

इच्छुक अभ्यर्थी पदों, आयु, शैक्षणिक योग्यता, पदों के आरक्षण आदि से संबंधित विस्तृत जानकारी के लिए हिन्दुस्तान कॉपर लिमिटेड की करियर पृष्ठ (**www.hindustancopper.com**) पर जा सकते हैं। ऑनलाइन आवेदन करने के लिए पात्र अभ्यर्थियों को एचसीएल की वेबसाइट पर स्वयं का पंजीकरण करना होगा। ***आवेदन कोई अन्य माध्यम/विधि से स्वीकार नहीं किए जाएंगे।*** ऑनलाइन आवेदन **05/06/2026 (प्रातः 11:00 बजे)** से प्रारंभ होगा और **25/06/2026 (मध्यरात्रि)** तक खुला रहेगा।

**पंजीकृत कार्यालय : ताम्र भवन, 1, अशुतोष चौधरी एवेन्यू, कोलकाता-700 019**
**सीआईएन: L27201WB1967GOI028825, दूरभाष: 033 2283-2226, मोबाइल: 8218729903**
**ई-मेल: careers@hindustancopper.com, वेबसाइट: www.hindustancopper.com**



विज्ञापन संख्या. 62/2026

भारत सरकार
लोक उद्यम चयन बोर्ड
**भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड**
**में**
**निदेशक (रिफाइनरी)**
पद के लिए आवेदन आमंत्रित करता है।
आवेदकों के लिए आवेदन करने की अंतिम तिथि
**22/06/2026 (15:00 बजे तक)** है।
नोडल अधिकारियों द्वारा आवेदनों को
लोक उद्यम चयन बोर्ड में अग्रेषित करने की अंतिम
तिथि **01/07/2026 (17:00 बजे तक)** है।
जानकारी के लिए वेबसाइट
https://pesb.gov.in
में लॉग इन करें।



**AERP INSTITUTE OF BUSINESS MANAGEMENT**
Hodal-Nuh Road Village-Sondh, Tehsil-Hodal, Distt-Palwal, Ph-9050454755
(Approved by AICTE & Affiliated to MDU Rohtak)
Website: www.aerpibm.com Email : aerpibm@gmail.com

**Requires applications for Teaching and Non-Teaching in MBA, BBA & BCA Courses the following positions on regular basis:**

**A-Teaching**

| | |
|---|---|
| Director | : 01 |
| MBA-Associate Prof. in Mgt. | : 02 |
| MBA-Asstt. Prof. in Mgt. | : 08 |
| BBA-Asstt. Prof. in Mgt. | : 04 |
| BCA-Asstt. Prof. in Comp.Science | : 04 |
| BCA-Asstt. Prof. in Mathematics | : 01 |
| BCA-Asstt.Prof. in English | : 01 |

**B- Non-Teaching Staff**

| | |
|---|---|
| Librarian : 01 | Library Attendant : 01 |
| Office-cum-Accountant : 01 | Lab Attendant : 02 |
| Clerk-cum-Typist : 02 | Peon : 02 |
| Computer Operator : 02 | Safai Karmchari : 02 |
| Technical Asstt : 01 | Chowkidar : 02 |

Qualifications, Pay Scales and Experience as per norms of AICTE/UGC/State Govt./MDU)

Interested candidates may download application form from the Website www.aerpibm.com or obtain from the office of the college on any working day and send application form to the Chairman of the college duly completed alongwith visible copy of all testimonials (DMC's), Experience Certificate etc. within 21 days from the date of advertisement through Regd.Post/By Hand on or before the last date 23.06.2026 A copy of the application form also must be sent to the D.C.D.C., M.D.University, Rohtak-124001 with in due date.

Note: Only eligible candidates/applicants whose application form is/are received the college as well as in the office of the DCDC, M.D.U.Rohtak in due date will be called for the interview.

Chairman















भास्कर इन्वेस्टिगेशन

## कई जगह तो हाईवे पर गाड़ी में सप्लाई होती है शराब

# नियम 220 मी. से अधिक दूरी पर हों ठेके; जयपुर से अजमेर तक 120 किमी में 45 शराब ठेके; हाईवे पर सिर्फ 5 से 25 मी. पर

### भास्कर रिपोर्टर ने नापी शराब के ठेके की दूरी; हाई कोर्ट की सख्ती के बाद भी नहीं हटाए गए ठेके

**सर्वेश शर्मा/अतुल सिंह** | जयपुर-अजमेर हाइवे से

प्रदेश में शराब पीकर वाहन चलाने से होने वाले सड़क हादसों में 5 साल में 834 लोगों की जान जा चुकी है। हालांकि इसके बाद भी हाई-वे पर शराब बिक्री पर प्रभावी रोक नहीं लग पाई है। आबकारी विभाग के रिकॉर्ड भले ही यह बताते हों कि हाई-वे से निर्धारित दूरी पर ही ठेके संचालित हैं, लेकिन भास्कर की पड़ताल में तस्वीर इससे बिल्कुल उलट मिली। जयपुर से अजमेर तक 120 किलोमीटर के हाई वे पर 25 से ज्यादा शराब ठेकों की दूरी मापी। कई ठेके हाई-वे से 5 मीटर से भी कम दूरी पर हैं। कुछ स्थानों पर तो वाहन चालक सड़क किनारे गाड़ी रोककर बिना उतरे ही शराब खरीद सकते हैं। अजमेर-ब्यावर में 560 शराब ठेकों में से 224 ठेके हाई-वे अथवा उसके आसपास के गांवों में संचालित हो रहे हैं।



गिदानी



मौखमपुरा



बगरू टोल

पाटन में ठेका हाई-वे से केवल 11 मीटर, बांदरसिंदरी में 21 मीटर, दांतरी गांव के पास 6.5 मीटर, श्यामनगर से पहले 24 मीटर और रामनगर में 7 मीटर की दूरी पर पाया गया। दूदू, गिदानी और पालू में तो दूरी महज 5 मीटर भी नहीं दिखी। गाडोता में 6 मीटर तथा नसनोड़ा में 5 मीटर और जयपुर में बगरू रोड टोल प्लाजा से पहले महज 5 मीटर और मोखमपुरा में 10 मीटर की दूरी पर ठेका मिला।

**नशे से 5 साल में 1859 हादसे, 834 मौतें**

| | | |
|---|---|---|
| वर्ष 2021 | 135 हादसे | 54 मौतें |
| वर्ष 2022 | 212 हादसे | 98 मौतें |
| वर्ष 2023 | 353 हादसे | 159 मौतें |
| वर्ष 2024 | 428 हादसे | 191 मौतें |
| वर्ष 2025 | 517 हादसे | 236 मौतें |
| वर्ष 2026 | 214 हादसे | 96 मौतें (मई तक) |

**ऐसे शराब के ठेके हटाए जाएंगे**

*राष्ट्रीय एवं राज्य राजमार्गों पर संचालित शराब ठेकों के संबंध में हाई कोर्ट व सुप्रीम कोर्ट के दिशा-निर्देशों की पालना करवाई जा रही है। नियमों के विपरीत संचालित होने वाले ठेके हटाए जाएंगे।*
– **नमित मेहता,** आयुक्त, आबकारी विभाग

## ऑपरेशन वज्र प्रहारः ड्रग माफिया की 3.92 करोड़ रुपए की संपत्ति फ्रीज

**बारां**| मादक पदार्थ तस्करों के खिलाफ चलाए जा रहे ऑपरेशन वज्र प्रहार के तहत पुलिस ने कार्रवाई करते हुए ड्रग माफिया बीरमचंद लोधा और उसके परिवार की करोड़ों रुपए की अवैध संपत्तियों पर स्थायी रोक लगा दी है। एनडीपीएस एक्ट की धारा 68-एफ के तहत की गई इस कार्रवाई में करीब 3 करोड़ 92 लाख 81 हजार 111 रुपए की चल-अचल संपत्तियों और बैंक खातों में हुए लेनदेन को फ्रीज कर दिया। पुलिस के अनुसार यह संपत्तियां मादक पदार्थों की तस्करी से अर्जित काली कमाई से बनाई गई थीं। पुलिस के अनुसार बिरमचंद लोधा और उसके परिवार के 2 मकान, 5 प्लाट, 2 कार और एक मोटरसाइकिल को स्थायी रूप से फ्रीज किया गया है। इन संपत्तियों की अनुमानित कीमत 1 करोड़ 60 लाख 26 हजार 526 रुपए आंकी गई है।

### गाय का दूध हमें बीमार बना रहा, कैंसर और किडनी रोग का खतरा

# गोमाता को प्रोटीन के नाम जहरीली खुराक पशुआहार के 50% ब्रांड में 4% तक यूरिया

भास्कर इन्वेस्टिगेशन

**भास्कर** ने कराई 8 कंपनियों के पशुआहार की जांच, 4 के सैंपल में 2.34% खेत का यूरिया मिला

पशुआहार में 1% तक डाल सकते हैं टेक्निकल ग्रेड यूरिया, मुनाफा कमाने को सस्ता-खराब मिला रहे

**प्रमोद कुमार शर्मा/ओम प्रकाश शर्मा** | जयपुर

घर-घर पहुंचने वाला गाय दूध क्या वाकई शुद्ध है? यह सवाल इसलिए कि प्रदेश में बिक रहे पशुआहार में से 8 ब्रांड की जांच के चौंकाने वाले नतीजे मिले हैं। जांच में फेल 50 फीसदी पशुआहार ब्रांड में तय सीमा एक फीसदी से दोगुना से ज्यादा यूरिया मिला, जो पशुओं के साथ इनका दूध पीने वाले लोगों की सेहत के लिए भी बड़ा खतरा है। प्रदेश के ग्रामीण इलाकों में अनब्रांडेड पशुआहार में तो यूरिया 4 प्रतिशत तक मिलाया जा रहा है।

भास्कर ने बाजार से 8 कंपनियों के पशुआहार खरीद कर लैब में जांच कराई। इनमें से 4 में 2.34 फीसदी तक मिल यूरिया मिला। यह अतिरिक्त यूरिया दूध के जरिए लोगों के शरीर में पहुंचकर कैंसर जैसी घातक बीमारियों का कारण बनने के साथ पशुओं खासतौर से गोवंश की उम्र घटा रहा है। पशुपालक और डेयरी संचालक सस्ते के चक्कर में यह पशु आहार खरीद रहे हैं। प्रदेश में लोकल कंपनियों के पशु आहार समेत करीब 500 ब्रांड बिक रहे हैं।

पंजाब से भी हनुमानगढ़ के रास्ते राजस्थान में घटिया पशुअःाहार को लाया जा रहा है। इसको ग्रामीण इलाकों में बिना ब्रांड नाम से बेचा जा रहा है। राज्य में पशुआहार का बाजार 15 से 18 हजार करोड़ रुपए तक पहुंचने का अनुमान है। इसमें घटिया पशुआहार की हिस्सेदारी काफी बढ़ चुकी है। खासकर जयपुर, भीलवाड़ा, अलवर और श्रीगंगानगर जैसे शहर कैटल फीड उत्पादन के बड़े केंद्र बन चुके हैं। फिजिशियन गौरव लाटा के मुताबिक- ऐसा यूरिया खाने वाले दुधारी पशु का दूध पीने से इंसानों में किडनी और लीवर संबंधी समस्याएं हो जाती हैं। खास तौर से बच्चों और बुजुर्गों में। लगातार सेवन से कैंसर का खतरा है। पशु चिकित्सक डॉ. निरंजन अग्रवाल के मुताबिक ऐसे पशुआहार से मवेशियों में एल्केलोसिस यानी दिमागी बीमारी और प्रजनन क्षमता खत्म हो सकती है। 6 माह से छोटे पशु की तो जान भी जा सकती है।

**पशुआहार में बढ़ानी की प्रोटीन की मात्रा, बढ़ा रहे हैं बीमारी**


Rajasthan Test House Pvt. Ltd.
TEST REPORT

मानक 1% यूरिया का, मिला 2.34%, वह भी टेक्निकल ग्रेड नहीं खेती वाला।


Rajasthan Test House Pvt. Ltd.
TEST REPORT

एक अन्य सैंपल में यूरिया 1.28% मिला। ग्रामीण क्षेत्रों में तो अनब्रांडेड पशुआहार बिक रहा है, जिसमें 4% तक घटिया यूरिया।

न केवल राजस्थान बल्कि हरियाणा और पंजाब में भी यही पशुआहार बिक रहे हैं। पंजाब ने तो प्रतिबंध भी लगाया, लेकिन अब इसे हटा दिया गया है। अब फिर बिक रहा है।

**मिलावट क्यों?** पशुआहार में प्रोटीन की मात्रा बढ़ाने के लिए कंपनियां महंगे खल और अन्य प्रोटीन सामग्री की जगह 35 से 65 रुपए किलो कीमत वाले टेक्निकल ग्रेड यूरिया की जगह पांच-छह रुपए किलो वाला सस्ता कृषि यूरिया मिल रही है, ताकि लागत कम कर सके। सस्ते यूरिया से तैयार घटिया पशुआहार बाजार में 20 से 30 फीसदी तक सस्ता बिक रहा है। सस्ते के लालच में पशुपालक इसे खरीद रहे हैं। घटिया पशुआहार की कीमत 24 से 26 रुपए किलो बैठती है, जबकि ज्यादा यूरिया वाला घटिया पशुआहार 15 से 16 रुपए किलो में बिक जाता है।

**मिलावट का असर क्या?** ज्यादा यूरिया वाला पशुआहार पशुओं के लीवर और किडनी को नुकसान पहुंचाता है। शरीर में अमोनिया गैस बनने से मेटाबॉलिज्म बिगड़ जाता है। पशु की अकाल मृत्यु तक हो सकती है। ऐसे पशुओं का दूध का सेवन लंबे समय तक करने से बच्चों के पाचन तंत्र, किडनी और हार्मोनल सिस्टम पर बुरा असर पड़ता है। कैंसर, पेट और किडनी के रोग हो सकते हैं।

**होना क्या चाहिए?** गैर-कृषि उपयोग वाले टेक्निकल ग्रेड यूरिया में न्यूनतम 46% नाइट्रोजन होती है। कृषि यूरिया की तुलना में नमी और बायुरेट का स्तर बहुत कम होता है। इससे यह पशुआहार में सुरक्षित बन जाता है।

**बड़ा सवाल;** जब इतने बड़े स्तर पर मानकों से खिलवाड़ के बावजूद पशुपालन विभाग, बीआईएस और खाद्य सुरक्षा एजेंसियों बेखबर क्यों है। यदि समय रहते सख्त कार्रवाई नहीं हुई तो यह मामला पशुओं की सेहत तक सीमित नहीं रहेगा, बल्कि सार्वजनिक स्वास्थ्य संकट बन सकता है।

**राजस्थान देश का दूसरा सबसे बड़ा पशुधन संपन्न राज्य है। 20वीं पशुधन गणना के अनुसार यहां 5.68 करोड़ पशु हैं।**

भास्कर सवाल **मजबूर दंपती से कब तक बेगारी करवाएंगे?**

# पीड़ित पर कुछ तो रहम करो रोडवेज

**कर्मचारी की मजबूरीः** लकवा व मिर्गी पीड़ित कंडक्टर 8 माह से बिना वेतन ड्यूटी पर, दौरा न पड़ जाए... इसलिए पत्नी रोजाना साथ आ रही

**विभाग की अनदेखी :** मेडिकली अनफिट सर्टिफिकेट है, ड्यूटी कर रहे फिर भी वेतन क्यों रोक रखा?

**किरण राजपुरोहित**| इस दृश्य में आपको रोडवेज के पाली डिपो का पूछताछ काउंटर नजर आ रहा है। जहां बैठा शख्स कंडक्टर है, जो लकवा और मिर्गी पीड़ित होकर भी सुबह 6 से दोपहर 2 बजे तक ड्यूटी कर रहा है। इसी कमरे में घूंघट में बैठी उसकी पत्नी है। पति-पत्नी दोनों एक तरह से बेगारी कर रहे हैं। क्योंकि कंडक्टर ड्यूटी करते हुए भी 8 महीने से वेतन को तरस रहा है। पति को दौरा न पड़ जाए...इस आशंका से पत्नी भी ड्यूटी आवर में साथ रहती है। दाहिना हिस्सा लकवे की चपेट में होने और मिर्गी के चलते मेडिकल बोर्ड मेडिकली अनफिट बता चुका है, तब से कंडक्टरी से हटा दिया। पूछताछ खिड़की पर ड्यूटी के बावजूद अक्टूबर-नवंबर 2025 से वेतन बंद है।

**मुख्यालय ने फाइल अटका रखी, रिमाइंडर भेज चुकेः** पत्नी ने कहा- पिछले साल नवंबर में मेडिकल बोर्ड ने अनफिट माना। रिपोर्ट मुख्यालय भेज दी गई, लेकिन न तो सेवा संबंधी निर्णय हुआ और न ही वेतन शुरू हुआ। 27 जनवरी को रिमांडर भेजा जा चुका।




**घर चलाना भी मुश्किल, कुर्की का नोटिस आ गया**
8 महीने से वेतन नहीं मिलने से घर चलाना मुश्किल हो गया है। इलाज पर हर माह 5 हजार रुपए का खर्च आ रहा है। इस बीच लोन की किस्त नहीं चुका पाया तो बैंक ने कुर्की का नोटिस भेज दिया है।

## महाराष्ट्र में जल्द शुरू होगी सहकारी टैक्सी एग्रीगेटर सेवा, ड्राइवर बनेंगे मालिकः फडणवीस

**मुंबई**| महाराष्ट्र सरकार जल्द ही ऐप आधारित सहकारी टैक्सी एग्रीगेटर सेवाओं के लिए दिशा-निर्देश जारी कर अनुमति देगी। मुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने मंगलवार को कहा कि यह पहल लाखों ड्राइवरों को आर्थिक स्थिरता और सामाजिक सुरक्षा प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम होगी।मंत्रालय में आयोजित समीक्षा बैठक में फडणवीस ने कहा कि सहकारी मॉडल पर आधारित टैक्सी सेवा ड्राइवरों को केवल कर्मचारी नहीं बल्कि मालिक बनने का अवसर देगी। उन्होंने परिवहन विभाग को जल्द से जल्द नियामक ढांचा तैयार करने के निर्देश दिए। यह सेवा केवल बड़े शहरों तक सीमित नहीं रहेगी, बल्कि छोटे शहरों में भी विस्तार किया जाएगा। परिवहन मंत्री प्रताप सारणीक ने कहा कि मौजूदा निजी एग्रीगेटर कंपनियों में ड्राइवरों को आय और सामाजिक सुरक्षा संबंधी चुनौतियों का सामना करना पड़ता है। सहकारी मॉडल का उद्देश्य उन्हें आर्थिक रूप से सशक्त बनाना है।बैठक में बताया गया कि महाराष्ट्र राज्य सड़क परिवहन निगम 'छावा' नामक राइड-हेलिंग ऐप विकसित कर रहा है। वहीं 'भारत टैक्सी' पहल, केंद्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री अमित शाह के मार्गदर्शन में शुरू की गई है। शुरुआत में मुंबई में लॉन्च होने वाली यह सेवा बाद में पुणे और नागपुर तक विस्तारित होगी। प्लेटफॉर्म से जुड़े ड्राइवरों को परिवार, स्वास्थ्य और दुर्घटना बीमा संग प्रधानमंत्री मुद्रा योजना के तहत रियायती ब्याज दरों पर ऋण सुविधा भी उपलब्ध कराई जाएगी।


## एसएच ने न्याय मांगने आए परिवादी को गालियां दीं, थाने में बंद कर दिया

**भीलवाड़ा**| जिले के बनेड़ा थाने में खाकी एक बार फिर दागदार हुई है। वहां एक परिवादी जब अपनी जमीन पर हुए अतिक्रमण की शिकायत लेकर थाने पहुंचा, तो थानाधिकारी बच्छराज चौधरी ने उन्होंने न्याय देने के बजाय उसे अभद्र गालियां दीं। इतना ही नहीं, एसएचओ ने परिवादी को ही अपराधी की तरह हवालात में बंद कर दिया और विपक्षियों को उसकी जमीन पर कब्जा करने के लिए उकसाया। परिवादी प्रभुलाल कुम्हार ने एसपी को दी रिपोर्ट और उपलब्ध वीडियो साक्ष्य उपलब्ध कराए हैं। यह वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गए। हालांकि भास्कर इस वीडियो की पुष्टि नही करता है।

एसपी को दी रिपोर्ट में परिवादी ने बताया कि थानाधिकारी बच्छराज चौधरी ने उसे अपने चैंबर में और मौके पर सरेआम अपमानित किया। गालियों का प्रयोग किया। परिवादी ने उच्च अधिकारियों से शिकायत करने की बात करने पर एसएचओ ने परिवादी को धमकाया। एसपी सागर राणा ने मामले की जांच के निर्देश दिए। इस मामले में थानाधिकारी बनेड़ा बच्छराज चौधरी का कहना है कि बबराणा गांव में प्रभु लाल कुम्हार अपने बाड़े- खेत का गेट मुकेश कुमार के घर के बाहर निकाल रहा था। जिस बात को लेकर प्रभु लाल मुकेश कुमार से लड़ाई झगड़ा कर रहा था। प्रभु लाल को थाने लाकर समझाइश की गई। नहीं मानने पर 170 बीएचएस में पाबंद करवाया। वीडियो प्रभु लाल ने बनाया है जो एडिड किया हुआ है। पर्सनली अपशब्द नहीं कहे हैं।

## चित्तौड़गढ़ः भक्त ने सांवलिया सेठ को चांदी की हथकड़ी चढ़ाई...

**भादसोड़ा (चित्तौड़गढ़)** | प्राकट्य स्थल सांवलियाजी मंदिर पर भगवान सांवलिया सेठ के एक भक्त ने अनोखा उपहार भेंट किया।



मंदिर पर भगवान सांवलिया सेठ को मंगलवार को एक भक्त ने सांवलिया सेठ को चांदी से निर्मित हथकड़ी भेंट की। भक्त ने अपनी पहचान बताए बिना बताया कि उसको किसी मामले में हथकड़ी लगने वाली थी, लेकिन भगवान सांवलिया सेठ से मन्नत मांगी थी, उसके बाद वह हथकड़ी लगने से बच गया। यह मनोरथ पूर्ण होने पर भक्त ने चांदी की हथकड़ी बनवाई और प्राकट्य स्थल सांवलिया जी मंदिर पर हथकड़ी भेंट कर मन्नत पूरी की।

# अलकनंदा में कार गिरी, जैसलमेर के डॉक्टर व मां समेत 3 की मौत, दो बेटियों समेत 4 लोग लापता

**भास्कर न्यूज** | देहरादून/जैसलमेर

उत्तराखंड के टिहरी में मंगलवार सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसा हो गया। जैसलमेर से चारधाम यात्रा पर निकले पर्यटकों की इनोवा बेकाबू होकर करीब 200 मीटर गहरी खाई को चीरते हुए अलकनंदा नदी में जा गिरी। हादसे में जैसलमेर निवासी एम्स(दिल्ली) के डॉक्टर, उनकी बुजुर्ग मां और ड्राइवर सहित तीन लोगों की मौके पर ही मौत हो गई। वहीं, एक 12 वर्षीय बच्चा गंभीर रूप से घायल है। परिवार की चार महिलाएं नदी के तेज बहाव में लापता हैं। मरने वालों की पहचान


पुलिस ने शव निकाला।

जैसलमेर के दरिया नाथ बावड़ी निवासी डॉ. दिनेश माली (27), मां कमला (67) और ड्राइवर अखिलेश के रूप में हुई है। डॉ. दिनेश एक साल से दिल्ली एम्स में तैनात थे। वह रविवार को परिवार के साथ उत्तराखंड घूमने के लिए गए थे। हादसे में डॉक्टर की बड़ी बहन गुड्डी देवी (40), उनकी बेटियां नर्मदा (20), जाह्नवी (18) और अश्लेषा (16) नदी में लापता हैं।

**सुबह-सुबह हुआ हादसा, तेज रफ्तार बनी काल**

प्रत्यक्षदर्शियों के मुताबिक, हरिद्वार की ओर जा रही इनोवा कार की रफ्तार काफी तेज थी। अचानक मोड़ पर ड्राइवर ने गाड़ी पर से नियंत्रण खो दिया और कार सीधे नदी में समा गई। स्थानीय लोगों ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

**महिला से शराब पिला दुष्कर्म;** वीडियो वायरल की धमकी दी थी

## वडोदरा शहर आप अध्यक्ष दुष्कर्म के मामले में 4 दिन की रिमांड पर

**भास्कर न्यूज** | वडोदरा

महिला को शराब पिलाकर दुष्कर्म करने और अश्लील वीडियो वायरल करने की धमकी देने के मामले में पुलिस ने आम आदमी पार्टी के वडोदरा शहर अध्यक्ष अशोक ओझा को गिरफ्तार कर कोर्ट से 4 दिन की रिमांड हासिल की है। उसके बेटे के खिलाफ दुष्कर्म सहित बेटी और पत्नी के खिलाफ भी मामला दर्ज किया है।

शिकायत के अनुसार, महिला ने AAP नेता अशोक ओझा पर शारीरिक शोषण और ब्लैकमेलिंग के आरोप लगाए हैं। उसकी पत्नी और पुत्री के खिलाफ भी शिकायत दर्ज कराई है, जिनकी तलाश पुलिस कर रही है। अशोक ओझा के पर आणंद में शिकायत दर्ज होने के बाद महिला ने हिम्मत करके कपूराई पुलिस थाने में शिकायत दर्ज कराई। पुलिस ने पीड़िता का मेडिकल परीक्षण कराया था।



आरोपी अशोक ओझा को मंगलवार को अदालत में पेश कर पुलिस ने 10 दिन की रिमांड मांगी लेकिन अदालत ने 4 दिन के रिमांड मंजूर किए। पुलिस आरोपी से महिला के वीडियो बरामद करने समेत अन्य जांच करेगी।

**वर्ल्ड साइकिल-डे आज** • फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के डिप्टी डायरेक्टर केसी मीना से बातचीत

# बीमारी ने झकझोरा तो साइकिल को बनाया अपना साथी, एक दिन में 312 किलोमीटर चलाकर बने साइकिलमैन

**धर्मेन्द्र झा, जयपुर** | 57 साल की उम्र और एक जिद, एक पैशन वो भी साइक्लिंग का। ये हैं फॉरेस्ट डिपार्टमेंट के डिप्टी डायरेक्टर जनरल केसी मीना। ये लंबे समय से राजस्थान के वन और पर्यावरण का संरक्षण करते रहे हैं। सात साल पहले साइकिल चलाना शुरू किया। प्रदेश का दौरा भी कई बार साइकिल से किया। एक दिन में 312 किलोमीटर तक साइकिल चलाई, इसलिए इन्हें साइकिलमैन भी कहा जाता है। अभी कुछ समय के लिए भोपाल में प्रतिनियुक्ति पर हैं।

**▪ साइकिल चलाना कब और कैसे शुरू किया?**
साइकिल चलाना 2019 में शुरू किया। इससे तीन साल पहले मुझे रीढ़ की हड्डी में एक खतरनाक इंफेक्शन हो गया। करीब तीन महीने बैड पर रहा। हालात बहुत विकट हो गए। जीवन पहाड़ जैसा लगने लगा, लेकिन हिम्मत नहीं हारी। योग के सहारे पहले व्हीलचेयर पर, फिर वॉकर और एक साल बाद चलना शुरू किया। अब पूरा ध्यान फिटनेस पर लगाया तो पहले रनिंग और साइक्लिंग करने लगा।



**▪ गाड़ी से जाने और साइकिल से जाने में फील्ड स्तर पर क्या अंतर देखने को मिला ?**
जब गाड़ी से जाता हूं तो वो जुड़ाव न जंगल से होता है ना लोगों से। लेकिन साइकिल ने मुझे पर्यावरण को समझने में बहुत मदद की। उनके बीच से गुजरना और उनको आराम से देखना। साथ ही रुककर लोगों से बात करना साइकिल से ही हो पाया।

**▪ 57 वर्ष की आयु में भी यह ऊर्जा और फिटनेस का क्या राज है। क्या डाइट लेते हैं?**
मुझे स्वस्थ रखने, नई पहचान से लेकर साइकिल मैन कहलाने का श्रेय इस साइकिल को ही है। अगर रोज साइकिल चला पाएं तो बहुत सी बीमारी से न केवल बचेंगे बल्कि आपकी क्षमता कई बढ़ जाएगी। स्वस्थ तन और मन आपको हर क्षेत्र में आगे ले जाएगा। अगर आप देशी या घर का सही खान-पान रखते हैं तो कुछ बाहरी लेने की जरूरत नहीं है।

**▪ आज की युवा पीढ़ी और नए प्रशासनिक अधिकारियों को क्या संदेश देना चाहेंगे?**
साइकिल चलाने पर शर्म नहीं गर्व करना चाहिए। आप इसे चलाकर न केवल पर्यावरण संरक्षण कर पाएंगे, बल्कि प्रकृति के नजदीक जा सकेंगे। लोगों की जिंदगी बदल सकेंगे।

**▪ 'विश्व साइकिल दिवस' पर क्या खास संदेश देना चाहेंगे?**
साइकिल रोज चलानी चाहिए। वाहनों की भीड़ कम करने को अपनाना जरूरी है। पीएम भी अपील कर चुके हैं कि ट्रैफिक कम करें।

## नागरिकों की शिकायतों का निस्तारण तेजः राव

**गांधीनगर**। गुजरात के प्रभारी पुलिस महानिदेशक (डीजीपी) के. एल. एन. राव ने मंगलवार को पुलिस भवन स्थित जनसंपर्क केंद्र (पब्लिक रिलेशंस सेंटर) का दौरा कर उसकी कार्यप्रणाली की समीक्षा की। अधिकारियों के अनुसार, नागरिकों की शिकायतों के त्वरित और निष्पक्ष निस्तारण के लिए इस केंद्र की स्थापना इसी वर्ष फरवरी में की गई थी। राव ने कहा कि यह केंद्र केवल आवेदन स्वीकार करने का कार्यालय नहीं, बल्कि गुजरात पुलिस की सुरक्षा, सेवा और विश्वास की भावना का प्रभावी माध्यम है। उन्होंने कहा कि विशेष रूप से आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के लोगों को यहां से यह भरोसा मिलना चाहिए कि उन्हें न्याय मिलेगा। केंद्र में शिकायत दर्ज होने के बाद वरिष्ठ अधिकारी स्वयं मामलों की सुनवाई करते हैं और संबंधित जिला, शहर पुलिस इकाई या शाखा को कार्रवाई के लिए भेजते हैं। शिकायतों की समयबद्ध समीक्षा करने के निर्देश दिए।

# बिस्किट पैकेट में छिपे ₹14 करोड़ के ड्रग्स के साथ पैडलर गिरफ्तार

### राजस्थान-मुंबई बस न मिलने पर अहमदाबाद पहुंचा




**अहमदाबाद**| अहमदाबाद के एसपी रिंग रोड पर नाना चिलोडा के पास ₹14 करोड़ के 7 किलो मेथामफेटामाइन ड्रग्स के साथ नरोडा पुलिस ने पैडलर को गिरफ्तार किया है। आरोपी राजस्थान से मुंबई ड्रग्स ले जा रहा था। किसी को शक न हो इसलिए ड्रग्स बिस्किट के पैकेट में छिपाया था।

आरोपी राजस्थान से मुंबई जाने की सीधी बस नहीं मिली तो अहमदाबाद पहुंचा और पकड़ा गया। पुलिस ड्रग्स मंगवाने वाले मुंबई के नाइजीरियाई तथा राजस्थान में ड्रग्स देने वाले व्यक्ति की तलाश कर रही है। नरोडा पुलिस को सूचना मिली थी कि नाना चिलोडा सर्कल के पास एक व्यक्ति हाथ में बैग लेकर जा रहा है, जिसमें संदिग्ध चीज हो सकती है। पुलिस ने युवक को रोककर जांच की तो बैग से मेथामफेटामाइन ड्रग्स बरामद हुआ। आरोपी मोहम्मद साजिद मोहम्मद उस्मान शेख (निवासी अंधेरी वेस्ट) को मुंबई के नाइजीरियाई व्यक्ति क्यूबेन के कहने पर राजस्थान के जयपुर बस स्टैंड के पास किसी व्यक्ति से बैग लेकर मुंबई पहुंचाना था लेकिन बस न मिलने से अहमदाबाद गया।

## गोंदिया में भीषण आग से कई गोदाम जलकर खाक

**गोंदिया**। महाराष्ट्र के गोंदिया शहर में मंगलवार सुबह भीषण आग लगने से कई गोदाम जलकर खाक हो गए। अधिकारियों के अनुसार, घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है।आग सुबह करीब 9:45 बजे शास्त्री वार्ड क्षेत्र स्थित एक निजी परिसर में लगी, जहां सैनिटरीवेयर, टाइल्स और जूट के बोरों के गोदाम संचालित थे। देखते ही देखते आग ने विकराल रूप धारण कर लिया और आसपास के गोदामों को भी अपनी चपेट में ले लिया। गोंदिया नगर निगम के अग्निशमन अधिकारी नीरज काले ने बताया कि आग पर लगभग छह घंटे की मशक्कत के बाद काबू पाया जा सका। राहत कार्य में दमकल की आठ गाड़ियों को लगाया गया, जबकि अतिरिक्त सहायता के लिए तिरोड़ा स्थित अडाणी पावर से भी अग्निशमन कर्मियों की टीम बुलाई गई। प्रारंभिक जांच में शॉर्ट सर्किट को आग लगने की संभावित वजह माना जा रहा है।


सीकर में IIT-JEE का नया धुरंधर
Best JEE (Adv.) 2026-Result of Sikar
04 Students Under AIR-800
(Highest in Sikar)
With XII
SIKAR COACHINGS'
TOPPER
AIR-225 (Overall)
VIVEK GUPTA
S/o Sh. Mukesh Chand
With XII
AIR 469 (Overall)
NAVDEEP MANN
S/o Sh. Suresh Kumar
With XII
AIR 677 (Overall)
BRAJ KISHOR
S/o Sh. Kumer Singh
With XII
AIR 779 (Overall)
VIKAS DHAKHARWAL
S/o Sh. Bhagirthmal
All are Classroom Students
AIR-1206 Target DIVYAM ARORA
AIR-1419 Target RAHUL KUMAWAT
AIR-2067 With XII AYUSH SINGH
AIR-2077 With XII NIKHIL
AIR-2183 With XII PRINCE DHAKER
AIR-2940 Target MINAKSHI
AIR-3238 With XII MAYANK HARLALKA
AIR-3450 Target VIJAYPAL BAGARIA
AIR-3688 With XII MANJEET CHOUDHARY
AIR-3837 With XII AKASH SIKARWAR
AIR-3852 Target NITISH KUMAR
AIR-4085 With XII TUSHAR SAHU
AIR-4408 Target PARTH AGRAWAL
AIR-4527 Target RONIT GREWAL
AIR-4555 With XII SHANTANU PARMAR
AIR-4579 Target NIKHIL OLKHA
AIR-4636 With XII PIYUSH RAJORIA
AIR-4823 With XII HARSH
AIR-4924 With XII DEV SHREE GUPTA
AIR-4980 Target SIMRAN CHOUDHARY
AIR-4995 With XII MAYANK KUMAR RAY
AIR-5212 With XII DIVASH KUMAR
AIR-5402 With XII AKASH DHILLON
AIR-5577 With XII AYUSH CHAHAR
AIR-5731 With XII VINEET SINGH
AIR-5933 With XII NITIN DAHIYA
AIR-5961 Target NANDINI SHARMA
AIR-6046 With XII SHUBHAM SINGHAL
AIR-6118 Target LALIT KUMAR
AIR-6520 With XII MANAN JALWAL
AIR-6801 With XII ABHISHEK SHARMA
AIR-6829 Target ASHOK DUDI
AIR-6942 With XII BHAVIK RANWA
AIR-6994 Target LAKSHITA BISHNOI
500+ Students Qualified for IIT/NIT/IIIT in JEE 2026
AIR-7043 Target RAJVEER CHOUDHARY
AIR-7291 With XII MUKESH KUMAR
AIR-7353 Target KOMAL AGARWAL
AIR-7591 Target ABHISHEK YADAV
T & C apply. Note : Results published are based on information provided by students and/or the data team. Any inadvertent error may be brought to our notice.
Special Revolter Batch SCHOLARSHIP
1. 100% Scholarship in Tuition Fees for JEE Advanced-2026 qualified students.
2. Percentile Marks based Scholarship (25% to 100%) in Tuition Fees for JEE Main-2026 qualified students.
प्रिंस मॉडल (देश का यूनिक एजुकेशन मॉडल) एक ही कैम्पस में कोचिंग + हॉस्टल + मैस + सेल्फ स्टडी + स्पोर्ट्स। मोबाइल फ्री कैम्पस।
Strong Foundation in Science & Maths
BEST PRE FOUNDATION
Programme for OLYMPIADS
Classes VI to X
• Build Strong Concepts from an Early Age
• Olympiad, NTSE & Scholarship Exam Preparation
• Logical Thinking & Problem-Solving Skills Development
• Foundation for IIT-JEE, NEET & Future Competitive Exams
PCP
IIT-JEE | NEET | OLYMPIADS
Admission ANNOUNCEMENT
New Batches Start from
• XII Passed : 04 June 2026
• XI to XII Moving : 04 June 2026
• X to XI Moving : 04 June 2026
• VI to X Students : 16 June 2026
XIII-Target Course, XI-XII Foundation Course, VI to X Pre Foundation Course.
Palwas Road, SIKAR Helpline : 9610-89-2222 | Piprali Road, SIKAR Helpline : 9610-53-2222 | Gopalpura Bypass, JAIPUR Helpline : 9610-57-2222

## प्रेरणा

सुधार का मतलब है बदलना और परफेक्शन का मतलब है बार-बार बदलना। -विंस्टन चर्चिल

## संपादकीय

# अब टेक या स्टेम सेक्टरों में महिलाओं की उपेक्षा न हो

जेईई एडवांस्ड के ताजा नतीजे और पिछले रिकॉर्ड्स बताते हैं कि लड़कियों का पास-परसेंटेज पिछले सात वर्षों में डेढ़ गुना बढ़कर 16.1 से 24.9 हो गया है। इससे अब तक की यह परम्परागत मान्यता कि स्टेम (साइंस, टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग और मैथ्स) के क्षेत्र में लड़के बेहतर प्रदर्शन करते हैं, टूट रही है। इसी काल में दुनिया की ज्ञान-आधारित प्रतियोगिताओं में सबसे कठिन में शुमार होने वाले जेईई एडवांस्ड में लड़कियों के पास होने की संख्या 5356 से बढ़कर 10,107 हो गई है यानी अब लड़कियां पहले से दोगुनी संख्या में देश की प्रीमियम टेक संस्थाओं में शिक्षा लेंगी। यहां तक तो उनकी क्षमता का कमाल है लेकिन महिलाओं के प्रति जॉब्स में दुराग्रह की एक अलग कहानी है। जहां स्टेम वर्ग में दुनिया में अग्रणी भारत में 43% महिला ग्रेजुएट्स हैं, वहीं आईटी और सॉफ्टवेयर में नौकरियों में वर्कफोर्स अनुपात 1:2 का हो जाता है यानी हर दो पुरुषों पर मात्र एक स्त्री नौकरी में है। उच्च टेक पदों पर तो यह स्थिति और भी बिगड़ जाती है क्योंकि हर छह पुरुष के मुकाबले केवल एक महिला प्रमुख पदों पर है। कोर इंजीनियरिंग जैसे मैकेनिकल, सिविल या इलेक्ट्रिकल में पांच पुरुष इंजीनियर्स के मुकाबले एक महिला इंजीनियर देश में उच्च टेक शिक्षा प्राप्त महिलाओं के प्रति कंपनियों का रवैया बताती है। इनमें अधिकांश बड़ी विदेशी एमएनसीज हैं। देश में टेक सेक्टर में रोजगार का विश्लेषण करने वाली संस्थाओं के आंकड़े भी महिलाओं को नौकरी और प्रमोशन देने के प्रति कंपनियों का दुराग्रह बताते हैं।

## जीने की राह



पं. विजयशंकर मेहता
humarehanuman@gmail.com

# जीवन के राजपथ पर सदैव निर्माण कार्य चलता रहता है

हम निर्माणाधीन मार्ग पर जब गुजरते हैं तो कुछ साइन बोर्ड हमें बताते हैं कि यहां डायवर्शन है, मुड़ जाइए। एक बोर्ड भी लगा होता है- वर्क इन प्रोग्रेस। कभी-कभी तो चिढ़ भी होती है कि कैसी सड़क कर दी। फिर ध्यान आता है कुछ समय बाद बहुत अच्छी सड़क हो जाएगी, तभी तो निर्माण हो रहा है। जीवन के राजपथ पर भी सदैव निर्माण चलता रहता है। जो लोग ग्रोथ माइंडसेट के होते हैं, वो एक बात हमेशा समझाते रहते हैं खुद को कि हम सीख रहे हैं। जिस दिन हम यह मान लेते हैं कि हमने सीख लिया, यह गलतफहमी बड़ी महंगी पड़ती है। अंतिम सांस तक कुछ न कुछ सीखना है। अब इसके लिए एक सुंदर प्रयोग है। हम खुद से भी बहुत बातें करते हैं। अकेले में बैठे-बैठे सवाल-जवाब चलते हैं। तो एक प्रयास करिए कि हमारी जो निजी बातचीत होती है, उसकी भाषा बहुत मीठी हो। दूसरों के प्रति आदरपूर्ण हो। जब हम किसी और से बात करें और मन ही मन कर रहे हों तो खूब आदरपूर्ण करें। जो अपनी निजी बातचीत को, उसके शब्दों को गरिमामय बनाएगा, उसे जीवन भर सीखने में दुविधा नहीं होगी। • Facebook:Pt. Vijayshankar Mehta

## शब्दों का जादू

### बुद्ध के उपदेश



सारनाथ के उस ऊंचे टीले को
जब भी देखता हूं लगता है वह मुझसे प्रश्न कर रहा है।

क्या हुआ उन उपदेशों का जो बुद्ध ने दुनिया को दिए थे।
कलिंग के नरसंहार के बाद दुनिया में क्या बदला?
यही न कि हमने मान लिया,
युद्ध के मलबे पर ही
शांति की नींव आती है!

पर जिसे हमने स्तूप कहा,
वह हमारे विचारों की धूप क्यों नहीं बना?
शायद इसलिए कि हमने बुद्ध को जीना छोड़ दिया है।

मिसाइलों और बमों के धमाके हमें रोमांच देते हैं,
और हमारी ऊब को मिलती है
एक और हेडलाइन।
बुद्ध ने भौतिकता त्यागी थी,
ताकि आंतरिक और
बाहरी युद्धों का अंत हो सके,
पर हमने बुद्ध को ही कैद कर दिया है
मूर्तियों की ओट में।
-अमन कुमार 'होली', साहिबगंज
(मूल कविता के सम्पादित अंश)

पूरी कविता को पढ़ने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

भास्कर कविता उत्सव की शीर्ष 100 कविताओं में चयनित

## पाठकों के पत्र

### महंगाई पर चुप्पी सही नहीं

मौजूदा युद्धों का असर भारत में दिख रहा है। पेट्रोल-डीजल, एलपीजी महंगे हो रहे हैं। मध्यम वर्ग के साथ किसान भी महंगाई से त्रस्त हैं। अनाज मंडी, सोसाइटी में समय पर तुलाई और भुगतान नहीं हो रहा है। ऐसे में जनप्रतिनिधियों की चुप्पी सही नहीं लग रही। -प्रदीप सकरगाये, रोलगांव, मध्यप्रदेश

### याद रहेंगे कल्याणपुर के मीठे सुर

लता मंगेशकर और आशा भोंसले के बाद मधुर आवाज वाली गायिका सुमन कल्याणपुर ने भी दुनिया को अलविदा कह दिया। उनके कुछ बेहद खूबसूरत गीतों में से 'साथी' फिल्म का मेरा प्यार भी तू है..., फिल्म 'जब जब फूल खिले' का ना-ना करते प्यार... भला कौन भूल सकता है। -अनिल तलवार, लुधियाना, पंजाब

आप अपने पत्र editpage@dbcorp.in पर भेज सकते हैं

## क्या आप जानते हैं

### फिलीपींस में हैं इंसानों के बराबर चमगादड़

फिलीपींस के जंगलों में दुनिया का सबसे बड़े आकार का चमगादड़ पाया जाता है। इसका नाम है गोल्डन-क्राउन्ड फ्लाइंग फॉक्स। इन चमगादड़ों के पंखों का फैलाव 5.6 फीट यानी इंसानी कद के बराबर, जबकि वजन 1.4 किलो तक होता है। ये विशालकाय चमगादड़ पूर्णत: फलों के भोजन पर निर्भर होते हैं।

1000 तक चमगादड़ होते हैं गोल्डन-क्राउन्ड की कॉलोनी में।

---

**दूरदृष्टि** • बहुत कुछ इस पर भी निर्भर करेगा कि कोई डेस्टिनेशन कंटेंट-क्रिएटर्स के अनुकूल है या नहीं

# टूरिज्म डॉलर भी दे सकता है और जॉब्स भी

## पर्यटन



अमिताभ कांत
नीति आयोग के पूर्व सीईओ और भारत के पूर्व जी-20 शेरपा

विदेशी मुद्रा पाने और नौकरियां क्रिएट करने के सबसे तेज तरीकों में पर्यटन भी है, जबकि उस पर ज्यादा ध्यान नहीं दिया जाता। एक ऐसे समय में, जब वैश्विक अनिश्चितता, ऊर्जा कीमतों में अस्थिरता, आपूर्ति श्रृंखला में व्यवधान और भू-राजनीतिक झटके चालू खाते पर दबाव डाल रहे हैं, टूरिज्म हमारी अर्थव्यवस्था के लिए स्टैबलाइजर का काम कर सकता है।

विदेशी पर्यटक सीधे हमारी अर्थव्यवस्था में डॉलर लेकर आते हैं। वे हॉस्पिटैलिटी, परिवहन, पर्यटन स्थलों, स्मृति-चिह्नों, सांस्कृतिक अनुभवों और स्थानीय व्यंजनों पर पैसा खर्च करते हैं। इनमें से प्रत्येक क्षेत्र अपने आप में रोजगार सृजन का एक शक्तिशाली स्रोत है। पर्यटन में जुड़ा हर प्रत्यक्ष रोजगार 13 अप्रत्यक्ष रोजगारों को भी जन्म देता है। वेटर, शेफ, ड्राइवर, गाइड, शिल्पकार, होमस्टे संचालक, डिजिटल मार्केटर और हजारों-छोटे स्थानीय उद्यम इसके कुछ उदाहरण मात्र हैं। जहां मैन्युफैक्चरिंग-आधारित प्रत्यक्ष विदेशी निवेश- जिसे दीर्घकालिक समाधान के रूप में प्राथमिकता दी जाती है- साकार होने में वर्षों लेता है और सार्थक स्तर पर विदेशी मुद्रा उत्पन्न करने में उससे भी अधिक समय लगाता है, वहीं पर्यटन किसी पर्यटक के निर्णयों को कुछ ही महीनों में डॉलरों में परिवर्तित कर देता है।

भारत की एविएशन कंपनियों ने 2000 से अधिक नए विमानों का ऑर्डर दिया है, जिनकी आपूर्ति आने वाले वर्षों में तेजी से बढ़ेगी। ऊपरी तौर पर तो यह एविएशन क्षेत्र की महत्वाकांक्षा की कहानी प्रतीत होती है, किंतु यदि इसके साथ ही इन विमानों को विदेशी पर्यटकों से भरने के प्रयास नहीं किए गए, तो उलटा परिणाम भी मिल सकता है : भारतीयों के लिए विदेश यात्रा अधिक आसान और सस्ती हो जाएगी, जिससे कहीं अधिक मात्रा में बहुमूल्य विदेशी मुद्रा देश से बाहर जाएगी।

पिछले चार वर्षों में भारत के विदेशी पर्यटन मार्केटिंग बजट को लगभग शून्य तक घटा दिया गया है। परिणाम भी अपेक्षित हैं। वर्ष 2024 में भारत में 99 लाख अंतरराष्ट्रीय पर्यटक आए- जो महामारी-पूर्व के सर्वोच्च स्तर से लगभग 10% कम हैं। जहां भारत के सभी प्रमुख प्रतिस्पर्धी देश 2019 के स्तर को पार कर चुके हैं, हम अब भी उस स्थिति से बाहर निकलने का रास्ता तलाश रहे हैं। इसलिए हमारे विदेशी पर्यटन मार्केटिंग बजट में की गई तीव्र कटौती आश्चर्यजनक है।

एक विदेशी पर्यटक अपनी प्रत्येक यात्रा पर भारत के जीडीपी में 3,000 डॉलर का योगदान देता है, जबकि एक घरेलू पर्यटक का योगदान केवल 75 डॉलर होता है- यानी 40 गुना का अंतर। मार्केटिंग पर 20 करोड़ डॉलर का निवेश 10 लाख अतिरिक्त विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेगा, जिससे 3.6 अरब डॉलर का आर्थिक मूल्य सृजित होगा, 40 करोड़ डॉलर की जीएसटी प्राप्ति होगी और 2.83 लाख नए रोजगार उत्पन्न होंगे। यानी मार्केटिंग पर खर्च किए गए प्रत्येक डॉलर पर 18 गुना रिटर्न प्राप्त होगा। केवल 55,000 अतिरिक्त पर्यटक- जो भारत के वर्तमान टूरिस्ट-बेस का मात्र 0.5% हैं- पूरे मार्केटिंग खर्च की भरपाई कर देंगे। ये कोई अनुमान नहीं हैं। ये वही परिणाम हैं, जिन्हें इन्क्रेडिबल इंडिया अभियान ने प्रत्यक्ष रूप से सिद्ध करके दिखाया था।

वैश्विक पर्यटन में डिजिटल टेक्नोलॉजी बड़े बदलाव ला रही है। और यही वह क्षेत्र है, जिसमें भारत की अनुपस्थिति हमारे लिए महंगी साबित हो रही है। आज पर्यटन से संबंधित कुल बिक्री का 78% ऑनलाइन होता है, 70% बुकिंग मोबाइल उपकरणों पर पूरी की जाती हैं और 45% लेन-देन ऑनलाइन ट्रैवल एजेंसियों के माध्यम से होता है। प्रतिस्पर्धा का मैदान अब यूट्यूब प्री-रोल्स, सोशल मीडिया एल्गोरिदम, प्रोग्रामेटिक डिस्प्ले और इन्फ्लुएंसर नेटवर्कों पर स्थानांतरित हो चुका है। ये ऐसे चैनल्स हैं, जहां व्यय को मापा जा सकता है, टारगेटिंग सटीक होती है और रिटर्न ऑन इनवेस्टमेंट का लगभग रियल-टाइम में आकलन किया जा सकता है।



**2.83 लाख नए रोजगार...**

**एक विदेशी पर्यटक अपनी प्रत्येक यात्रा पर जीडीपी में 3,000 डॉलर का योगदान देता है। मार्केटिंग पर 20 करोड़ डॉलर का निवेश 10 लाख अतिरिक्त विदेशी पर्यटकों को आकर्षित करेगा, जिससे 3.6 अरब डॉलर का मूल्य सृजित होगा, 40 करोड़ डॉलर की जीएसटी प्राप्ति होगी और 2.83 लाख नए रोजगार उत्पन्न होंगे।**

भारत के पास बुनियादी ढांचा तो है, किंतु वह उसका लाभ उठाने में विफल रहा है। इन्क्रेडिबल इंडिया के फेसबुक पर 19 लाख और इंस्टाग्राम पर 7.85 लाख ही फॉलोअर्स हैं। इतने ही फॉलोअर्स वाले सऊदी अरब ने जहां एक ही महीने में 2.7 करोड़ कंटेंट व्यू अर्जित किए, वहीं भारत केवल 3.88 लाख व्यू तक सीमित रहा। मंच मौजूद है, किंतु भारत लगभग एक दशक से वैश्विक मार्केटिंग परिदृश्य से पूरी तरह अनुपस्थित है। इसकी भारी कीमत हमारे पर्यटन क्षेत्र को चुकानी पड़ रही है।

केवल मार्केटिंग भी काफी नहीं होगी। हमें मिशन मोड में पर्यटन क्षेत्र को डी-रेगुलेट भी करना होगा। होटल, रेस्तरां, होमस्टे, परिवहन संचालक और पर्यटन सेवा प्रदाता अनेक लाइसेंसों, प्रक्रियाओं और निरीक्षणों के बोझ तले काम करते हैं। जो परियोजनाएं दूसरे एशियाई देशों में 18 महीनों में पूरी हो जाती हैं, उन्हें भारत में कहीं अधिक समय लगता है। एकीकृत लाइसेंस व्यवस्था, डिजिटलीकरण और स्वचालित नवीनीकरण को लागू किया जाना चाहिए। हमारे प्रत्येक राज्य को पर्यटन का अग्रदूत बनना होगा। प्रत्येक राज्य को 15 प्रमुख पर्यटन स्थलों की पहचान कर उन्हें ऐसे समग्र पर्यटन इको-सिस्टम में विकसित करना चाहिए, जिनमें पहुंच, आवास, अनुभव, आयोजन, सुरक्षा, स्वच्छता, स्थानीय उद्यम और मार्केटिंग- सभी का समावेश हो।

कोई डेस्टिनेशन केवल इसलिए तैयार नहीं माना जा सकता कि वहां सड़कें, होटल या संकेतक उपलब्ध हैं। वह तभी नजरों में आता है, जब कोई यात्री उसकी विशिष्टता को खोज सके, उसकी विश्वसनीयता का आकलन कर सके, बुक किए जा सकने वाले अनुभवों की पहचान कर सके, आसानी से लेन-देन कर सके और इस बात पर भरोसा कर सके कि उसे अपेक्षानुरूप अनुभव प्राप्त होगा। पर्यटन क्षेत्र की प्रतिस्पर्धात्मकता अब इस पर भी निर्भर करेगी कि कोई डेस्टिनेशन कंटेंट-क्रिएटर्स के अनुकूल है या नहीं, उसे आसानी से ऑनलाइन खोजा जा सकता है या नहीं, वह लेन-देन के लिए तैयार है या नहीं और उस पर भरोसा किया जा सकता है या नहीं। हमें कंटेंट-क्रिएशन अर्थव्यवस्था को भी पर्यटन की एक रणनीति के रूप में अपनाना होगा। सरकारी अभियान जागरूकता उत्पन्न कर सकते हैं, किंतु विश्वास का निर्माण कंटेंट-क्रिएटर्स करते हैं। एक उत्कृष्ट वीडियो वह प्रभाव उत्पन्न कर सकता है, जो कोई ब्रोशर नहीं कर सकता।

(ये लेखक के अपने विचार हैं)

इस लेख को मोबाइल पर सुनने के लिए **QR कोड** को स्कैन करें।

---

**विश्लेषण** • राजस्थान-छत्तीसगढ़ से सबक लिया

# कर्नाटक में कांग्रेस ने अपनी पुरानी गलतियां नहीं दोहराईं

## सियासत



नीरजा चौधरी
वरिष्ठ राजनीतिक टिप्पणीकार
neerja_chowdhury@yahoo.com

राजस्थान और छत्तीसगढ़ में कांग्रेस जो नहीं कर पाई थी, कर्नाटक में उसने कर दिखाया। राजस्थान में पार्टी ने अशोक गहलोत और सचिन पायलट को बारी-बारी से मुख्यमंत्री बनाने का वादा किया था, लेकिन गहलोत ने इसे नहीं होने दिया। उन्होंने तो पार्टी को ही चुनौती दे दी थी। पार्टी आलाकमान पायलट को राजस्थान कांग्रेस का अध्यक्ष तक नहीं बना पाया है, ताकि वे 2028 के चुनाव में मुख्यमंत्री पद के स्वाभाविक उत्तराधिकारी बन सकें। इसी तरह छत्तीसगढ़ में जब पार्टी ने आधे कार्यकाल के लिए टीएस सिंहदेव को राज्य की कमान सौंपनी चाही तो ज्यादातर विधायकों का समर्थन लेकर बैठे भूपेश बघेल ने भी ऐसे प्रयास को नाकाम कर दिया था।

इन दोनों ही राज्यों में कांग्रेस को गुटबाजी का खामियाजा भुगतना पड़ा और 2023 में वो सत्ता गंवा बैठी। इसके उलट, कर्नाटक में सत्ता हस्तांतरण शांति से हुआ। इसका श्रेय सिद्धारमैया को जाता है, जो अपने उपमुख्यमंत्री के लिए सीएम की कुर्सी छोड़ने पर राजी हो गए। किसी राजनेता के लिए ऐसा करना आसान नहीं होता। इस बार आलाकमान भी इसको लेकर स्पष्ट रहा कि वह क्या चाहता है। शीर्ष नेतृत्व में एकजुटता दिखी और अपना निर्णय मनवाने की दृढ़ता भी। दक्षिण में कांग्रेस के बढ़ते दबदबे को देखते हुए कर्नाटक को लेकर उसके दांव आज अधिक ऊंचे हैं।

गहलोत और बघेल की तरह सिद्धारमैया के पास भी उनके समर्थक विधायकों का बहुमत था। लेकिन वे बगावत के बजाय हाईकमान के निर्देश का पालन करते नजर आए। भले उन्हें भविष्य में इसका सियासी फायदा मिले या नहीं, लेकिन उन्होंने अपनी साख जरूर बना ली है। वे जानते थे कि डी.के. शिवकुमार केंद्रीय नेतृत्व पर दबाव बना रहे थे। ऐसे में हालात सिद्धारमैया और डीकेएस के अलावा कांग्रेस के लिए भी उलझन भरे हो सकते थे। एक वक्त तो डीकेएस की भाजपा से भी नजदीकियां बढ़ने की खबरें आई थीं। शायद यह भी हाईकमान पर दबाव बढ़ाने के लिए ही होगा।

सिद्धारमैया ने हाईकमान के बदले मूड को भी भांप लिया था। कुरुबा ओबीसी समुदाय से ताल्लुक रखने वाले सिद्धारमैया जनाधार वाले नेता हैं और 'अहिंदा' (पिछड़े, अल्पसंख्यक, दलित) गठबंधन के सूत्रधार माने जाते हैं, जिसने कांग्रेस को मजबूत स्थिति में बनाए रखा। इसी की बदौलत सिद्धारमैया दो बार विपक्ष के नेता बने और दो बार मुख्यमंत्री भी रहे। उनके सियासी कद और ओबीसी पहचान की वजह से ही राहुल गांधी लगातार उनका समर्थन करते रहे हैं। लेकिन अब कल यानी 3 जून को डीकेएस मुख्यमंत्री पद की शपथ लेंगे और उनके नाम का प्रस्ताव सिद्धारमैया ने ही रखा।

सिद्धारमैया के गद्दी छोड़ने का मतलब यह नहीं निकाला जा सकता कि वे राजनीति भी छोड़ रहे हैं। इसके उलट, उन्होंने संकेत दे दिया है कि वे एक विधायक के तौर पर कर्नाटक में सक्रिय रहेंगे। पार्टी ने उन्हें राज्यसभा सीट की पेशकश की थी, लेकिन उन्होंने राष्ट्रीय राजनीति में जाने से इनकार कर दिया। हालांकि, यह कहना मुश्किल है कि यदि कांग्रेस उन्हें राष्ट्रीय अध्यक्ष पद की पेशकश करेगी तो वे उसे भी ठुकरा देंगे या नहीं। खरगे का कार्यकाल जल्द समाप्त होने वाला है और ऐसे में ओबीसी समुदाय से आने वाला कोई अध्यक्ष राहुल की राजनीति को नई गति दे सकता है।

**कर्नाटक का उदाहरण बताता है कि कांग्रेस में निर्णय करने की बात आए तो राहुल और प्रियंका अब अधिक तालमेल के साथ काम कर रहे हैं। इससे दक्षिण भारत में कांग्रेस ने खुद को और मजबूती ही प्रदान की है।**

मुख्यमंत्री पद छोड़ने से कुछ घंटे पहले ही सिद्धारमैया ने कर्नाटक की जाति जनगणना को मंजूरी दे दी, जिसका आदेश उन्होंने ही 2025 में दिया था। ऐसा करके उन्होंने डीकेएस के सामने एक कठिन सियासी चुनौती छोड़ दी है। यदि डीकेएस इसे स्वीकार करते हैं, तो उनका अपना वोक्कालिगा समुदाय नाराज हो सकता है। यदि इसे ठंडे बस्ते में डालते हैं तो ओबीसी समुदाय नाराज होकर फिर सिद्धारमैया के पक्ष में लामबंद हो सकता है।

(ये लेखिका के अपने विचार हैं)

---

**नजरिया** • शिक्षा के उद्देश्य को हमने सीमित किया

# हमारी शिक्षा की व्यवस्था में इतनी 'परीक्षाएं' क्यों हैं?

## एजुकेशन



प्रियदर्शन
लेखक और पत्रकार
priyadarshan.parag@gmail.com

पहले नीट की परीक्षा रद्द हुई, फिर सीबीएसई के नतीजों और पुनर्मूल्यांकन की दिक्कतों ने छात्रों को रुला दिया। सुप्रीम कोर्ट ने नीट के मामले में एनटीए को सख्त फटकार लगाई है। लेकिन हमारी पूरी शिक्षा व्यवस्था में जो बुनियादी खोट है, क्या उसकी ओर किसी का ध्यान है? कम से कम तीन प्रवृत्तियां ऐसी हैं, जो इस शिक्षा-प्रणाली को संकट में डालती हैं।

पहली बात तो यह कि हमने परीक्षाओं को ही शिक्षा का पर्याय बना डाला है। शिक्षा बस परीक्षा देने के लिए रह गई है। जबकि शिक्षा के अनेक भ्रष्टाचार परीक्षा से ही शुरू होते हैं- कई विषमताएं भी। अच्छे और खराब स्कूल का फर्क, ट्यूशन, कोचिंग, पेपर लीक, नंबर बढ़वाने की कोशिश- यह सब न हो, अगर इम्तिहान न हों। लेकिन सवाल है, अगर परीक्षा न हो तो शिक्षा के मूल्यांकन का तरीका क्या हो। बच्चे पढ़ें क्यों और शिक्षक पढ़ाएं क्यों?

दरअसल इसी सवाल से समझ आता है कि शिक्षा के उद्देश्य को हमने कितना सीमित कर डाला है- वह बस नंबर लाने का जरिया रह गई है। जबकि शिक्षा अपने-आप में एक स्वायत्त चीज होनी चाहिए- उसे बच्चों या छात्रों में सूचना, संवेदना और सरोकार के बीज रोपने चाहिए- इसी से वे ज्ञान और विशेषज्ञता की ओर भी बढ़ सकते हैं। शिक्षक जिम्मेदारी ले सकता है कि वह सुनिश्चित करे बच्चों ने कक्षा की पढ़ाई पूरी कर ली है और वे अगली क्लास की पढ़ाई कर सकते हैं। ऐसे में न कोई फर्स्ट आएगा न फेल होगा।

फिलहाल शिक्षक महज एक एजेंट की भूमिका निभाता है, जो पहले से तय एक पाठ्यपुस्तक की जानकारी बच्चों के बीच इस तरह पहुंचा देता है कि वे उन्हें नंबरों में बदल सकें। लेकिन परीक्षा पर हमारी पूरी निर्भरता इतनी ज्यादा है कि हम इस दिशा में सोचने को भी तैयार नहीं हैं। शिक्षा का दूसरा संकट उसके अत्यधिक केंद्रीकरण की कोशिश है। कुछ अरसा पहले तक अलग-अलग राज्यों के बोर्ड ही अपने बच्चों की पढ़ाई-लिखाई के मुख्य जिम्मेदार होते थे, लेकिन धीरे-धीरे वे लगभग अप्रासंगिक हो चले हैं और बस साधनहीन, हाशिए पर पड़े बच्चों के सरकारी स्कूलों के काम आ रहे हैं। जबकि नीचे से ऊपर तक एक राष्ट्र एक शिक्षा की भ्रामक अवधारणा इस तरह फैली है कि लगता है कि इससे शिक्षा में समानता आएगी। पहले भी बच्चे कॉलेजों में दाखिला लेते थे, लेकिन अब उन्हें सीयूईटी जैसे इम्तिहान से गुजरना है और इसके लिए भी कोचिंग नाम का कारोबार शुरू हो गया है। पहले भी लोग मेडिकल की पढ़ाई करते थे और बिना किसी प्रतियोगिता के बेहतरीन डॉक्टर साबित होते थे, लेकिन अतिशय केंद्रीकरण की कोशिश ने इस पूरे दाखिले की प्रक्रिया को बेहद संदिग्ध बना डाला है।

तीसरा संकट शिक्षा और परीक्षा के आधे-अधूरे तकनीकीकरण का है। कोविड के दौर में ही हमने पाया कि ऑनलाइन कक्षाओं में 'डिजिटल डिवाइड' ने कितनी बड़ी असमानता पैदा की है। अब सीबीएसई के इम्तिहानों में ओएसएम- यानी ऑन स्क्रीन मार्किंग सिस्टम का कहर बच्चे झेल रहे हैं। मूल्यांकन की पहले से चली आ रही प्रक्रिया क्या दोषपूर्ण थी? क्या हमारे शिक्षक इस लायक नहीं बचे हैं कि हम उन पर सही मूल्यांकन का भरोसा भी कर सकें?

**अगर हम बुनियादी सवालों की ही उपेक्षा करते रहे तो न तो शिक्षा के नाम पर होने वाले घोटाले खत्म होंगे न ही हमारी शिक्षा व्यवस्था बेहतर मनुष्य या पेशेवर गढ़ने का जरिया बन पाएगी। मगर इस दिशा में सोचे कौन?**

असली बात यही है। शिक्षा की जो सबसे जरूरी कड़ी है, उस शिक्षक को हमने लगभग अदृश्य और बेमानी बना डाला है। गिग वर्करों की तरह शिक्षा मित्रों से काम चलाया जा रहा है। जिस समय भारत में स्कूली व्यवस्था इतनी चाक-चौबस्त नहीं थी, यही शिक्षक या गुरु थे, जिन्होंने कई होनहार पीढ़ियां निकालीं- उनके हाथ से हमारे डॉक्टर, इंजीनियर, लेखक, कलाकार, वैज्ञानिक सब निकले। लेकिन अब जब हमने बहुत सारे इंतजाम कर लिए हैं तब शिक्षक को ही किनारे कर दिया है।


(ये लेखक के अपने विचार हैं)

---

**डिफ्रेंट एंगल** • मनुष्यों द्वारा दिए जाने वाले इनपुट्स आज भी सबसे ज्यादा वैल्यू-एड करने वाले होते हैं...

# एजीआई हम मनुष्यों का 'आखिरी आविष्कार' साबित नहीं होगी

## कृत्रिम बुद्धिमत्ता



कार्ल बेनेडिक्ट फ्रे
ऑक्सफोर्ड इंटरनेट इंस्टिट्यूट में एआई के एसोसिएट प्रोफेसर

1960 के दशक में गणितज्ञ आईजे गुड ने एक विचार सामने रखा था, जो तब से सिलिकॉन वैली का सूत्रवाक्य बन गया है। उन्होंने कहा था कि यदि हम एक अल्ट्रा-इंटेलिजेंट मशीन बनाएं, तो वह और भी बेहतर मशीनें डिजाइन कर सकेगी। तब एक ऐसी बुद्धिमत्ता का विस्फोट होगा, जो मनुष्य की बुद्धि-क्षमताओं को बहुत पीछे छोड़ देगा। ऐसे में इस तरह की पहली मशीन मनुष्य का 'आखिरी आविष्कार' साबित होगी।

यह भविष्यवाणी- जो कभी साइंस-फिक्शन की बात थी- आज दुनिया की शक्तिशाली संस्थाओं का मकसद बन गई है। लेकिन अगर हम यह मान भी लें कि भविष्य की प्रणालियां आज के मॉडलों से कहीं आगे बढ़ते हुए नए समाधान जनरेट कर सकती हैं, फिर भी 'अंतिम-आविष्कार' वाला सिद्धांत सवालों के दायरे में रहेगा।

हमें याद रखना चाहिए कि इनोवेशन किसी आइडिया से लेकर उसके इम्पैक्ट तक बिना किसी रुकावट वाली दौड़ के समान नहीं होता है। इसके बजाय खोज की प्रक्रिया एक श्रृंखला की तरह है, जिसमें कोई सबसे कमजोर कड़ी भी हो सकती है। ये कमजोर कड़ियां ही मानव-प्रगति का अधिकांश हिस्सा निर्धारित करती हैं।

1986 में, स्पेस शटल चैलेंजर अपने प्रक्षेपण के 73 सेकंड बाद ही धराशायी हो गया था। इसलिए नहीं कि उसके विश्व स्तरीय इंजनों या सॉफ्टवेयर में कोई खराबी आ गई थी, बल्कि इसलिए क्योंकि एक छोटा-सा रबर सील ठंडे वायुमंडलीय तापमान के संपर्क में आने पर फेल हो गया था। उसे ओ-रिंग कहकर पुकारा गया। वह उन महत्वपूर्ण अड़चनों का एक रूपक बन गया है, जो सबसे परिष्कृत प्रणालियों को भी नाकाम बना सकती हैं।


कृत्रिम सामान्य बुद्धिमत्ता (एजीआई) भले ही आरंभिक चरणों वाली किसी मेडिकल रिसर्च में नाटकीय रूप से तेजी ला सकती हो, लेकिन अगर वह क्लिनिकल ट्रायल्स को आगे नहीं बढ़ा सकती, मैन्युफैक्चर नहीं कर सकती या रेगुलेटरी अनुमतियां प्राप्त नहीं कर सकती, तो उसका तथाकथित ब्रेक-थ्रू कभी ऐसा आविष्कार नहीं बन पाएगा, जो हमारे जीवन को बेहतर बनाता है। जब खोज के शुरुआती चरण ऑटोमैटेड हो जाते हैं, तब भी मनुष्य की भूमिका समाप्त नहीं हो जाती; वह बस शेष बाधाओं की ओर स्थानांतरित हो जाती है। और ये वैसी चुनौतियां होती हैं, जिनमें निर्णय, अंतर्निहित ज्ञान और व्यावहारिक कौशल ही सर्वाधिक मायने रखते हैं।

एजीआई को न केवल मनुष्यों से बेहतर प्रदर्शन करना होगा; बल्कि उसे एजीआई का उपयोग करके ऐसा करना होगा। अगर 'अंतिम-आविष्कार' वाले सिद्धांत को सच साबित होना है, तो हम मनुष्यों को एआई के साथी या सुपरवाइजर के रूप में भी गैर-जरूरी साबित हो जाना होगा। यह अभी बहुत दूर की कौड़ी है।

2016 में गूगल डीपमाइंड के अल्फागो द्वारा शीर्ष पेशेवर खिलाड़ी ली सेडोल को 4-1 से हराने के बाद उसकी श्रेष्ठता तय हो गई लग रही थी। लेकिन 2023 में शोधकर्ताओं ने दिखाया कि शीर्ष इंजनों को उनके प्रशिक्षण से बाहर असामान्य स्थितियों में ले जाया जाए तो मामूली कंप्यूटिंग कौशल वाला एक मनुष्य भी उन्हें हरा सकता है। मनुष्यों द्वारा दिए जाने वाले इनपुट्स आज भी सबसे ज्यादा वैल्यू-एड करने वाले होते हैं।

'अंतिम-आविष्कार' वाला सिद्धांत यह भी मानता है कि तमाम प्रासंगिक सूचनाओं को कोडिफाई किया जा सकता है, लेकिन ऐसा आमतौर पर नहीं होता। जटिल प्रणालियों को चलाने वाली सूचनाएं अक्सर बिखरी हुई, स्थानीय और अनकही होती हैं। नॉलेज कोई पोर्टेबल चीज नहीं है। ऐसे में एजीआई को मनुष्यता का अंतिम आविष्कार करार देना एक अतिरंजित दावा है। (@प्रोजेक्ट सिंडिकेट)

## आज का पंचांग



**पंडित प्रो. विनोद शास्त्री**

**तिथि संवत्** : द्वितीय ज्येष्ठ (अधिक), कृष्ण पक्ष तृतीया, बुधवार रात्रि 09:22 तक रहेगी। विक्रम संवत् 2083, शाके 1948, हिजरी 1447, मुस्लिम माह जिलहिज, तारीख 16, सूर्य उत्तरायण, ग्रीष्म ऋतु, 3 जून।

**सूर्योदय कालीन नक्षत्र** : पूर्वाषाढ़ा नक्षत्र रात्रि 01:00 तक, इसके बाद उत्तराषाढ़ा नक्षत्र रहेगा। शुभ योग प्रात: 08:12 तक, इसके बाद शुक्ल योग रहेगा। वणिज करण प्रात: 08:12 तक, इसके बाद विष्टि करण रहेगा।

**ग्रह विचार (प्रात: 05:30)** : सूर्य-वृष, चंद्र-धनु, मंगल-मेष, बुध-मिथुन, गुरु-कर्क, शुक्र-मिथुन, शनि-मीन, राहु-कुंभ, केतु-सिंह राशि में स्थित है।

**राहुकाल** : दोपहर 12:00 से 01:30 तक रहेगा।

**दिशाशूल : उत्तर दिशा** : यदि जरूरी हो तो मिश्री या सौंफ खाकर यात्रा कर सकते हैं।

**शुभाशुभ ज्ञानम:** भद्रा प्रात: 08:12 से रात्रि 09:22 तक, अधिक मास चतुर्थी व्रत संपूर्ण राजस्थान सहित दिल्ली, गुजरात, हरियाणा, पंजाब, उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, महाराष्ट्र में, चंद्रोदय रात्रि 10:01 पर।

**चौघड़िया मुहूर्त** : प्रात: 05:37 से 09:01 तक लाभ व अमृत का, प्रात: 10:43 से दोपहर 12:25 तक शुभ का, दोपहर 03:49 से 05:31 तक चर का, सायं 05:31 से 07:13 तक लाभ का चौघड़िया रहेगा।

**आज विशेष** : आज चतुर्थी व्रत के निमित्त पूजा कर रात्रि में चंद्रमा को अर्घ्य देकर बायना दें और फिर स्वयं भोजन करें। बुधवार को गणेशजी की गंध, फल, पुष्प, दूध, दही, घी, दूर्वा, धूप और दीप आदि से पूजा करें। मोदक का भोग लगाने से बुध जनित दोष दूर होते हैं और रिद्धि-सिद्धि की प्राप्ति होती है। आज शुभ योग में पुष्प का दान करना शुभ फलदायी होता है।

**आज जन्मे बच्चों के नामाक्षर व राशि**

| समय | नक्षत्र | चरण | पाया | राशि | नामाक्षर |
|---|---|---|---|---|---|
| 05:37 | पूर्वाषाढ़ा | 2 | ताम्र | धनु | धा |
| 11:34 | पूर्वाषाढ़ा | 3 | ताम्र | धनु | फा |
| 18:17 | पूर्वाषाढ़ा | 4 | ताम्र | धनु | ढ़ा |
| 01:00 | उत्तराषाढ़ा | 1 | ताम्र | धनु | भे |

## मैनेजमेंट फंडा



**एन. रघुरामन**
मैनेजमेंट गुरु, raghu@dbcorp.in

# उभरती नकारात्मक परिस्थितियों में सकारात्मक नजरिया तलाशें

'नहीं' शब्द कई लोगों को नकारात्मक लग सकता है, लेकिन सही जगह इस्तेमाल किया जाए तो इसका सकारात्मक पक्ष भी होता है। जैसे, टेलीविजन पर अपने शो में एक बार सुपरस्टार अमिताभ बच्चन ने कहा था कि 'कोई भी काम मेरे लिए मुश्किल नहीं है।' अगर आप अस्पताल और केयर गिविंग इंडस्ट्री से जुड़े हैं, खासकर नर्सिंग पेशे या नर्सिंग कॉलेज संचालन से, तो आगे की यह कहानी बहुत महत्वपूर्ण है।

**नकारात्मक स्थिति :** मुझे अमित जी की बात मंगलवार को तब याद आई, जब मैंने इस हफ्ते शिकागो में हुई अमेरिकन सोसायटी ऑफ क्लिनिकल ऑन्कोलॉजी की वार्षिक बैठक में प्रस्तुत रिसर्च पेपर पढ़ा। इसमें बताया गया कि कैंसर के मामलों में 21% की बढ़ोतरी होने जा रही है। दुनिया की इस सबसे बड़ी कैंसर कॉन्फ्रेंस में चर्चा हुई कि कैसे वर्तमान में दुनिया में सालाना लगभग 2 करोड़ लोगों में कैंसर का पता चलता है। और कैसे 2050 तक यह आंकड़ा 3.53 करोड़ तक पहुंच सकता है। द लैंसेट मैगजीन में प्रकाशित रिपोर्ट के अनुसार दुनिया में रोजाना लगभग 1 लाख लोगों में कैंसर का डायग्नोसिस होगा।

इसी रिपोर्ट के दूसरे हिस्से में कहा गया है कि दुनिया कैंसर वर्कफोर्स में गंभीर कमी का सामना कर रही है और 2050 तक 10 करोड़ स्वास्थ्यकर्मियों की कमी होने का अनुमान है। इसमें आगे बताया कि जैसे-जैसे कैंसर बढ़ेगा, मरीजों को भविष्य में जांच और इलाज के लिए काफी लंबा इंतजार करना पड़ सकता है। रिपोर्ट के सह-लेखक मार्क लॉलेर ने इसकी लॉन्चिंग में कहा कि 'हम 2050 तक यह देखने का इंतजार नहीं कर सकते कि हमारे अनुमान सही हुए या नहीं। हमें अभी कार्रवाई करनी होगी। कोई गलती मत कीजिए, यह चेतावनी है और इससे कोई फर्क नहीं पड़ता कि आप दुनिया में कहां रह रहे हैं।' रिपोर्ट की को-लीड हेडविक हिकेक ने कहा कि 'वैश्विक पहल एक स्पष्ट चेतावनी देती है। वर्कफोर्स में गंभीर कमी को दूर करने के लिए तत्काल कार्रवाई नहीं की तो हम अभूतपूर्व कैंसर संकट झेलेंगे। हम हर देश के लिहाज से विशेष रणनीति बनाने का आह्वान करते हैं, जिसमें एआई डिजिटल हेल्थ तकनीक अपनाने के साथ वर्कफोर्स का अधिक समझदारी से उपयोग शामिल है।'

**अब सकारात्मकता देखिए :** आंकड़े झूठ नहीं बोलते। और ये आंकड़े बताते हैं कि सबसे बड़ी करीब 6.5 करोड़ लोगों की कमी नर्सिंग स्टाफ में, उसके बाद लगभग 1.6 करोड़ की कमी डायग्नोस्टिक स्टाफ में होगी। बाकी 1.9 करोड़ लोगों की कमी कैंसर केयर के अन्य क्षेत्रों में होगी। यानी कुल 10 करोड़ रोजगार के अवसर पैदा होंगे। रिपोर्ट के अनुसार अभी कैंसर वर्कफोर्स में निवेश किया जाए तो 2030 से 2050 के बीच 17 करोड़ मौतों को टाला जा सकता है और लगभग 120 ट्रिलियन डॉलर के आर्थिक लाभ भी मिल सकते हैं। यदि कर्मचारियों की संभावित कमी दूर करने के लिए रिपोर्ट की सिफारिशें लागू की जाती हैं तो देश के सभी 2278 कार्यशील नर्सिंग कॉलेजों को इस मौके पर गंभीरता से ध्यान देना चाहिए। लोकसभा में पेश आंकड़ों के अनुसार इनमें 2044 निजी और 234 सरकारी कॉलेज हैं। पिछले दो वर्षों में केंद्र सरकार ने केंद्र प्रायोजित योजना में 113 नए नर्सिंग कॉलेजों को मंजूरी दी। यह 2023 के बजट में घोषित हुए 157 कॉलेजों के अलावा है।

इन कॉलेजों को यह सुनिश्चित करना चाहिए कि सालाना पास-आउट होने वाले हर नर्सिंगकर्मी को भविष्य की जरूरतों के अनुरूप शिक्षा मिले। ऑन्कोलॉजी नर्स नेविगेटर से लेकर पेलिएटिव और सर्वाइवरशिप केयर एक्सपर्ट तक कई सारे स्पेशलाइज्ड एरिया मौजूद हैं। कैंसर का इलाज अब सभी मरीजों के लिए एक जैसी कीमोथेरेपी से हट कर टार्गेटेड जेनेटिक लेवल उपचार की ओर बढ़ रहा है। इसमें नर्सिंगकर्मी जेनेटिक काउंसलिंग सपोर्ट की भूमिका निभाते हैं। भविष्य के नर्सिंगकर्मियों को तकनीक से भी तालमेल बैठाना होगा। पीडियाट्रिक ऑन्कोलॉजी नर्सिंग और ऑन्कोलॉजी सर्टिफाइड नर्सेज जैसे कई ऊंची तनख्वाह वाले अवसर उपलब्ध हैं, जिनके लिए मास्टर्स प्रोग्राम के जरिए कौशल हासिल किया जा सकता है।

**फंडा यह है कि कुछ चीजों पर हमारा नियंत्रण बहुत कम होता है, लेकिन हम अपने लिए अवसर जरूर तलाश सकते हैं। और साथ ही, किसी का दर्द बहुत ज्यादा नहीं तो थोड़ा कम तो कर ही सकते हैं।**

इस कॉलम को मोबाइल पर सुनने के लिए QR कोड को स्कैन करें।

# राजस्थान : समाज से बहिष्कार के बयान पर राठौड़ को बेनीवाल ने भेजा मानहानि नोटिस

**नागौर |** राजस्थान की सियासत में एक बार फिर जुबानी जंग कानूनी मोर्चे पर पहुंच गई है। नागौर से सांसद और राष्ट्रीय लोकतांत्रिक पार्टी के संयोजक हनुमान बेनीवाल ने भाजपा प्रदेश अध्यक्ष व राज्यसभा सांसद मदन राठौड़ को मानहानि का एक कानूनी नोटिस भेजा है। दिल्ली की लॉ फर्म एसकेसी लॉयर्स एंड सॉलिसिटर्स के जरिए भेजे गए इस नोटिस में राठौड़ के एक हालिया बयान पर कड़ा ऐतराज जताया गया है। इस नोटिस में राठौड़ के बयान को भड़काऊ, अमर्यादित और लोकतांत्रिक मूल्यों के विपरीत बताया गया है। नोटिस के मुताबिक, मदन राठौड़ ने 30 मई 2026 को एक जनसभा के दौरान सार्वजनिक रूप से कहा था, मैं आपसे प्रार्थना करता हूं कि ऐसे व्यक्ति का समाज में, समाज से बहिष्कार करना चाहिए। बेनीवाल के वकील का तर्क है कि यह बयान न केवल राजनीतिक मतभेद से परे है।

# राशिफल : तुला वाले सकारात्मक व्यवहार से सबका दिल जीत लेंगे, कुंभ वालों को धन लाभ

**मेष** — शुभ अंक 4, शुभ रंग काला : कार्यक्षेत्र में बाधाएं आ सकती हैं। रुकी हुई योजनाएं गति पकड़ेंगी। व्यर्थ के विवादों से बचकर समय और धन की बचत करें। प्रेम और भावनात्मक संबंधों में नई शुरुआत के योग हैं। धैर्य रखें।

**वृष** — शुभ अंक 2, शुभ रंग पीला : मुश्किलें दूर होंगी। आपसी मतभेद सुलझने के आसार हैं। दूसरों के दबाव में आकर अपना फैसला बदलना पड़ सकता है। रिश्तों में मधुरता बढ़ेगी। व्यापारिक साझेदारी में दरार आ सकती है।

**मिथुन** — शुभ अंक 8, शुभ रंग फिरोजी : वैवाहिक संबंधों में मजबूती आएगी। नए काम की तलाश में सफलता मिलेगी। कुछ लोग जानबूझकर नुकसान पहुंचाने की कोशिश करेंगे। विपरीत परिस्थितियों में समझौता करना ही बेहतर रहेगा।

**कर्क** — शुभ अंक 6, शुभ रंग गुलाबी : चल रहे कार्यों में गति आएगी। दुविधा की स्थिति प्रगति में बाधक बन सकती है। अनावश्यक टकराव से बचें, अन्यथा नुकसान संभव है। यात्रा सुखद रहेगी। पुराने मित्रों से मुलाकात होगी।

**सिंह** — शुभ अंक 3, शुभ रंग नारंगी : भावनात्मक संबंधों में लंबे समय से चल रहा गतिरोध दूर होगा। सामूहिक कार्यों में आपकी सलाह फायदेमंद होगी। मेहनत से करियर में सफलता मिलेगी। कार्यक्षेत्र में अनुभव का लाभ मिलेगा।

**कन्या** — शुभ अंक 1, शुभ रंग फिरोजी : जोखिम भरे कार्यों से दूर रहें। पारिवारिक सहयोग से परेशानियां हल होंगी। विवादास्पद मामले सुलझने से राहत मिलेगी। करियर की बाधाएं समाप्त होंगी। नए संपर्कों का लाभ मिलेगा।

**तुला** — शुभ अंक 5, शुभ रंग हरा : सकारात्मक व्यवहार से सबका दिल जीत लेंगे। बेहतर सफलता के लिए कड़ी मेहनत करनी होगी। कार्यविस्तार की प्रबल संभावनाएं बन रही हैं। अध्ययन की बाधाएं दूर होंगी। आस्था बढ़ेगी।

**वृश्चिक** — शुभ अंक 7, शुभ रंग नीला : भावुकता नुकसानदेह हो सकती है। कारोबारी फैसले बदलने पड़ सकते हैं। विरोधियों की चालों से तनाव बढ़ेगा। पारिवारिक झगड़े खत्म होंगे। नए संपर्क आपकी तरक्की में सहायक साबित होंगे।

**धनु** — शुभ अंक 4, शुभ रंग सफेद : सामाजिक कार्यक्रमों में बढ़-चढ़कर हिस्सा लेंगे। कारोबार के लिए कर्ज लेने की स्थिति बन सकती है। रूखे व्यवहार से अपनों को विरोधी बनाने से बचें। मित्र आपके सुझावों का स्वागत करेंगे।

**मकर** — शुभ अंक 9, शुभ रंग पीला : वैचारिक तालमेल न बैठने से परेशानी होगी। निजी कार्यों को लेकर दौड़-धूप बढ़ेगी। प्रॉपर्टी संबंधी विवाद के समाधान के आसार हैं। रुचि का काम मिलने से उत्साहित रहेंगे।

**कुंभ** — शुभ अंक 6, शुभ रंग स्लेटी : जिद्दी स्वभाव उन्नति में बाधा बनेगा। सुख-सुविधाओं पर खर्च संभव है। नई योजनाओं में पूंजी निवेश से धन लाभ होगा। खर्चीला स्वभाव नुकसानदेह साबित होगा। सेहत पर ध्यान दें।

**मीन** — शुभ अंक 2, शुभ रंग भूरा : कार्यक्षेत्र की उलझनें सुलझेंगी। किसी की सिफारिश से बड़ी समस्या का समाधान होगा। भय की स्थिति दूर होगी। निजी यात्रा का कार्यक्रम बनेगा। अनुभवी लोगों का साथ तरक्की में सहायक हो सकता है।

**भंडारण संकट • अनाज, फल-सब्जी व डेयरी उत्पादों को नुकसान**

# भंडारण की कमी से हर साल ₹7 हजार करोड़ तक के खाद्य पदार्थ हो रहे खराब

सुशील भार्गव | चंडीगढ़

हरियाणा में उत्पादन के मुकाबले आधी खाद्य वस्तुओं को ही स्टोर करने की क्षमता है। इससे गेहूं, धान, फल-सब्जियों और डेयरी उत्पाद बर्बाद हो रहे हैं। यह नुकसान 4500 से लेकर 7 हजार करोड़ रुपए तक है।

विभागीय रिपोर्ट के अनुसार प्रदेश में गोदामों की कमी के कारण 5 फीसदी अनाज खराब हो जाता है। इससे 3 से 5 हजार करोड़ रुपए का नुकसान होता है। फिलहाल 66 लाख एमटी अनाज रखने के कवर्ड गोदाम हैं। जरूरत 130 लाख टन क्षमता के गोदामों की है। इसके चलते हर साल गेहूं, धान, फल-सब्जियों और डेयरी उत्पादों में 19 से 30 लाख मीट्रिक टन तक की हानि होती है। राज्य की यह स्थिति तब है। वर्ष 2025-26 में देश की कुल धान खरीद का 25 प्रतिशत और गेहूं खरीद का 23 प्रतिशत हिस्सा अकेले हरियाणा से आया है। खाद्य एवं आपूर्ति विभाग के आयुक्त एवं सचिव जे. गणेशन के अनुसार इस नुकसान को कम करने के लिए सरकार ने 20 लाख टन क्षमता के नए गोदाम बनाने की योजना बनाई है।

**किस उत्पाद का कितना नुकसान हो रहा**



प्रदेश में सही स्टोरेज न होने से हर साल लाखों रुपए का गेहूं खराब हो जाता है। (फाइल फोटो कैथल)

- हर साल 19 से 30 लाख मीट्रिक टन उत्पाद सही स्टोरेज नहीं होने से बर्बाद
- फल और सब्जी स्टोरेज न होने से सबसे ज्यादा 3 हजार करोड़ का नुकसान

| उत्पाद | वार्षिक उत्पादन | नुकसान (%) | आर्थिक हानि |
|---|---|---|---|
| गेहूं | 115 लाख टन | 4-5.9% | 750 से 1,250 करोड़ |
| धान | 71 लाख टन | 5.5-6.4% | 850 से 1,000 करोड़ |
| फल-सब्जी | 110 लाख टन | 6-15% | 1,500 से 3,000 करोड़ |
| दूध-डेयरी | 115 लाख टन | 3% तक | 1,500 से 1,800 करोड़ |

**ये हैं 3 बड़ी कमियां, जिनसे होता है नुकसान**

**1 कवर्ड स्टोरेज का अभाव** — हरियाणा में 130 लाख मीट्रिक टन की वार्षिक फसल खरीद होती है, जिसके मुकाबले राज्य में केवल 66 लाख मीट्रिक टन क्षमता के ही कवर्ड गोदाम उपलब्ध हैं।

**2 कोल्ड चेन की बड़ी कमी** — प्रदेश में 110 लाख मीट्रिक टन बागवानी (फल-सब्जी) और 115 लाख मीट्रिक टन दूध का उत्पादन होता है, लेकिन कोल्ड स्टोरेज क्षमता 8.68 लाख मीट्रिक टन है।

**3 मरम्मत के फेर में अटके गोदाम...** बुनियादी ढांचे के कम उपयोग की बड़ी वजह यह है कि राज्य में 24 लाख मीट्रिक टन क्षमता वाले सरकारी गोदाम मरम्मत या पुनर्निर्माण की स्थिति में अटके पड़े हैं।

## शालीमार बाग में 48 घंटे बाद भी बुलडोजर कार्रवाई जारी, 110 से अधिक मकान ध्वस्त

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

नॉर्थ वेस्ट जिले के शालीमार बाग इलाके में अवैध निर्माणों के खिलाफ प्रशासन की ओर से चलाया जा रहा बुलडोजर अभियान लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा। कार्रवाई शुरू होने के 48 घंटे बाद भी प्रशासनिक अमला मौके पर डटा हुआ है और अब तक 110 से अधिक मकानों को ध्वस्त किया जा चुका है। इलाके में सुरक्षा व्यवस्था बनाए रखने के लिए भारी संख्या में पुलिस और अर्धसैनिक बलों की तैनाती की गई है।

कार्रवाई के चलते क्षेत्र में लोगों की आवाजाही प्रभावित हुई थी, लेकिन प्रशासन ने आम नागरिकों की सुविधा को ध्यान में रखते हुए मुख्य मार्गों में से कुछ रास्तों को खोल दिया है। हालांकि जिस इलाके में ध्वस्तीकरण की प्रक्रिया चल रही है, वहां जाने वाले मार्ग अभी भी बंद रखे गए हैं। सुरक्षा कारणों से आम लोगों के प्रवेश पर रोक जारी है। किसी भी अप्रिय स्थिति से निपटने के लिए पर्याप्त संख्या में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। ड्रोन कैमरों और सीसीटीवी के माध्यम से भी पूरे क्षेत्र की निगरानी की जा रही है।

**अमर कॉलोनी • नाबालिग की हत्या मामला**

# परिजन ने शव सड़क पर रखकर किया प्रदर्शन, एनकाउंटर की मांग



भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

साउथ ईस्ट जिले के अमर कॉलोनी थाना इलाके में गत 26 मई को साईं कुमार को गोली मार दी थी। उपचार के दौरान उसकी मौत हो गई थी। मंगलवार को पुलिस ने पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिया। परिजनों ने शव को सड़क पर रखकर प्रदर्शन किया। वहीं परिजन आरोपियों के एनकाउंटर की मांग कर रहा हैं। प्रदर्शन की जानकारी मिलते ही मौके पर पुलिस के आला अधिकारी पहुंच गए। पुलिस ने लोगों को समझाकर शांत कराया। वहीं क्राइम ब्रांच ने इस मामले में एक नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ा है। वहीं एक नाबालिग अभी भी इस मामले में फरार है। पुलिस आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। बता दें कि साउथ ईस्ट जिले के अमर कॉलोनी इलाके के एक रेस्तरां में एक 17 वर्षीय किशोर के सिर में गोली मारने का मामला सामने आया था। आरोपियों को पकड़ने के लिए क्राइम ब्रांच को भी जिम्मा सौंपा गया। टीम ने गुप्त सूचना के बाद नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ा। इस संबंध में किशोरी ने पुलिस को बताया था कि वह अपने दोस्त के साथ रेस्तरां में बैठी थी। तभी वहां मौजूद लड़कों में से एक ने उसकी बगल वाली कुर्सी के साथ छेड़छाड़ शुरू कर दी। साई ने इस पर आपत्ति जताई तो वह लड़का साई को घूरने लगा। साई ने किशोरी से कहा कि वह जल्दी से खाना खत्म कर वहां से निकल जाए। इस बीच आरोपी भी कुछ देर के लिए वहां से चले गए, लेकिन थोड़ी ही देर बाद वे वापस लौट आए। जिस लड़के ने साई को गाली दी थी, उसने साई के सिर के पीछे गोली मारी थी। इसके बाद वे फरार हो गए।

# चाकू से एक दर्जन से अधिक वार कर की नाबालिग की हत्या; चंद घंटों में पुलिस ने गुत्थी सुलझी, तीन पकड़े

**रंजिश के चलते अंजाम दी वारदात, आरोपियों में दो नाबालिग भी शामिल**

भास्कर न्यूज़ | नई दिल्ली

नॉर्थ ईस्ट जिले के न्यू उस्मानपुर थाना इलाके में एक नाबालिग पर एक दर्जन से अधिक चाकू से हमला कर हत्या कर दी गई। मृतक की पहचान अभिषेक (17) के रूप में हुई है। पुलिस ने उसके शव को पोस्टमार्टम के लिए अस्पताल की मोर्चरी में सुरक्षित रखवा दिया है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया है। शुरुआती जांच के बाद पुलिस का कहना है कि रंजिश के चलते हत्या की गई है। पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर कुछ ही घंटे में मामले की गुत्थी को सुलझा लिया है। पुलिस ने इस मामले में दो नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ा है। बालिग आरोपी की पहचान निक्की (21) के रूप में हुई है।




मृतक अभिषेक

पुलिस पकड़े गए आरोपियों से पूछताछ कर मामले की छानबीन कर रही है। डीसीपी राहुल अलवाल ने बताया कि सोमवार रात करीब 10:25 न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस को चाकू मारने की एक घटना के संबंध में पीसीआर कॉल मिली। सूचना मिलते ही पुलिस टीम मौके पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची पुलिस को नाबालिग खून से लथपथ पड़े होने की अवस्था में मिला। पुलिस उसे लेकर अस्पताल गई, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

उधर, मामले की सूचना मिलते ही क्राइम व एफएसएल की टीम मौके पर पहुंच गई। टीम ने निरीक्षण के बाद साक्ष्य जुटाए। जांच में पुलिस को पता चला कि अभिषेक, न्यू उस्मानपुर इलाके में परिवार के साथ रहता था। परिवार में माता पिता के अलावा अन्य सदस्य हैं।

**एक ग्रुप ने दिया वारदात को अंजाम** वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बताया कि अभिषेक पर एक लड़कों के ग्रुप ने हमला किया था।

वारदात के वक्त हमले के वक्त वह इलाके में टहल रहा था। स्थानीय लोगों का कहना है कि आरोपी उस वक्त तक वार होते रहे, जब तक वह जमीन पर गिर नहीं गया। इसके बाद वे मौके से फरार हो गए।




*न्यू उस्मानपुर थाना पुलिस ने हत्या का मामला दर्ज कर लिया। वारदात के कुछ ही घंटों में दो नाबालिग समेत तीन आरोपियों को पकड़ लिया गया। पूछताछ में आरोपियों ने बताया कि उन्होंने रंजिश के चलते वारदात को अंजाम दिया है।*
**- राहुल अलवाल,** डीसीपी नॉर्थ ईस्ट

## बिजनेस प्लस

# जेईई-एडवांस्ड 2026: एलन का ऐतिहासिक कीर्तिमान

**कोटा |** आईआईटी रुड़की द्वारा जारी जेईई-एडवांस्ड 2026 रिजल्ट्स में एलन कॅरियर इंस्टीट्यूट कोटा ने लगातार तीसरे वर्ष ऑल इंडिया रैंक-1 देकर नया कीर्तिमान स्थापित किया है। इन रिजल्ट्स के साथ एलन ने अब तक आईआईटी-जेईई में 7 बार ऑल इंडिया रैंक-1 दिए हैं तथा अपने इतिहास में दूसरी बार ऑल इंडिया रैंक-1, 2 और 3 को दोहराया है। इससे पहले वर्ष 2016 में भी एलन ने यह उपलब्धि हासिल की थी। एलन के विद्यार्थियों ने देश की टॉप-10 रैंक में से 6, टॉप 50 में 24 क्लासरूम स्टूडेंट्स रहे है। यह प्रदर्शन एक बार फिर साबित करता है कि राष्ट्रीय स्तर पर टॉप रैंकर्स तैयार करने में एलन देश का सबसे सफल और लगातार प्रदर्शन करने वाला संस्थान है।

देशभर में एलन की सफलता की अगुवाई एलन के कोटा क्लासरूम स्टूडेंट शुभम कुमार ने की। शुभम ने 360 में से 330 अंक प्राप्त कर ऑल इंडिया रैंक-1 हासिल की। श्रेष्ठता के दौर को जारी रखते हुए एलन के ही क्लासरूम स्टूडेंट कबीर छिल्लर ने 360 में से 329 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-2 तथा जतिन चाहर ने 319 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-3 प्राप्त की। इसके साथ ही ऑल इंडिया गर्ल्स टॉपर आरोही देशपांडे भी एलन कोटा क्लासरूम से है। आरोही ने 280 अंकों के साथ ऑल इंडिया रैंक-77 प्राप्त की है। इसके साथ ही एलन ऑनलाइन लाइव कोर्स से यशवर्धन ने ऑल इंडिया रैंक-52 प्राप्त कर ऑनलाइन में बेस्ट रिजल्ट दिया है।



टॉप रैंकर्स की सूची में एलन क्लासरूम प्रोग्राम के स्टूडेंट्स अर्नव गौतम (एआईआर-7), कनिष्क जैन (एआईआर-8), दर्श सिक्का (एआईआर-10) हासिल करते हुए देश की टॉप-10 रैंक में सफलता की संख्या 6 तक पहुंचा दी है। टॉप-10 से आगे बढ़ते हुए देश की टॉप-20 रैंक में एलन के 12 स्टूडेंट्स, टॉप-50 में 24 स्टूडेंट्स शामिल हैं। देश के 7 में से पांच आईआईटी जोन टॉपर एलन क्लासरुम से हैं। इसमें दिल्ली, गुवाहाटी, कानपुर, भुवनेश्वर और रूडकी जोन टॉपर शामिल हैं।

# बाड़मेर में पकड़ा केमिकल, पूछताछ में जोधपुर की दूसरी एमडी फैक्ट्री का हुआ खुलासा

**बरामद सामग्री का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर सिंथेटिक ड्रग्स तैयार करने के लिए किया जाना था**

**जोधपुर |** एएनटीएफ ने जोधपुर ग्रामीण के कापरड़ा स्थित रामड़ावास कलां में कार्रवाई कर एमडी ड्रग्स बनाने की फैक्ट्री पकड़ी। इस मामले में कापरड़ा निवासी नारायणराम (30), जालोर के चितलवाना निवासी अशोक कुमार (25), एमपी के बरखेड़ा निवासी सुमेर सिंह (29), एमपी के मंदसौर निवासी प्रेम सिंह (29), एमपी के रतलाम निवासी विजयपाल सिंह (20) और बाड़मेर के धनाऊ निवासी हेमाराम(40) को गिरफ्तार किया। कार्रवाई के दौरान बाड़मेर से एमडी ड्रग्स निर्माण में प्रयुक्त प्रतिबंधित केमिकल 2-ब्रोमो-4 मिथाइलप्रोपियोफिनोन से भरा 42.660 किलोग्राम वजनी ड्रम तथा एक किया कार जब्त की गई।

वहीं जोधपुर ग्रामीण के रामड़ावास कल्ला स्थित ठिकाने से डाइक्लोरोमीथेन एआर से भरी चार कांच की बोतलें, 2.5 लीटर एसीटोन, 500 एमएल मिथाइलअमीन सॉल्यूशन, एक टंकी में रखा रासायनिक मिश्रित घोल, एक प्लास्टिक कैन में भरा तरल रसायन तथा एमडी ड्रग्स निर्माण में उपयोग होने वाले विभिन्न उपकरण और यंत्र बरामद किए गए। पुलिस का मानना है कि बरामद सामग्री का इस्तेमाल बड़े पैमाने पर सिंथेटिक ड्रग्स तैयार करने के लिए किया जाना था। जांच में सामने आया कि यहां बड़े पैमाने पर एमडी बनाने की तैयारी चल रही थी।

# रिकांगपिओ में सजेगा विकसित भारत वाइब्रेंट विलेज मंच, 100 युवा होंगे शामिल

**रिकांगपिओ |** किन्नौर के रिकांगपिओ में 3 से 12 जून तक विकसित भारत वाइब्रेंट विलेज कार्यक्रम आयोजित होगा। मेरा युवा भारत, युवा कार्यक्रम एवं खेल मंत्रालय, गृह मंत्रालय, भारत-तिब्बत सीमा पुलिस और जिला प्रशासन के सहयोग से होने वाले इस राष्ट्रीय कार्यक्रम में बिहार, झारखंड, महाराष्ट्र, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश समेत विभिन्न राज्यों के 100 युवा भाग लेंगे। डॉ. अमित कुमार शर्मा ने बताया कि 20 सीमांत गांवों का चयन किया गया है, जहां युवाओं के समूह जनजागरूकता और सामुदायिक गतिविधियों में हिस्सा लेंगे। 3 से 5 जून तक अनुकूलन प्रक्रिया चलेगी। 4 जून को सांस्कृतिक कार्यक्रम में विभिन्न राज्यों की लोक संस्कृति और लोकनृत्य प्रस्तुत किए जाएंगे। 6 से 12 जून तक प्रतिभागी सीमांत गांवों में रहकर स्थानीय जीवन, चुनौतियों और विकास संबंधी आवश्यकताओं को समझेंगे।

## पेज एक का शेष

### ममता के 50 विधायकों की सीक्रेट...

कई नए विधायक ऋतब्रत को नेता विपक्ष बनाने के पक्ष में थे, इसलिए उन्होंने विरोध किया। इसी बीच पता चला कि जो पत्र स्पीकर को दिया गया, उसमें कई विधायकों के फर्जी हस्ताक्षर हैं। ऋतब्रत और साहा ने इसका विरोध किया तो तृणमूल ने उन्हें निष्कासित कर दिया। फिलहाल इस मामले की जांच सीआईडी कर रही है। जांच एजेंसी को पूछताछ में 3 विधायकों ने बताया कि प्रस्ताव पर उनके फर्जी हस्ताक्षर किए गए हैं। मामला बढ़ता देख अभिषेक बनर्जी ने मंगलवार को नया प्रस्ताव तैयार करवाकर स्पीकर के पास भेजा, लेकिन स्पीकर बाहर थे, इसलिए उनके सचिव ने प्रस्ताव नहीं दिया। भाजपा ने आरोप लगाया कि नए प्रस्ताव में टीएमसी विधायकों के हस्ताक्षर नहीं है। जबकि हस्ताक्षर होना जरूरी है।

### मैंने जज रहते कई सजा सुनाई... जेल

- कोर्ट: अनुराग श्रीवास्तव कौन हैं? उन्हें बुलाएं।
- एडवोकेट अंकुर पांडे: अनुराग हाई कोर्ट में ट्विशा पक्ष की ओर से पैरवी कर रहे हैं।
- अनुराग श्रीवास्तव: मैं ट्विशा की ओर से वकील हूं। जबलपुर जिला अदालत की कोर्ट नंबर-32 में समर्थ छिपा था। वहां लाइट बंद थी, एसी और पंखे चल रहे थे। दो जूनियर वकील व दो रीडर थे। मैंने 30 हजार रु. के इनामी आरोपी को पकड़ा था। कोर्ट के सीसीटीवी फुटेज देखे जा सकते हैं। कोई मारपीट नहीं हुई।
- गिरिबाला : मैंने प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश और अपर सत्र न्यायाधीश रहते हुए कई आरोपियों को सजा सुनाई है। उनमें से कई लोग जेल में होंगे। मेरी और समर्थ की सुरक्षा के लिए हमें अलग सेल में रखा जाए।


## भास्कर CLASSIFIED

**एनाउंसमेंट / ANNOUNCEMENTS**

**नाम परिवर्तन**

I, ANU BHALLA D/o Jitender Bhalla W/o Tarun Jain, R/o 26/47 Street Number 12, Vishwas Nagar, Delhi-110032, have changed my name to SHERIAL JAIN.

**आवश्यकता / APPOINTMENT**

**पार्टटाइम**

सुनहरा अवसर WORK FROM HOME JOBS भारत की नंबर-1. TELECOM 5G कंपनी पार्टटाइम SENDING-(MESSAGE CALLING)लड़के-लड़किया, गृहिणी, स्टूडेंट कमाए(21,500-71,900) महीना लैपटॉप+मोबाइल मुफ्त NAME ADDRESS, QUALIFICATION Only Whatsapp:- 8799715773, Calling 8920886141

**अन्य**

Notice : Ads have not been verified factually and Bhaskar does not stand responsible for the sales propositions.

सेकंड हैंड कार के सही खरीददार तक सीधी पहुँच- भास्कर क्लासिफ़ाइड्स के साथ।



BhaskarAd.com | 97720 19222

पक्की नौकरी, रेलवे, बैंक, एयरपोर्ट, वन विभाग, जिलानुसार सीधी भर्ती,लड़के /लड़कियां,10वीं, ग्रेजुएट 30500 - 75000, फीस -600 रहना + खाना +मेडिकल फ्री 6399891076 7599694983

**सर्विसेस / SERVICES**

**लोन फायनेंस**

महिंद्रा फाइनेंस (मुद्रा, पर्सनल, कृषि, बिजनेस, प्रॉपर्टी, मार्कशीट, सभी लोन, घर बैठे पाए, सिविल ख़राब भी कॉल करे:- 9588389672, 9588703987

फीफा 8 दिन दूर; 2022 से कितना बदला खेल

# मेसी-रोनाल्डो ने यूरोप छोड़ा, नेमार लगातार चोट से परेशान

**न्यूयॉर्क** | साल 2022 में कतर की धरती पर लियोनेल मेसी का चमचमाती वर्ल्ड कप ट्रॉफी उठाना हर फुटबॉल प्रेमी के जहन में अब भी ताजा है। लेकिन उस ऐतिहासिक पल के बाद से अब तक फुटबॉल की दुनिया में बहुत कुछ बदल चुका है। कई बड़े खिलाड़ियों के क्लब बदले, नए सूरमाओं का उदय हुआ और दिग्गजों ने नए कीर्तिमान रचे। अब जब 11 जून 2026 से अमेरिका, कनाडा और मैक्सिको की मेजबानी में फीफा वर्ल्ड कप शुरू होने जा रहा है, तो कई फैंस 4 साल बाद फिर से इस रोमांच में गोता लगाने लौटेंगे। आइए जानते हैं इन चार सालों में फुटबॉल की दुनिया में क्या कुछ बदलाः



### मेसीः अमेरिका पहुंचे, जीते कई खिताब

2022 वर्ल्ड कप के बाद मेसी यूरोप छोड़कर अमेरिका चले गए। लगा था कि शायद वे धीमे पड़ रहे हैं। लेकिन तब से वे इंटर मियामी के लिए 104 मैचों में 90 गोल कर चुके हैं। उन्होंने क्लब को तीन बड़े खिताब; लीग कप (2023), सपोर्टर शील्ड (2024) और एमएलएस कप (2025) जिताए हैं। अब अर्जेंटीना की कप्तानी करेंगे।

### यमालः मेसी के उत्तराधिकारी माने जा रहे

मेसी यूरोप छोड़कर गए तो बार्सिलोना में एक नए सितारे का उदय हुआ। अप्रैल 2023 में 15 साल के लामिने यमाल ने डेब्यू किया। अब 18 साल की उम्र तक वे तीन ला लीगा और यूरो कप जीत चुके हैं। उन्हें वर्ल्ड फुटबॉल मेसी का उत्तराधिकारी मान रहा है। मेसी की तरह ही यमाल भी डेब्यू वर्ल्ड कप में स्पेन के लिए 19 नंबर जर्सी पहनेंगे।

### रोनाल्डोः 1000 गोल के आंकड़े के करीब

दिसंबर 2022 में वर्ल्ड कप खत्म होने के दो हफ्ते बाद ही रोनाल्डो सऊदी के क्लब अल-नासर में शामिल हो गए। अब 41 की उम्र में वे पुर्तगाल के लिए छठा वर्ल्ड कप खेलेंगे। बीते चार साल में वे अपने क्लब को सिर्फ इसी सीजन सऊदी लीग खिताब जिता पाए। हालांकि, 973 गोल के साथ हजार के जादुई आंकड़े के करीब हैं।

### नेमारः क्लब, इंटरनेशनल में सिर्फ 63 मैच

एक ओर जहां मेसी-रोनाल्डो गोल की बारिश कर रहे थे, वहीं ब्राजील के सुपर स्टार नेमार चोटों से जूझते दिखे। वर्ल्ड कप 2022 के बाद उन्होंने क्लब और इंटरनेशनल मिलाकर सिर्फ 63 मैच खेले हैं। अब भी वे पिंडली की चोट से उबर रहे हैं, लेकिन उन्हें ब्राजील की 26-सदस्यीय टीम में चुना गया है।

### हैरी केनः बेस्ट फॉर्म से खिताब पर नजर

बीते चार सालों में इंग्लैंड के हैरी केन दुनिया के सर्वश्रेष्ठ स्ट्राइकर बनकर उभरे हैं। 2023 के बाद से वे 140 गोल दाग चुके हैं। हैरी केन 2023 की गर्मियों में बायर्न म्यूनिख चले गए। वहां उन्होंने 146 गोल दागे हैं, जिनमें से 58 सिर्फ 2025-26 में आए हैं। 60 साल से कोई बड़ा इंटरनेशनल खिताब नहीं जीती इंग्लिश टीम उन पर काफी निर्भर करेगी।

### इंटरनेशनल टीमों का क्लब कोचों पर भरोसा

2026 के वर्ल्ड कप से पहले कई बड़ी इंटरनेशनल टीमों ने सफल क्लबों के कोचों को टीम से जोड़ा है। ब्राजील की टीम 2002 के बाद पहला वर्ल्ड कप जीतने के लिए कार्लो एंसेलोटी के नेतृत्व में उतरेगी, जबकि इंग्लैंड के पास थॉमस टुचेल और जर्मनी के पास जूलियन नागेल्समान जैसे नाम हैं।

सीजन रिव्यू • आईपीएल-19 बैटर्स के नाम रहा, 10% ज्यादा छक्के लगे; पहली बार विदेशियों से तेज रहे भारतीय

# पहली बार हर टीम से लगा शतक

## सिर्फ चेन्नई के खिलाफ ही सीजन में कोई सेंचुरी नहीं

भास्कर न्यूज | मुंबई

आईपीएल के 19वें सीजन में लीग इतिहास के कई पुराने रिकॉर्ड्स ढह गए। इस बार कुल 1426 छक्के लगे, जो साल 2025 में लगे 1294 छक्कों से 10.2% ज्यादा हैं। 32 बार बल्लेबाजों ने अपनी पारी की पहली गेंद पर छक्का लगाया। सीजन की सबसे बड़ी खासियत रही कि पहली बार भारतीय बल्लेबाजों (157.10) का स्ट्राइक रेट विदेशी बल्लेबाजों (154.71) से ज्यादा रहा। टूर्नामेंट का औसत स्ट्राइक रेट 156.34 रहा, एक सीजन में सर्वश्रेष्ठ है। राजस्थान के 15 साल के वंडर किड वैभव सूर्यवंशी ने 237.30 के स्ट्राइक रेट से 776 रन बनाए। इस सीजन राजस्थान, पंजाब, हैदराबाद और बेंगलुरु ने 9-9 बार 200+ रन का आंकड़ा छुआ। यह किसी एक टी20 टूर्नामेंट का रिकॉर्ड है। इनमें से तीन टीमें प्लेऑफ में भी पहुंचीं।

सीजन में रिकॉर्ड 15 शतक लगे। इस दौरान सभी 10 टीमों के कम से कम एक बैटर ने सेंचुरी जड़ी। लीग इतिहास में ऐसा पहली बार हुआ। सीएसके को छोड़कर सभी 9 टीमों के खिलाफ कम से कम एक शतक लगा। इन तमाम रिकॉर्ड तोड़ प्रदर्शनों के बीच प्लेऑफ की रेस भी आखिरी दिन तक चली, जहां अंततः आरसीबी, गुजरात, हैदराबाद और राजस्थान ने जगह बनाई। वहीं, मुंबई इंडियंस और लखनऊ सुपर जायंट्स जैसी टीमों का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। 19 सीजन से खेल रहीं पंजाब और दिल्ली की टीमें एक बार फिर खिताब से चूक गईं। **आइए नजर डालते हैं सभी 10 टीमों के प्रदर्शन परः**

**भास्कर एनालिसिस** मुंबई-लखनऊ को नए कप्तान तलाशने होंगे; राजस्थान 15 साल के खिलाड़ी पर निर्भर दिखी

### रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु: 14 प्लेयर्स का खिताबी जीत में सीधा योगदान



18 साल के लंबे इंतजार के बाद आरसीबी ने जीत को अपनी संस्कृति बना लिया। कोच एंडी फ्लावर और मैनेजर मो बोबट की रणनीति से टीम ने डॉमिनेट कर खिताब बचाया। आरसीबी ने लीग में सिर्फ 16 प्लेयर्स उतारे। इनमें से 14 ने या तो 200+ रन बनाए, या 7+ विकेट लिए या 10+ कैच पकड़े। इससे ज्यादा टीम वर्क एक सीजन में किसी टी20 टूर्नामेंट में नहीं दिखा। विराट कोहली (675 रन), भुवनेश्वर (28 विकेट) और हेजलवुड (15) जीत के अहम स्तम्भ रहे।

### गुजरातः कंसिस्टेंसी कमाल की, लेकिन 'प्लान बी' नदारद रहा



पांच सीजन में तीसरी बार फाइनल में पहुंची। गिल (732), सुदर्शन (722) और बटलर (526) ने टॉप ऑर्डर में खूब रन बनाए। रबाडा (29 विकेट) व राशिद (21) से गेंदबाजी सबसे मजबूत रही। हालांकि, सुंदर (377 रन) के अलावा मिडिल ऑर्डर फेल हुआ। फाइनल में टॉप ऑर्डर पर यही निर्भरता भारी पड़ गई।

### सनराइजर्सः गेंद, बल्ले दोनों से दमदार; एलिमिनेटर में चूक गए



हेनरिक क्लासेन (624 रन) मिडिल ऑर्डर की जान रहे। अभिषेक (593), हेड (410) और इशान (602) ने टॉप ऑर्डर में रन बनाए। ऑलराउंडर नीतीश रेड्डी (302 रन, 8 विकेट) के साथ युवा पेसर साकिब (15 विकेट) और हिंगे (14) ने प्रभावित किया। हालांकि, एलिमिनेटर के अहम मैच में टीम हारकर बाहर हो गई।

### राजस्थानः वैभव का अवॉर्ड विनिंग प्रदर्शन ही हाइलाइट



रियान पराग की कप्तानी वाली टीम पूरी तरह 15 वर्षीय वैभव और आर्चर (25 विकेट) पर निर्भर रही। वैभव एक साथ ऑरेंज कैप, सुपर स्ट्राइकर, सुपर सिक्सेस, एमर्जिंग और मोस्ट वैल्यूएबल प्लेयर अवॉर्ड जीतने वाले पहले खिलाड़ी बने। इन दोनों के फ्लॉप होने पर टीम संघर्ष करती दिखी और क्वालिफायर-2 हार गई।

### पंजाबः रिकॉर्ड सात मैच में अजेय शुरुआत, पर प्लेऑफ में नहीं पहुंचे



श्रेयस की कप्तानी में टीम ने शुरुआती सात मैचों में अजेय रहने (6 जीत, 1 रद्द) का रिकॉर्ड बनाया। लीग इतिहास में यह किसी भी टीम की सबसे अच्छी शुरुआत थी। लेकिन दूसरे हाफ में टीम लगातार छह मैच हारकर प्लेऑफ से चूक गई। पहली टीम बनी जिसने एक सीजन में लगातार छह मैच जीते भी और हारे भी।

### दिल्लीः लगातार पांचवें सीजन प्लेऑफ में नहीं पहुंच सकी टीम



अक्षर पटेल की कप्तानी में टीम मजबूत शुरुआत (5 मैच, 3 जीत) के बाद लड़खड़ा गई। लगातार पांचवें साल प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई नहीं कर सकी। राहुल ने 174 की स्ट्राइक रेट से 593 रन बनाए, लेकिन पहले हाफ में स्टार्क की कमी और स्पिनर कुलदीप यादव का खराब प्रदर्शन हार का कारण बना।

### कोलकाताः कप्तान रहाणे और 25 करोड़ के ग्रीन का फ्लॉप शो



शुरुआती छह मुकाबलों में एक भी जीत नहीं मिली। दूसरे हाफ में कमबैक कर रेस रोमांचक बनाई और 7वें स्थान पर रहे। 25.20 करोड़ में खरीदे गए ग्रीन (322 रन, 7 विकेट) और कप्तान रहाणे (335 रन) का प्रदर्शन बेहद निराशाजनक रहा। टीम ने हर विभाग में कड़ा संघर्ष किया। 37 वर्षीय रहाणे का संभवतः आखिरी आईपीएल था।

### चेन्नई : कप्तान ऋतुराज और धोनी के भविष्य पर सस्पेंस



लगातार तीसरे सीजन प्लेऑफ में नहीं पहुंची। धोनी चोट के चलते नहीं खेले और ऋतुराज कप्तानी के दबाव में संघर्ष करते दिखे। ऐसे में दोनों के भविष्य पर सस्पेंस है। रिपोर्ट्स के अनुसार, सीएसके हार्दिक पंड्या को मुंबई से ट्रेड करके नया कप्तान बना सकती है। संजू सैमसन भी रेस में हैं।

### मुंबईः सीजन में 10 मैच हारे, लीडरशिप में फूट की भी चर्चा



मुंबई 14 में से 10 मैच हारकर 9वें स्थान पर रही। 14 सीजन बाद शुरुआती मैच जीतने के बाद टीम कभी टॉप-4 के इर्द-गिर्द नहीं पहुंची। कोई खिलाड़ी सर्वाधिक विकेट या रन में टॉप-10 में नहीं रहा। लीडरशिप में फूट की खबरें हैं। अगले सीजन से पहले हार्दिक टीम छोड़ सकते हैं।

### लखनऊः पंत के सभी 9 रिव्यू फेल रहे, कप्तानी से इस्तीफा



पंत की कप्तानी वाली लखनऊ लगातार दूसरे साल प्लेऑफ में नहीं पहुंची। टीम टेबल में सबसे नीचे 10वें स्थान पर रही। कप्तान पंत के सभी 9 रिव्यू फेल रहे। उन्होंने कप्तानी से इस्तीफा दे दिया है। अब मार्श, मार्करम और पूरन के रूप में 3 विदेशी खिलाड़ी कप्तानी के विकल्प हैं।

**15** कुल बैटर्स ने ऑरेंज कैप पहनी सीजन में। 31 बार खिलाड़ियों के पास ऑरेंज कैप पहुंची, लेकिन कोई भी इसे एक हफ्ते से ज्यादा नहीं रख सका।

**32** छक्के कोनोली के। किसी एक बैटर के डेब्यू सीजन में सर्वाधिक। 2008 का जयसूर्या (31 छक्के) का रिकॉर्ड तोड़ा।

**36** बाउंड्री जड़ी कोहली ने गुजरात के खिलाफ। एक टीम के खिलाफ किसी एक सीजन में एक बैटर की सर्वाधिक।

**05** विदेशी प्लेयर्स आजमाए गुजरात ने पूरे सीजन में। बटलर, राशिद, रबाडा, होल्डर, फिलिप्स। यह लीग में संयुक्त सबसे कम।

## माइंड गेम # 466

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | 6 | 1 | | 8 | | | |
| | | | | | 9 | | 8 | |
| | 1 | | | | 5 | 2 | | |
| 9 | | | | | | 4 | 3 | 7 |
| | 2 | | | | | 5 | 6 | |
| | | | | 5 | | | | 8 |
| | 6 | | | 1 | 4 | | 7 | |
| | | | 7 | 6 | | 9 | 1 | 4 |
| | | | | | | | | 2 |

माइंड गेम या सुडोकू एक पजल खेल है, जिसमें 9x9 ग्रिड होता है। इसमें हर पंक्ति, कॉलम और 3x3 बॉक्स में 1 से 9 तक के अंक बिना दोहराए होने चाहिए।

- बॉक्स में दिए अंकों का उपयोग करके खाली बॉक्स में बाकी अंकों को भरना है।
- सही तरीके से खाली बॉक्स भरने पर ही खेल पूरा होता है। हर सूडोकु का एक ही सही जवाब होता है।

माइंड गेम 465 का जवाब

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 3 | 5 | 8 | 1 | 2 | 4 | 7 | 9 | 6 |
| 1 | 4 | 6 | 7 | 8 | 9 | 2 | 3 | 5 |
| 7 | 9 | 2 | 6 | 5 | 3 | 4 | 8 | 1 |
| 2 | 3 | 1 | 5 | 9 | 8 | 6 | 7 | 4 |
| 8 | 6 | 4 | 3 | 7 | 1 | 9 | 5 | 2 |
| 9 | 7 | 5 | 2 | 4 | 6 | 8 | 1 | 3 |
| 5 | 8 | 9 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 | 7 |
| 6 | 2 | 7 | 9 | 3 | 5 | 1 | 4 | 8 |
| 4 | 1 | 3 | 8 | 6 | 7 | 5 | 2 | 9 |

## क्रॉसवर्ड # 1256

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | | 4 | ■ | 5 | 6 | |
| 7 | | | ■ | 8 | 9 | ■ | | ■ |
| 10 | | ■ | 11 | | | 12 | | 13 |
| 14 | | 15 | | | ■ | 16 | | |
| ■ | ■ | 17 | | ■ | 18 | ■ | 19 | |
| 20 | 21 | | | ■ | 22 | 23 | ■ | |
| ■ | 24 | | ■ | 25 | | | 26 | |
| 27 | | | 28 | ■ | 29 | | | ■ |
| 30 | | | | | ■ | 31 | | |

**बायें से दायें**

1. इलेक्ट्रिक करंट हिंदी में (3,2)। 5. राजकुमार / शहजादा (3)। 7. पशुओं की दैनिक खुराक (3)। 8. हार का विलोम (2)। 10. दस्तखत, ठीक, सत्य (2)। 11. ऋतिक रोशन, अमीषा पटेल की पहली फिल्म (2,1,2,1)। 14. रोष दिखलाना, क्रोध करना (5)। 16. बादल, मेघ (3)। 17. पांव, कदम (2)। 19. तारक, नक्षत्र (2)। 20. धरोहर, थाती, उपनिधि (4)। 22. दांत, रदन (2)। 24. पदाघात, ठोकर (2)। 25. सामान्यतः मनुष्य के आकार का (5)। 27. प्रतिभूति, गारंटी (4)। 29. भूखंड/जमीन का कुल क्षेत्रफल (3)। 30. दक्षिण की एक भाषा जो उल्टी-सीधी एक समान (5)। 31. बालक, बेटा (3)।

**ऊपर से नीचे**

1. उत्तराधिकार, पैतृक संपत्ति (4)। 2. चमक/कांतिहीन, फीका (4)। 3. उसके पश्चात, इस वक्त (2)। 4. खुश होना, मानना (2,2)। 6. आकाशबल्लरी, कुस्कुटा (3,2)। 9. पौधे का मुख्य भाग (2)। 11. आश्विन मास का कृष्ण पक्ष, श्राद्ध (4)। 12. कांदा, कृष्णावल (2)। 13. तेलंगाना की राजधानी (5)। 15. सूर्य की पुत्री, ताप व बेटी के पर्याय की युक्ति (3,3)। 18. द्वार-द्वार (2,2)। 21. बहुत धनी या कंगाल का विलोम (4)। 23. अग्निशामक यंत्र (4)। 26. रद्दी, कूड़ा-करकट (3)। 27. यम (2)। 28. सतह, पेंदा (2)।

क्रॉसवर्ड 1255

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 क | र | 2 त | 3 ब | ■ | 4 आ | 5 म | 6 स | 7 भा |
| र | ■ | 8 ग | म | 9 न | ■ | 10 द | म | न |
| 11 तू | 12 म | ड़ा | ■ | 13 म | 14 स | न | द | ■ |
| 15 त | ट | ■ | 16 को | की | न | ■ | र | ■ |
| ■ | 17 मै | 18 रा | थ | न | ■ | 19 ह | सी | 20 न |
| ■ | 21 ला | ज | मी | ■ | 22 मा | वा | ■ | य |
| 23 गो | ■ | 24 म | र | जा | ■ | 25 म | 26 ग | न |
| 27 म | 28 ज | ह | ब | ■ | 29 रा | ह | ज | नी |
| 30 ती | न | ल | ड़ी | ■ | 31 त | ल | वा | र |

## लंका प्रीमियर लीग में भी लागू होगा इम्पैक्ट प्लेयर का नियम

भास्कर न्यूज | कोलंबो

लंका प्रीमियर लीग के 2026 सीजन में आईपीएल की तरह इम्पैक्ट प्लेयर नियम लागू होने जा रहा है। कोलंबो में हुए हालिया ड्राफ्ट में यह फैसला लिया गया। इसके अलावा, अब हर टीम को अपनी प्लेइंग इलेवन में कम से कम एक अंडर-23 खिलाड़ी रखना अनिवार्य होगा, भले ही इम्पैक्ट प्लेयर का इस्तेमाल किया गया हो। टूर्नामेंट की 5 में से 4 टीमों के नाम और मालिक भी बदल गए हैं। जाफना अब 'एससी जाफना किंग्स', गाले 'गाले गैलेंट्स', कैंडी 'कैंडी रॉयल्स' और कोलंबो 'कोलंबो कैप्स' के नाम से जानी जाएगी। भारतीय खिलाड़ी विजय शंकर को ड्राफ्ट से पहले ही साइन कर लिया गया है। विदेशी खिलाड़ियों में पाक के साहिबजादा फरहान, रहमानुल्लाह गुरबाज और मोहम्मद नवाज प्रमुख रहे। लीग का छठा सीजन 17 जुलाई से शुरू होगा।

टेस्ट • अफगानिस्तान के खिलाफ वैरायटी स्पिनर्स पर फोकस

# छह नेट गेंदबाज कराएंगे टेस्ट की तैयारी

## नबी को भी मौका; दो साल में दो क्लीन स्वीप झेली टीम

भास्कर न्यूज | न्यू चंडीगढ़



6 जून से अफगानिस्तान के खिलाफ एकमात्र घरेलू टेस्ट से पहले भारतीय टीम में छह नए नेट बॉलर्स को शामिल किया गया है। इनमें हालिया रणजी सीजन के टॉप विकेट टेकर आकिब नबी के अलावा वनडे टीम में चुने गए प्रिंस यादव भी शामिल हैं। चेन्नई सुपर किंग्स के गुरजपनीत सिंह अन्य पेसर हैं, जबकि शिवांग कुमार, सारांश जैन और जीशान अंसारी स्पिनर्स हैं।

भारतीय टीम अफगानिस्तान के खिलाफ यह मैच न्यू चंडीगढ़ में खेलेगी। इससे पहले दोनों टीमों के बीच एकमात्र टेस्ट 2018 में बेंगलुरु में खेला गया था, जहां टीम इंडिया ने दो ही दिन में पारी और 262 रन से जीत दर्ज की थी। हालांकि, उसके बाद से अफगान टीम का स्तर बहुत सुधरा है और भारतीय टीम को उसके स्पिनर्स से सावधान रहना होगा। ऐसे में तैयारी के लिए कलाई के बाएं हाथ के स्पिनर शिवांग, मध्य प्रदेश के ऑफ ब्रेक सारांश और उत्तर प्रदेश के लेग ब्रेक गुगली गेंदबाज जीशान की भूमिका अहम रहेगी। इसके अलावा, टेस्ट टीम में जगह बनाने से चूकने वाले रणजी चैम्पियन जम्मू-कश्मीर के आकिब नबी भी अब नेट्स में तैयारी कराएंगे।

गौरतलब है कि भारतीय बल्लेबाज हालिया समय में मेहमान स्पिनर्स के खिलाफ संघर्ष करते रहे हैं और टीम पिछले दो साल में न्यूजीलैंड और दक्षिण अफ्रीका से घर पर क्लीन स्वीप हो चुकी है। अफ्रीका के खिलाफ टीम ने 15.23 के दूसरे सबसे खराब औसत से बल्लेबाजी की थी।

ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग में बड़ा बदलाव

# मर्ज होंगी मेलबर्न की दोनों टीमें; IPL फ्रेंचाइजी खरीद सकती हैं

भास्कर न्यूज | मेलबर्न

ऑस्ट्रेलिया की बिग बैश लीग (बीबीएल) में मेलबर्न की दो फ्रेंचाइजी मेलबर्न स्टार्स और मेलबर्न रेनेगेड्स का मौजूदा स्वरूप जल्द बदल सकता है। क्रिकेट विक्टोरिया ने दोनों टीमों के प्रशासन को एक करने का फैसला लिया है। इसके तहत मेलबर्न स्टार्स का नाम और पहचान खत्म कर नई टीम बनाई जाएगी, जबकि रेनेगेड्स फ्रेंचाइजी को बेचने की तैयारी है। स्टार्स के मौजूदा खिलाड़ी नई टीम का हिस्सा बनेंगे, लेकिन टीम नए नाम और नई जर्सी के साथ मैदान में उतरेगी। दूसरी ओर, रेनेगेड्स अगले सीजन में अपने मौजूदा नाम से खेलेगी, लेकिन उसका संचालन अस्थायी प्रशासन के तहत होगा। रेनेगेड्स को बेचने की योजना भी बनाई गई है। आईपीएल फ्रेंचाइजी मुंबई इंडियंस और सनराइजर्स ने इस टीम को खरीदने में रुचि दिखाई है।

इंडोनेशिया ओपन • अब ओलिंपिक चैम्पियन से भिड़ेंगी सिंधु

# पहले ही दौर में बाहर हुए लक्ष्य, श्रीकांत और मालविका; सिंधु 51 मिनट में जीतीं

भास्कर न्यूज | जकार्ता



इंडोनेशिया ओपन सुपर 1000 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पहले दौर में भारतीय दल का प्रदर्शन निराशाजनक रहा। पुरुष सिंगल्स में पूर्व वर्ल्ड नंबर-1 किदांबी श्रीकांत को जापान के युशी तनाका के हाथों 19-21, 15-21 से शिकस्त झेलनी पड़ी, जबकि लक्ष्य 2023 के जूनियर वर्ल्ड चैम्पियन अल्वी फरहान से 19-21, 16-21 से हार गए। वहीं, महिलाओं में मालविका बंसोड़ को थाईलैंड की पोर्नपावी चोचुवोंग ने 21-12, 21-10 से मात दी। इस बीच, स्टार शटलर पीवी सिंधु ने थाईलैंड की बुसानन ओंगबामरुंगफान को 51 मिनट तक चले कड़े मुकाबले में सीधे गेम में 25-23, 21-16 से हराया। दूसरे दौर में सिंधु का सामना ओलिंपिक चैम्पियन वर्ल्ड नंबर-1 एन से-यंग से होगा।

## स्पोर्ट्स ब्रीफ

### महिला रैंकिंगः 5 साल बाहर रहने वाली इंग्लिश स्पिनर लिन्सी नंबर-1 गेंदबाज

**दुबई** | इंग्लैंड की स्पिनर लिन्सी स्मिथ आईसीसी महिला टी20 बॉलिंग रैंकिंग में पहली बार नंबर-1 गेंदबाज बन गई हैं। उन्होंने पाकिस्तान की सादिया इकबाल को पीछे छोड़ा। 2018 में डेब्यू करने वाली 31 वर्षीय स्मिथ 5 साल टीम से बाहर रहने के बाद 2024 में लौटीं और न्यूजीलैंड व भारत के खिलाफ शानदार प्रदर्शन कर शीर्ष पर पहुंचीं।

### योगासनः पहली वर्ल्ड चैम्पियनशिप के लिए भारत आएगी अमेरिकी टीम



**अहमदाबाद** | भारत में 4 से 8 जून तक आयोजित होने वाली पहली वर्ल्ड योगासन चैम्पियनशिप के लिए 11 सदस्यीय अमेरिकी टीम भारत आ रही है। यूएस योगासन स्पोर्ट्स फेडरेशन के संस्थापक बलविंदर सिंह के नेतृत्व वाली इस टीम में 10 से 55 वर्ष तक के एथलीट शामिल हैं, जो 60 देशों के खिलाड़ियों के खिलाफ उतरेंगे।

### बीबीएलः पहली बार विदेशी लीग में कोचिंग करेंगे 48 वर्षीय फ्लिंटॉफ

**सिडनी** | ऑस्ट्रेलिया के बिग बैश लीग (बीबीएल) की टीम सिडनी थंडर ने इंग्लैंड के पूर्व ऑलराउंडर एंड्रयू फ्लिंटॉफ को अपना नया हेड कोच नियुक्त किया है। यह उनका पहला विदेशी कोचिंग असाइनमेंट है। 48 वर्षीय फ्लिंटॉफ ने शेन वॉटसन और डैनियल क्रिश्चियन को पछाड़कर यह पद हासिल किया है।

टेनिस • फ्रेंच ओपन में पहली बार खेला गया महिलाओं का नाइट मैच; सबालेंका ने ओसाका को हराया

# लगातार 14वें ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल में सबालेंका

भास्कर न्यूज | पेरिस

पेरिस में चल रहे फ्रेंच ओपन (रोलां गैरो) में वर्ल्ड नंबर-1 आर्यना सबालेंका ने शानदार प्रदर्शन करते हुए नाओमी ओसाका को 7-5, 6-3 से हराकर क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया है। यह मुकाबला इसलिए भी खास रहा क्योंकि पिछले तीन सालों में पहली बार रोलां गैरो में महिलाओं का कोई नाइट मैच खेला गया। मैच महज 1 घंटे 27 मिनट में खत्म हो गया, जिसमें चार बार की ग्रैंड स्लैम चैम्पियन ओसाका अपने खास गोल्डन ग्लैमरस लिबास में नजर आईं, लेकिन खेल के मोर्चे पर सबालेंका उन पर पूरी तरह हावी रहीं। सबालेंका ने कहा कि भविष्य में महिलाओं के मैचों को भी नियमित रूप से नाइट शेड्यूल में रखा जाना चाहिए। सबालेंका लगातार 14 ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली खिलाड़ी बन गई हैं। दिग्गज अमेरिकी खिलाड़ी सेरेना विलियम्स के बाद यह उपलब्धि हासिल करने वाली वह पहली महिला हैं।



▪ बतौर वर्ल्ड नंबर-1 सबालेंका शुरुआती छह ग्रैंड स्लैम के अंतिम-8 में पहुंचीं हैं।

### महिलाः अंतिम-8 में सभी खिलाड़ी यूरोपियन, इनमें 114वीं रैंक भी

- इस साल टूर्नामेंट का महिला सिंगल्स ड्रॉ उलटफेरों से भरा हुआ है। इगा स्वातेक, कोको गॉफ और एलेना रायबकिना जैसी दिग्गज खिलाड़ी पहले ही बाहर हो चुकी हैं। फ्रेंच ओपन 2017 के बाद यह पहला मौका है, जब किसी मेजर टूर्नामेंट के विमंस सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में पहुंचने वाली सभी 8 खिलाड़ी यूरोपियन हैं। इनमें 114वीं रैंक वाली पोलैंड की क्वालीफायर माजा च्वालिंस्का का सफर सबसे अनोखा है।
- डायने पैरी को हराकर अंतिम-8 में पहुंचीं च्वालिंस्का ग्रैंड स्लैम क्वार्टर फाइनल खेलने वाली केवल चौथी पोलिश महिला हैं। सबालेंका अब डायना श्नाइडर से भिड़ेंगी।

### पुरुषः सिनर बाहर हुए, फिर भी अंतिम-8 में तीन सिर्फ इटली के

- पुरुष सिंगल्स में इटली के खिलाड़ियों ने नया इतिहास रच दिया है। टेनिस इतिहास में यह पहली बार हुआ है जब किसी ग्रैंड स्लैम के मेंस सिंगल्स क्वार्टर फाइनल में तीन इटैलियन खिलाड़ियों (मटेओ अर्नाल्डी, मटेओ बेरेटिनी और फ्लावियो कोबोली) ने एक साथ जगह बनाई है। अर्नाल्डी ने रात 1 बजे तक चले एक मैराथन मुकाबले में फ्रांसेस टियाफो को 5 घंटे 26 मिनट में हराया।
- 10वें वरीय कोबोली का सामना कनाडा के फेलिक्स ऑगर-अलियासिम से होगा, जिन्होंने अंतिम-8 में पहुंचकर चारों ग्रैंड स्लैम के क्वार्टर फाइनल खेलने का अपना 'करियर सेट' पूरा कर लिया है। टॉप सीड सिनर के बाहर होने के बावजूद इटली के फैंस के लिए यह टूर्नामेंट बेहद शानदार साबित हो रहा है।


### चेसः सातवें राउंड में गुकेश, प्रागी और दिव्या को जीत

भास्कर न्यूज | ओस्लो

नॉर्वे चेस टूर्नामेंट का सातवां राउंड भारतीय खिलाड़ियों के नाम रहा। ग्रैंडमास्टर आर. प्रागननंदा ने शानदार प्रदर्शन करते हुए फ्रांस के अलीरेजा फिरोजा को क्लासिकल मुकाबले में 51 चालों में शिकस्त दी। इस जीत से उन्हें पूरे तीन अंक मिले और यह फिरोजा पर उनकी लगातार दूसरी जीत है। वहीं, वर्ल्ड चैम्पियन डी. गुकेश क्लासिकल मुकाबले में जीत का मौका चूक गए, लेकिन उन्होंने आर्मागेडन टाईब्रेक में वेस्ली सो को हराकर अतिरिक्त अंक हासिल किए। दूसरी ओर, महिला वर्ग में दिव्या देशमुख ने क्लासिकल मुकाबले में मौका गंवाने के बाद आर्मागेडन टाईब्रेक में हमवतन कोनेरू हम्पी को मात दी। इस अहम जीत के साथ दिव्या ने टूर्नामेंट में अपनी मजबूत दावेदारी बरकरार रखी है।

## एवरेस्ट... वापसी का रास्ता ज्यादा खतरनाक

8,000 मीटर (26,200 फीट) से ऊपर ऑक्सीजन का दबाव इतना कम हो जाता है कि लंबे समय तक मानव जीवन को बनाए रखना मुश्किल हो जाता है।




# सबसे ऊंची चोटी पर भीड़ और अव्यवस्था से 'डेथ जोन' बना सबसे बड़ा किलर, यहां 3 साल में 36 पर्वतारोहियों की मौतें

काठमांडू | दुनिया की सबसे ऊंची चोटी माउंट एवरेस्ट अब सिर्फ रोमांच और उपलब्धि का प्रतीक नहीं रह गई है। बढ़ता व्यवसायीकरण, रिकॉर्ड भीड़, अनुभवहीन पर्वतारोहियों और सुरक्षा नियमों में ढील ने इसे खतरनाक बना दिया है। 8,000 मीटर से ऊपर का हिस्सा 'डेथ जोन' कहलाता है। 2023 से अब तक शिखर से उतरते वक्त इस जोन में कम से कम 36 मौतें दर्ज हुई हैं। हाल ही में दो भारतीय पर्वतारोही भी इसके शिकार हुए।

दरअसल, डेथ जोन में शरीर का ठीक से अनुकूलन नहीं हो पाता। दिमाग और फेफड़ों तक पर्याप्त ऑक्सीजन नहीं पहुंचती और हाइपोक्सिया का खतरा बढ़ जाता है। इसी वजह से यहां हर मिनट महत्वपूर्ण होता है, लेकिन अब यही इलाका ट्रैफिक जाम का केंद्र बन गया है। हाल ही में नेपाल की ओर से एक ही दिन में 274 लोग शिखर पर पहुंचे, जिससे यहां लंबी कतारें लग गईं। ऊंचाई पर घंटों इंतजार के दौरान पर्वतारोहियों की ऑक्सीजन तेजी से खत्म होती है। फ्रॉस्टबाइट, थकान और मानसिक भ्रम जैसी स्थितियां जानलेवा साबित होती हैं। कई बार पर्वतारोही रस्सियों से जुड़े रहने जैसे बुनियादी सुरक्षा कदम भी भूल जाते हैं। विशेषज्ञों का मानना है कि सुरक्षा नियम कड़े करने पर ही मौतों को रोका जा सकेगा।

स्रोतः सीएनएन

---

## भास्कर नॉलेज

### बेंगलुरुः पानी लीकेज, चोरी रोकने का रोबोट, एआई सिस्टम क्या है?

**बेंगलुरु** | आईटी सिटी व कर्नाटक की राजधानी बेंगलुरु में पानी की बर्बादी, लीकेज और चोरी की समस्या से निपटने के लिए अब एआई और रोबोटिक तकनीक की मदद ली जा रही है। बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड (बीडब्ल्यूएसएसबी) ने जल वितरण नेटवर्क को हाई-टेक बनाने के लिए यह कदम उठाया है। जानते हैं- कैसे काम करेगी ये तकनीक...

- **रोबोट और एआई का इस्तेमाल कैसे होगा?**
बीडब्ल्यूएसएसबी के अनुसार, स्टार्टअप 'सोलिनास' पानी की पाइपलाइनों के भीतर विशेष रूप से डिजाइन किए गए रोबोट तैनात करेगा। ये रोबोट डिस्ट्रिब्यूशन नेटवर्क के अंदर जाकर पाइपों की संरचनात्मक खराबी, ब्लॉकेज और बारीक से बारीक लीकेज का पता लगाएंगे। वहीं, 'स्मार्टेरा' कंपनी एआई संचालित प्रेडिक्टिव एनालिटिक्स और एकॉस्टिक सेंसिंग (ध्वनि संवेदन) तकनीक का इस्तेमाल करेगी। इससे बिना जमीन खोदे ही पाइप फटने की आशंका वाले संवेदनशील हिस्सों और भूमिगत लीकेज की सटीक लोकेशन मिल जाएगी।
- **प्रोजेक्ट पर कितना खर्च आएगा?**
यह प्रोजेक्ट एक रिसर्च के तहत चुना गया है, जिसकी पूरी फंडिंग एक निजी कंपनी करेगी। जल बोर्ड केवल पाइप मरम्मत और खुदाई में मदद करेगा।
- **हाई-टेक तंत्र से लोगों को क्या फायदे होंगे?**
पानी के वितरण पैटर्न की चौबीसों घंटे निगरानी होगी। बिलिंग सिस्टम में सुधार और राजस्व संग्रह मजबूत होगा। पाइपलाइनों के डिफेक्ट्स दूर होने से सीवरेज के गंदे पानी का मिक्सिंग रुकेगा। साफ पानी मिलेगा।
- **अन्य शहरों के लिए प्रयोग कितना अहम है?**
देश में 40% पानी लीकेज या चोरी में बह जाता है। बेंगलुरु का प्रयोग सफल रहता है, तो इसे अन्य शहरों में पानी बचाने के मॉडल के रूप में लागू किया जा सकता है।

---

**खतरे में सीजफायर** • लेबनान पर हमले से नाराज ट्रम्प बोले-पागल हो गए हो क्या

# ईरान की चेतावनी के बाद नेतन्याहू पर भड़के ट्रम्प, फोन पर गालीगलौज भी की




भास्कर न्यूज/एजेंसी | वॉशिंगटन

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने लेबनान में इजराइली हमलों को लेकर प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू को फोन पर जमकर फटकार लगाई। एक्सियोस की रिपोर्ट के मुताबिक ट्रम्प ने नेतन्याहू पर दुनिया भर में इजराइल के खिलाफ नाराजगी बढ़ाने का आरोप लगाया और गुस्से में कहा, पागल हो गए हो, तुम कर क्या रहे हो? गालीगलौज भी की।

यह तीखी बातचीत ईरान की चेतावनी के बाद हुई। ईरान ने लेबनान में जारी सैन्य कार्रवाई के चलते वार्ता रोकने की धमकी दी थी। इसके बाद ट्रम्प ने नेतन्याहू को टोका। वाइट हाउस के अधिकारियों के अनुसार, ट्रम्प के दूसरे कार्यकाल की शुरुआत के बाद यह नेतन्याहू के साथ उनकी सबसे खराब कॉल्स में से एक रही।

### क्या ईरान की धमकी से डरे ट्रम्प, क्यों हुए इतने नाराज

- ट्रम्प प्रशासन ईरान से शांति समझौते के लिए वार्ता कर रहा है। नेतन्याहू द्वारा बेरूत पर हमले जारी रखने से ट्रम्प की पूरी कूटनीति दांव पर लग गई, जिससे अमेरिकी राष्ट्रपति भड़क गए।



- नेतन्याहू की सैन्य कार्रवाइयों और नागरिकों की मौतों के कारण दुनिया भर में इजराइल और अमेरिका के खिलाफ नफरत बढ़ रही है।
- अमेरिकी जनता मिडिल ईस्ट के युद्धों से थक चुकी है। ट्रम्प भी अब अपनी बड़ी प्राथमिकताओं (जैसे चीन नीति और घरेलू अर्थव्यवस्था) पर ध्यान देना चाहते हैं। इस जंग से निकलना चाहते हैं।
- अगर नेतन्याहू के कारण ईरान और लेबनान में युद्ध और भड़कता है, तो वैश्विक तेल की कीमतें बढ़ेंगी और अमेरिका एक अंतहीन जंग में फंस जाएगा, जो ट्रम्प को अपनी घरेलू राजनीति के लिए मंजूर नहीं है।

### दोस्ती में दरारः ऐसे बढ़ रहा पुराने दोस्तों के बीच तनाव

गाजा युद्ध, ईरान रणनीति और युद्धविराम को लेकर ट्रम्प और नेतन्याहू के बीच दरार बढ़ती गई।



- 2020: नेतन्याहू ने अमेरिकी चुनाव के तुरंत बाद जो बाइडेन को बधाई दी थी। इससे नाराज ट्रम्प ने नेतन्याहू के लिए अपशब्द तक कहा था।
- ट्रम्प ने आरोप लगाया था कि कासिम सुलेमानी पर अमेरिकी हमले के समय नेतन्याहू आखिरी वक्त में पीछे हट गए थे। कहा- 'मैं यह कभी नहीं भूलूंगा।'
- 2023: हमास हमले के बाद ट्रम्प ने सहानुभूति जताने के बजाय ट्रम्प ने सार्वजनिक रैली में नेतन्याहू की खुफिया विफलता की कड़ी आलोचना की और हिजबुल्लाह को 'स्मार्ट' कह दिया।
- 2024: ट्रम्प लगातार दबाव बनाते रहे कि इजरायल गाजा में जंग जल्द खत्म करे, पर नेतन्याहू अपनी घरेलू राजनीति के लिए युद्ध को लंबा खींचते रहे।

### ट्रम्प के दावे के अगले दिन हमलों में आठ की मौत

वॉशिंगटन में इजराइल और लेबनान के बीच सीधे वार्ता का चौथा दौर शुरू हो गया है। इसी बीच लेबनान के राष्ट्रपति ने आंतरिक विभाजन के खिलाफ चेतावनी दी, जबकि इजराइल ने दक्षिणी लेबनान में अपने हमले जारी रखे हैं। ट्रम्प के तनाव कम होने के दावे के एक दिन बाद ही दक्षिणी लेबनान में इजराइली ड्रोन हमलों में 8 लोगों की मौत हो गई।

### ईरान से समझौते और होर्मुज पर डील अगले हफ्ते तक

ट्रम्प ने कहा है कि ईरान से सीजफायर बढ़ाने और होर्मुज खोलने पर अगले एक हफ्ते में समझौता हो जाएगा। समझौते में कुछ और पॉइंट तय होने बाकी हैं। कुछ रिपोर्ट्स में दावा किया गया कि तेहरान बातचीत की टेबल छोड़ सकता है। इस पर ट्रम्प कहा कि अमेरिका को ईरान की तरफ से ऐसा कोई औपचारिक संदेश नहीं मिला है।

---

**खुलासा** • रिश्वतखोरी के मामले आ रहे सामने

# बंगालः टीएमसी के नेता सत्ता बदलते ही कट-मनी लौटा रहे

बबीता माली | कोलकाता

पश्चिम बंगाल में सत्ता परिवर्तन के बाद अब गांव-गांव में कथित 'कट-मनी' का हिसाब मांगा जा रहा है। कई जिलों में तृणमूल से जुड़े स्थानीय नेताओं पर सरकारी योजनाओं का लाभ दिलाने के नाम पर रिश्वत लेने के आरोप सामने आ रहे हैं। बढ़ते दबाव के बीच कुछ नेताओं ने कटमनी के नाम पर वसूले ये पैसे लौटाने भी शुरू कर दिए हैं।

कूचबिहार के घुघुमारी इलाके में स्थानीय नेताओं ने लाउडस्पीकर से घोषणा कर लोगों को पैसे लौटाने की बात कही। माथाभांगा में भी आवास योजना से जुड़ी रकम वापस करने के मामले सामने आए। दक्षिण 24 परगना के नामखाना में प्रधानमंत्री आवास योजना के नाम पर कथित तौर पर लिए गए 5-5 हजार रुपए ग्रामीणों को लौटाए गए। नामखाना के शिबरामपुर ग्राम पंचायत के तृणमूल पंचायत सदस्य माधव चंद्र लाया ने दावा किया कि उन्होंने बिना किसी दबाव के खुद आगे बढ़कर 45 ग्रामीणों को पैसे लौटाए। उनका कहना है कि अब राज्य में विकास और रोजगार पर ध्यान देने की जरूरत है। मुर्शिदाबाद के नूतनग्राम में बांग्लार आवास योजना के तहत कथित कटमनी लेने के आरोप में ग्राम उपप्रधान सिराजुल शेख के खिलाफ ग्रामीणों ने शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने उसे गिरफ्तार किया। ग्रामीणों का आरोप है कि घर दिलाने के नाम पर 5 हजार से 15 हजार रुपए तक लिए जाते थे।



साउथ 24 परगना में कटमनी लौटाता एक तृणमूल नेता।

### जांच के लिए आयोग गठित, सीधे कर सकेंगे शिकायत

राज्य सरकार ने 18 मई को कथित कटमनी, सरकारी फंड के दुरुपयोग और वित्तीय अनियमितताओं की जांच के लिए 'इंस्टिट्यूशनल कमीशन' गठित किया है। सेवानिवृत्त न्यायाधीश विश्वजीत बसु इसकी अध्यक्षता करेंगे। सरकार को उम्मीद है कि आयोग शुरू होने के बाद लोग सीधे शिकायत दर्ज करा सकेंगे।

---

## न्यूज विंडो

### शिवकुमार आज लेंगे सीएम पद की शपथ, सिद्धारमैया सीडब्ल्यूसी के सदस्य बने

**बेंगलुरु** | कर्नाटक में कांग्रेस नेता और डिप्टी सीएम डीके शिवकुमार बुधवार को सीएम पद की शपथ लेंगे। शपथ ग्रहण समारोह शाम 4:05 बजे विधानसभा परिसर में होगा। वहीं, शिवकुमार कैबिनेट व अन्य मुद्दों पर चर्चा के लिए दिल्ली में कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के आवास पहुंचे। इस बीच, निवर्तमान सीएम सिद्धारमैया को पार्टी की सर्वोच्च निर्णय लेने वाली संस्था कांग्रेस कार्यसमिति (सीडब्ल्यूसी) का सदस्य नियुक्त किया गया है।

### अमेरिकाः तुलसी गबार्ड की जगह बिल पुल्टे बने खुफिया विभाग के प्रमुख

**वॉशिंगटन** | अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने आवास वित्त एजेंसी के प्रमुख बिल पुल्टे को कार्यवाहक राष्ट्रीय खुफिया निदेशक नियुक्त किया है। पुल्टे, तुलसी गबार्ड की जगह लेंगे, जिन्होंने पिछले महीने इस्तीफा दिया था। पुल्टे के पास राष्ट्रीय सुरक्षा क्षेत्र का कोई अनुभव नहीं है, पर वे ट्रम्प के मुखर समर्थकों में गिने जाते हैं। विपक्षी डेमोक्रेट नेताओं ने नियुक्ति पर सवाल उठाए हैं।



### बिहारः राबड़ी बंगला विवाद पर सीएम सम्राट चौधरी बोले- यह राजशाही नहीं

**शेखपुरा** | बिहार के मुख्यमंत्री सम्राट चौधरी ने राबड़ी देवी के बंगले के आवंटन पर चल रहे विवाद पर बिना नाम लिए आरजेडी पर निशाना साधा। उन्होंने कहा, 'यह राजशाही नहीं है... मां को एक घर चाहिए, बेटे को दूसरा।' राबड़ी देवी 10, सर्कुलर रोड में रहती हैं। उन्हें 39, हार्डिंग रोड आवंटित है। तेजस्वी यादव 1, पोलो रोड में रहते हैं। चौधरी ने कहा, वे निजी घर में रहते हैं। 'सहयोग कैंप' हर महीने पहले, तीसरे मंगलवार को होंगे। 30 दिन में समस्याओं का निपटारा किया जाएगा।

### 19 हजार घर खरीदारों से 2000 करोड़ रु. के घोटाले में चार प्रमोटर गिरफ्तार

**नई दिल्ली** | 2000 करोड़ रुपए के होमबायर फ्रॉड और मनी लॉन्ड्रिंग मामले में ईडी ने रियल एस्टेट ग्रुप के 4 प्रमोटरों को गिरफ्तार किया है। पीएमएलए के तहत गिरफ्तार आरोपियों- अवधेश कुमार गोयल, रजनीश मित्तल, अतुल गुप्ता और विकास गुप्ता हैं। ये अर्थ इंफ्रा लि. के प्रमोटर/डायरेक्टर हैं। आरोपियों को दिल्ली की स्पेशल कोर्ट में पेश किया गया। कोर्ट ने ईडी को 5 दिन की कस्टडी दी है। ईडी का आरोप है कि ग्रुप ने 19,425 होमबॉयर्स, निवेशकों से पैसे जुटाए थे।

---

**पंजाब** • मानसिक उत्पीड़न का आरोप

### फीस नहीं दे पाने पर प्रताड़ना, 12वीं की छात्रा ने आत्महत्या की

एजेंसी | अमृतसर

पंजाब के अमृतसर में कक्षा 12वीं की छात्रा ने स्कूल प्रबंधन की मानसिक प्रताड़ना से परेशान होकर आत्महत्या कर ली। अमृतसर पुलिस कमिश्नर गुरप्रीत सिंह भुल्लर ने बताया कि पीड़िता के वीडियो बयान के आधार पर केस दर्ज किया गया है।

सदर थाने के एसएचओ किरनदीप सिंह के मुताबिक छात्रा की पहचान 17 साल की अमजोत कौर के रूप में हुई है। वह पढ़ाई के लिए मामी के पास रहती थी। 22 मई को उसने जहरीला पदार्थ खाया। इलाज के दौरान शनिवार रात उसकी मौत हो गई। इसके बाद उसका एक वीडियो सामने आया है। वीडियो में छात्रा अमजोत कौर ने कहा है कि 11 मई को स्कूल बुलाकर अलग कमरे में मानसिक यातना दी गई। परिजन के अनुसार, करीब 20 हजार रु. फीस बकाया थी। मंत्री हरजोत सिंह बैंस ने कहा, स्कूल पर आत्महत्या के लिए उकसाने की एफआईआर दर्ज हुई है।

**कांग्रेस सांसद के बोल...**

### पूरा वंदे मातरम गाना लोगों के लिए बोझिलः शशि थरूर

एजेंसी | नई दिल्ली

कांग्रेस सांसद शशि थरूर ने कहा है कि हर सार्वजनिक कार्यक्रम में वंदे मातरम पूरा गाना जरूरी नहीं होना चाहिए। उन्होंने इसे दर्शकों पर 'अनावश्यक' और 'बोझिल' बताया। थरूर बोले, वंदे मातरम का सम्मान जरूरी है, लेकिन हर अवसर पर पूरा गाना अनिवार्य करना अलग बात है। यह आम लोगों के लिए बोझिल है। कांग्रेस नेता ने कहा कि परंपरा रही है कि कार्यक्रम की शुरुआत में वंदे मातरम गाया जाता है। राष्ट्रगान अलग से, अक्सर अंत में होता है।



### रूस का यूक्रेन पर बड़ा हमलाः कीव समेत कई शहरों में दागीं मिसाइलें और ड्रोन, 22 की मौत, 100 घायल





**कीव** | रूस ने सोमवार-मंगलवार की रात कीव समेत यूक्रेन के कई शहरों पर 73 मिसाइलें, 656 ड्रोन हमले किए। अधिकारियों के मुताबिक कम से कम 22 नागरिक मारे गए। 100 से ज्यादा घायल हुए हैं। कई अपार्टमेंट इमारतें क्षतिग्रस्त हुईं। मलबे में लोग फंस गए। डिन्प्रो शहर में राहतकर्मियों ने 3 साल के बच्चे, एक मां, उसके 8 साल के बेटे के शव निकाले। कीव में 4 मौतें हुईं। 63 लोग घायल हुए। यूक्रेन ने 40 मिसाइलें, 602 ड्रोन नष्ट या निष्क्रिय किए। राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने अमेरिका और यूरोप से मदद बढ़ाने को कहा है।

### नेपाल मुद्दे पर तीसरे पक्ष की भूमिका नहींः भारत

भास्कर न्यूज | नई दिल्ली

भारत ने नेपाल के साथ सीमा से जुड़े मुद्दे सुलझाने में किसी भी तीसरे पक्ष की भूमिका को सिरे से खारिज कर दिया है। यह बयान नेपाल के प्रधानमंत्री बालेंद्र शाह के उस सुझाव के बाद आया है, जिसमें उन्होंने चीन और ब्रिटेन को शामिल करने की बात कही थी।

विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने मंगलवार को कहा कि सीमा से जुड़े सभी पहलुओं पर काम के लिए दोनों देशों ने द्विपक्षीय तंत्र बना रखे हैं। भारत-नेपाल सीमा का करीब 98% हिस्सा सीमांकन हो चुका है। जायसवाल के मुताबिक कुछ हिस्से अब भी अनसुलझे हैं। गंडक नदी का रास्ता बदलने से यह स्थिति बनी।

---

**भास्कर खास** न्यूरोसाइंटिस्ट्स की चेतावनी- टेक-गैजेट्स पर निर्भरता दिमाग के लिए घातक

# कोई काम नहीं किया; फिर भी थका महसूस कर रहे, यह एकसाथ ज्यादा सूचनाओं का असर है, इससे सोचने की क्षमता भी घट रही

भास्कर न्यूज | लंदन

पूरा दिन सोफे या बिस्तर पर निकल गया। कोई शारीरिक काम नहीं किया। फिर भी बेहद थकान महसूस हो रही है। अगर ऐसा है तो ये 'ब्रेन रॉट' हो सकता है। यह कोई मेडिकल शब्द नहीं और ऑक्सफोर्ड ने इसे दो साल पहले 'वर्ड ऑफ द ईयर' चुना था, लेकिन अब यह दुनिया भर के डॉक्टरों और मनोवैज्ञानिकों के लिए चिंताजनक शब्द बन गया है।

लंदन मेट्रोपॉलिटन यूनिवर्सिटी की साइकोलॉजिस्ट डॉ. वेंडी रॉस कहती हैं, 'जब हम बिना दिमाग चलाए सिर्फ देखते, सुनते या सोचते रहते हैं, तो दिमाग पर बोझ बढ़ता है। टीवी, कंप्यूटर, लैपटॉप, मोबाइल फोन के इस दौर में इंसान को असीमित, लगातार नई जानकारी मिलती रहती है। आसानी से उपलब्ध सूचनाओं के कारण दिमाग सोचना-चिंतन करना बंद कर देता है, लेकिन अतिरिक्त, गैरजरूरी डेटा के बोझ से वह थक जाता है। रील्स, शॉर्ट्स और एआई इस नुकसान को और बढ़ा देते हैं।' डॉ. रॉस कहती हैं कि ऐसा है तो आपको सचेत हो जाना चाहिए और दिमाग को सक्रिय करने के लिए कुछ अलग तरीकों को आजमाना चाहिए।

### आसपास की आवाजों में से किसी एक पर ध्यान टिकाएं



दिमाग को तेज रखने के लिए बड़े बदलाव नहीं, बल्कि रोजमर्रा की छोटी-छोटी आदतों में सुधार सबसे ज्यादा काम आता है। डॉ. वेंडी रॉस कहती हैं कि सिर्फ 10 मिनट रुककर आसपास की आवाजों (जैसे घड़ी की टिक-टिक या पक्षियों की कलरव) में से किसी एक आवाज पर ध्यान टिकाएं। इसे 'अटेंशन मसल' विकसित करना कहते हैं। इसके बाद अपने तनावों के कारणों को कागज पर लिखकर नाम दें। इससे दिमाग तुरंत तर्कसंगत सोचने लगता है। क्रिप्टिक क्रॉसवर्ड, माइंडफुल वॉक, डिजिटल डिटॉक्स और बार-बार काम बदलने की आदत छोड़ना भी ध्यान और याद्दाश्त को बेहतर कर सकता है।

**दिमागी कमजोरी को पलट सकते हैं:** 'फोकस ऑन-ऑफ' के लेखक ऑस्कर डी बॉस के अनुसार, जब हम काम के बीच में ध्यान हटाते हैं तो दिमाग का एक हिस्सा पिछली गतिविधि में ही अटका रहता है। इसे प्रबंधन मनोविज्ञान में 'ध्यान का भटकाव' कहते हैं। इससे बचने के लिए जरूरी है कि जो काम कर रहे हैं, उसे पूरा करें। फिर दूसरा काम शुरू करें।

ऑस्ट्रेलिया की न्यूरोसाइंटिस्ट डॉ. लीला लैंडोव्स्की बताती हैं कि दिमाग की क्षमता, एकाग्रता बढ़ाने के लिए हफ्ते में 3 बार कठिन कसरत जरूरी है। इसके लिए 10 सेकंड पूरी ताकत से कठिन मेहनत और फिर 20 सेकंड आराम करना होता है। इसे 8 बार दोहराएं। इससे दिमाग की नसों को ताकत मिलती है।

---

इलाके में छिपे हैं लगभग 300 मैतेई उग्रवादी

# म्यांमार सीमा में मणिपुर के उग्रवादी ठिकानों पर सुरक्षाबलों का हमला

सत्यनारायण मिश्र | मोरेह

भारत-म्यांमार सीमा पर भारतीय सुरक्षाबलों ने म्यांमार के तमू क्षेत्र के पास उग्रवादी ठिकानों पर भारी गोलाबारी की। 31 मई की रात से 1 जून तक टेंग्नोउपाल जिले से लगे मिन थार गांव (सीमा से 1 मील अंदर) में हमला किया गया। इस गांव में 300 मैतेई उग्रवादी, नगा और कुकी समूहों के लड़ाके तैनात थे, जो मणिपुर में जातीय संघर्ष को उकसाते हैं। यह कार्रवाई म्यांमार राष्ट्रपति मिन आंग ह्लाइंग की दिल्ली यात्रा के बाद हुई, जो भारत की 'सुरक्षा पहले' नीति का उदाहरण है।

मणिपुर में मई 2023 से मैतेई-कुकी-जो संघर्ष चल रहा है। ड्रोन हमले, आईईडी ब्लास्ट और घात लगाकर हमले बढ़े हैं। म्यांमार से लगी भारत की 1,640 किमी सीमा जंगलों से घिरी है, जहां अपूर्ण फेंसिंग चुनौती है। सरकार अब स्मार्ट टॉवर, तेज फेंसिंग और बेहतर इंटेलिजेंस पर जोर दे रही है।

### उगाही-उग्रवादी नेटवर्क से जुड़े 6 को गिरफ्तार किया

मणिपुर पुलिस ने खुफिया सूचना के आधार पर राज्यभर में चलाए गए ऑपरेशनों में उगाही और उग्रवादी संगठनों से जुड़े 6 लोगों को पकड़ा है। इसके अलावा 1.42 किलो संदिग्ध ब्राउन शुगर के साथ 2 लोगों को गिरफ्तार किया गया है। जबकि अवैध शराब बेचने के आरोप में 4 लोगों को हिरासत में लिया गया है।

## न्यूज ब्रीफ


### इमली के बीजों से पानी साफ कर जीता 'द अर्थ प्राइज 2026'



**नई दिल्ली** | भारतीय छात्र विवान छावछरिया, एरियाना अग्रवाल और अव्याना मेहता ने पानी से माइक्रोप्लास्टिक हटाने का सस्ता खोजकर 'द अर्थ प्राइज 2026' जीता है। इन्होंने इमली के बीजों के पाउडर से 'प्लास-स्टिक ' नामक बायोडिग्रेडेबल मटेरियल बनाया है। यह दूषित पानी में मौजूद बेहद छोटे प्लास्टिक कणों को भी पकड़ लेता है।

### भारतीय छात्र ने एक साथ छह डिग्रियों के साथ किया ग्रेजुएशन

**अमेरिका** | अमेरिका की यूसी बर्कले यूनिवर्सिटी से भारतीय छात्र अरहान अग्रवाल ने विज्ञान और तकनीक से जुड़े छह अलग-अलग विषयों में एक साथ ग्रेजुएशन किया है। उन्होंने कंप्यूटर विज्ञान, डेटा विज्ञान, सांख्यिकी, व्यावहारिक गणित, संज्ञानात्मक विज्ञान और पर्यावरण अर्थशास्त्र एवं नीति जैसे कठिन क्षेत्रों को चुना।




### अमेरिकाः 3,596 क्लासिक कारों की परेड ने बनाया विश्व रिकॉर्ड



**न्यूयॉर्क**|अमेरिका के ओक्लाहोमा में रूट 66 पर निकली परेड ने गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड बनाया है। इस परेड में 3,596 क्लासिक कारें शामिल हुईं। यह अब तक की सबसे बड़ी क्लासिक कार परेड है। इसमें पिछले रिकॉर्ड से 1,105 कारें ज्यादा रहीं। यह आयोजन रूट 66 की 100वीं सालगिरह के मौके पर किया गया था।

**एयरबीएनबी की रिपोर्ट** • 18 से 29 साल के 2,012 युवा शामिल

# एक लंबी छुट्टी के बजाय तीन छोटी यात्राएं पसंद कर रहे 70% जेन जी

### 66% युवा यात्रा से कुछ दिन या एक-दो हफ्ते पहले ही बुकिंग करते हैं

**भास्कर न्यूज** | नई दिल्ली

भारत में जेन जी की वजह से घूमने-फिरने का तरीका तेजी से बदल रहा है। एयरबीएनबी की रिपोर्ट 'द न्यू रूल्स ऑफ जेन जी ट्रेवल इन इंडिया' के मुताबिक 10 में से 7 युवा एक सालाना लंबी छुट्टी की जगह साल में तीन छोटी यात्राएं करना पसंद करते हैं। 87% युवाओं की पसंद एक हफ्ते से कम की ट्रिप है। गर्मियों में जेन जी की सर्च सालाना आधार पर 30% से ज्यादा बढ़ी है। इसमें 2 से 6 रात की घरेलू यात्राओं में सबसे तेज उछाल दिखा, जो करीब 80% तक रहा। रिपोर्ट के मुताबिक करीब 66% युवा यात्रा से कुछ दिन या एक-दो हफ्ते पहले ही बुकिंग करते हैं। यह रिपोर्ट एयरबीएनबी के 'स्टे योर वे' कैंपेन पर आधारित है। सर्वे यूगोव ने अप्रैल 2026 में किया। इसमें दिल्ली एनसीआर, मुंबई, बेंगलुरु, हैदराबाद, चेन्नई, पुणे, अहमदाबाद, कोच्चि, जयपुर, चंडीगढ़ और गोवा के 18 से 29 साल के 2,012 युवाओं को शामिल किया गया।

#### ट्रैवल स्टाइल ही पहचान, भीड़ वाली जगहों से दूरी



युवाओं के लिए ट्रेवल का तरीका पर्सनैलिटी दिखाता है। 87% मानते हैं कि वे जैसे घूमते हैं, वह उनके व्यक्तित्व को दर्शाता है। 92% के लिए डेस्टिनेशन या स्टे का उनकी पसंद से मैच करना जरूरी है। 95% चाहते हैं कि ट्रिप तय ढर्रे से हटकर अनोखी हो। 90% युवा वायरल या बहुत ज्यादा रिकमेंड जगहों के बजाय कम-ज्ञात जगहों पर जाना पसंद करते हैं। 80% के लिए मशहूर स्पॉट से ज्यादा ट्रिप के छोटे-छोटे पल अहम हैं।

#### डेस्टिनेशन से ज्यादा 'स्टे' महत्वपूर्ण हो गया है

रिपोर्ट का बड़ा संकेत यह है कि अब ठहरने की जगह खुद एक डेस्टिनेशन बन रही है। 63% युवाओं ने किसी शहर को सिर्फ इसलिए चुना क्योंकि वहां उन्हें अच्छा स्टे मिला। 82% ट्रिप प्लान करते समय सबसे ज्यादा अहमियत रहने की जगह को देते हैं। 78% युवा अपने सफर का आधा समय उसी स्टे पर बिताते हैं। युवाओं को होटल के बजाय खुली छत, सुकून वाली सुबह और साथ मिलकर खाना बनाने जैसे अनुभव ज्यादा पसंद हैं।

#### होटल से अलग कमरों की जगह साझा घर पसंद

जेन जी के लिए ट्रिप में जगह से ज्यादा साथ जाने वाले लोग मायने रखते हैं। तीन-चौथाई युवाओं के लिए प्लानिंग में पहले साथी, फिर जगह और आखिर में अनुभव आता है। ग्रुप ट्रैवल में आधे से ज्यादा युवा अलग-अलग कमरों के बजाय एक साझा घर (होमस्टे) चुनते हैं, ताकि किचन और लिविंग रूम जैसी जगहों पर साथ समय बिता सकें। इसी वजह से एयरबीएनबी पर भारतीय जेन जी की ग्रुप बुकिंग सालाना आधार पर करीब 55% बढ़ी है।

**टाइमटेबल कम, आराम ज्यादा** | युवा अब भागदौड़ वाली ट्रिप के बजाय स्लो और आरामदायक ट्रैवल पसंद कर रहे हैं। 64% युवा अपने टूर प्लान का कुछ हिस्सा जानबूझकर खाली रखते हैं ताकि बिना तैयारी के घूम सकें।

**झंडों से सजा आकाश**

### तिब्बतः सागा दावा पर्व पर कैलाश में उमड़े श्रद्धालु



**भास्कर न्यूज** | ल्हासा

यह तस्वीर तिब्बत के कैलाश पर्वत की है, जहां सागा दावा पर्व बड़े श्रद्धा भाव से मनाया गया। यह बौद्ध धर्म का सबसे पवित्र पर्व माना जाता है, जिसमें भगवान बुद्ध के जन्म, ज्ञान प्राप्ति और महा-परिनिर्वाण को याद किया जाता है। दरअसल, पूर्णिमा के मौके पर तर्बोचे (डार्चेन) इलाके में बड़ी संख्या में श्रद्धालु की भीड़ जुटी और 'कैलाश कोरा' की परिक्रमा की। इस दौरान प्रार्थना झंडियों के बीच पूरा माहौल आध्यात्मिक और भक्तिमय हो गया। श्रद्धालुओं ने शांति, करुणा और समस्त जीवों के कल्याण की कामना की।

### यादगार... जिस हेलीकॉप्टर से उड़ान सीखी, उसी के सामने किया प्रपोज




**भास्कर न्यूज** | नासिक

यह नजारा महाराष्ट्र के नासिक के पास स्थित कॉम्बैट आर्मी एविएशन ट्रेनिंग स्कूल का है। मंगलवार को यहां पासिंग-आउट परेड हुई। पायलट ट्रेनिंग पूरी होने और जीवन के सबसे बड़े पेशेवर सपने को पूरा करने के तुरंत बाद कैप्टन भरत भारद्वाज ने एक घुटने के बल बैठकर अपनी गर्लफ्रेंड आरुषि को 'विल यू मैरी मी' कहा। आरुषि के हामी भरते ही उन्होंने अंगूठी पहना दी। भरत ने इस यादगार पल के लिए उसी हेलीकॉप्टर को चुना, जिससे उन्होंने ट्रेनिंग ली थी। भरत के मुताबिक, वे आरुषि को पांच साल से जानते हैं और इस दिन को यादगार बनाना चाहते थे।

### केरलः 2 मंजिला कब्रिस्तान, जगह की कमी से निकाला हल

**भास्कर न्यूज** | त्रिशूर

जगह की कमी से निपटने के लिए केरल के त्रिशूर में सेंट अल्फोंसा चर्च ने एक अनोखा और आधुनिक समाधान निकाला है। यहां कब्रिस्तान के बजाय एक एकड़ जमीन पर दो मंजिला इमारतनुमा कब्रिस्तान बनाया गया है, जिसमें कुल 388 कब्र (दफन कक्ष) हैं। यह पूरा ढांचा ऊपर से ढका हुआ है, जिससे किसी भी मौसम में लोग दोनों मंजिलों से अंतिम संस्कार की रस्मों में आसानी से शामिल हो सकते हैं। वैसे तो केरल में जमीन की कमी के कारण



सेल-आधारित (कब्र वाले) कब्रिस्तान पहले से हैं, लेकिन ऐसा दो मंजिला कवर्ड स्ट्रक्चर राज्य में पहली बार बना है।

### ब्रिटेनः कम तापमान पर हाइड्रोजन बनाने की सस्ती तकनीक बनाई

**लंदन** | बर्मिंघम यूनिवर्सिटी के वैज्ञानिकों ने 'पेरोव्स्काइट कैटलिस्ट' (केमिकल) की मदद से कम तापमान पर हाइड्रोजन बनाने की नई तकनीक खोजी है। इसमें पानी को अलग करने के लिए जरूरी तापमान घटकर 150-500C हो गया है, जिससे यह फैक्ट्रियों से निकलने वाली बेकार गर्मी से भी काम कर सकता है। फिलहाल दुनिया की 95% हाइड्रोजन जीवाश्म ईंधन से बनती है।

इलाहाबाद हाईकोर्ट के जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र की अवमानना याचिका पर टिप्पणी

### रोज 800 नए केस, जजों से 'सुपर रोबोट' जैसी उम्मीदः कोर्ट

**प्रयागराज** | इलाहाबाद हाईकोर्ट ने कहा है कि कई बार एक जज के सामने एक दिन में 800 तक केस लिस्ट होते हैं, फिर भी लोग जजों से 'सुपर रोबोट' या 'सुपर कंप्यूटर' की तरह लगातार काम करने की उम्मीद करते हैं। जस्टिस क्षितिज शैलेंद्र ने कहा कि भारी बोझ वाले संवैधानिक कोर्ट में मामलों के निपटारे में समय लगता है, लेकिन इस दौरान कोई भी पक्ष कोर्ट के आदेशों की खुली अवहेलना नहीं कर सकता। कोर्ट ने कहा कि कानून ऐसी 'ढिठाई' की इजाजत नहीं देता, वरना न्याय व्यवस्था में अराजकता फैल जाएगी। कोर्ट ने ये टिप्पणी एक अवमानना याचिका पर सुनवाई के दौरान की।

### 'अनुकंपा नियुक्ति में शादीशुदा बेटी को हकदार'

**नई दिल्ली** | सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि अनुकंपा नियुक्ति या अनुकंपा लाभ के मामलों में शादीशुदा बेटी को परिवार की परिभाषा से बाहर नहीं रखा जा सकता। कोर्ट ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उन पुराने फैसलों को पूरी तरह रद्द कर दिया, जिनमें कहा गया था कि अनुकंपा के लिए 'परिवार' में शादीशुदा बेटी शामिल नहीं होती है। जस्टिस पीएस नरसिम्हा और जस्टिस आलोक अराधे की बेंच ने स्पष्ट किया कि केवल शादीशुदा होना, किसी योग्य बेटी को वेलफेयर स्कीम के लाभ से वंचित करने का सही आधार नहीं हो सकता।




प्रकाशक भारत भूषण एवं मुद्रक पृथ्वीश दास द्वारा मालिक मेसर्स डीबी कॉर्प लिमिटेड के लिए, 105, INS बिल्डिंग,रफी मार्ग,नई दिल्ली से प्रकाशित एवं 82.5 KM, माइलस्टोन, एनएच 8, खिजुरी, रेवाड़ी (हरियाणा) से मुद्रित|संपादकः अरुण चौहान, RNI No. DELHIN/2007/22001, 0755-4730000, bhaskar@dbcorp.in

# JOIN OUR PAID SERVICE – 2026

Daily PDF Access | Editorial Bonus | Almost All Editions

## ENGLISH NEWSPAPERS

The Hindu, Indian Express, Hindustan Times, Business Line, Business standard, The Live Mint, Times of India, Telegraph, New Indian Express, Asian Age, Statesman, Tribune, Pioneer, Financial Express, The Economic Times, Mid-Day, Deccan Chronicle, Employment News, Free Press Journal, Hans India, Deccan Herald, Lokmat Times, Mirror, Telangana Today

## HINDI NEWSPAPERS

दैनिक जागरण, अमर उजाला, दैनिक भास्कर, हिंदुस्तान, बिज़नेस स्टैण्डर्ड, राजस्थान पत्रिका, हरी भूमि, लोकसत्ता , पायनियर , दैनिक ट्रिब्यून , द हिन्दू, राष्ट्रीय सहारा , नवभारत टाइम्स, पंजाब केसरी, जनसत्ता, देशबंधू, प्रभात खबर, दैनिक नवज्योति, आईनेक्स्ट लाइव, लोकमत, नव भारत, नई दुनिया

### 🎁 Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

### 🎁 Bonus Included :

- The Hindu Analysis
- Editorial Complation
- The Hundu in Hindi

## ✍ Full Package : All in One Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = ~~199~~ ₹99
(★ Popular) 6 Month = ~~599~~ ₹349
(👑 Best Value) 1 Year = ~~999~~ ₹549

*Special Offer*

You will Get

- 20+ Hindi Newspapers
- 22+ English Newspapers
- THE Hindu, BL,IE,TOI,ET, etc..
- Dainik Jagran, NBT, DB, Etc..
- Editorial Complation (En & Hi)
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

## ✍ The Hindu, BL, IE, NIE Plan

The Hindu Plan

(Starter) 1 Month = ~~149~~ ₹69
(★ Popular) 6 Month = ~~499~~ ₹269
(👑 Best Value) 1 Year = ~~799~~ ₹399

*Special Offer*

You will Get

- The Hindu (TH)
- Business Line (BL)
- Indian Express (IE)
- New Indian Express (NIE)
- Editorial Complation
- The Hindu Analysis

You Get All Editions of These Premium Newspapers

Order Now



LIMITED TIME OFFER

Telegram Access Available

→ CLICK HERE & JOIN NOW